

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 ऑस्ट्रेलिया ने कोहली को शतक बनाने का मौका दिया: बॉर्डर

नहीं थम रहीं शेख हसीना की मुश्किलें; आईसीसी में मुकदमा चलाना चाहता....... 12



वर्ष : 15 | अंक : 225 | नई दिल्ली, शनिवार, 30 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# केंद्र सरकार ने 23 राज्यों में 40 पर्यटन परियोजनाओं को दी मंजूरी

● कम प्रस्थिलों को प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित करना परियोजना का उद्देश्य

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 23 राज्यों में 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिस पर करीब 3,295 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कम प्रसिद्ध स्थलों को प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित करना तथा देशभर में पर्यटकों के अधिक संतुलित वितरण को बढ़ावा देना है। अधिकारियों ने बताया कि व्यय विभाग के निदेशों के अनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के उद्देश्य से पूंजी निवेश को लेकर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकारों को एसएएससीआई के दिशा-निर्देश भेजे हैं और उनसे अनुरोध किया है कि वे परियोजना प्रस्ताव तैयार कर मंत्रालय को प्रस्तुत करें, जो उत्कृष्ट हों और इनसे प्रभावशाली गंतव्यों का



निर्माण किया जा सके। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2024 तक 8,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत के कुल 87 परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पर्यटन मंत्रालय ने दिशा-निर्देशों और प्रक्रिया या मानदंडों के अनुरूप 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की लागत से 40 परियोजनाओं को सूचीबद्ध किया, जिन्हें अब व्यय विभाग द्वारा मंजूरी दे दी गई है। कुछ चयनित स्थलों में रंग घर, शिवसागर (असम), मत्स्यगंधा झील, सहरसा (बिहार), प्रस्तावित टाउन स्क्वायर, पोरवोरिम (गोवा) और ओरछा (मध्यप्रदेश) शामिल हैं। राज्यों को परियोजनाएं पूरी करने के लिए दो साल का समय दिया गया है, जबकि धनराशि मार्च 2026 से पहले जारी कर दी जाएगी।

**बक्सर के रामरेखा घाट का होगा विकास**

बक्सर जिलान्तर्गत रामरेखा घाट का श्रद्धालुओं के दृष्टिकोण से विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। इस हेतु पर्यटन विभाग द्वारा 13 करोड़ 24 लाख 26 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत रामरेखा घाट पर सुविधाओं के पुनर्विकास हेतु रामरेखा घाट का आधुनिक रूप में इतिहास बताने के लिए एक्सपेरिएंस सेंटर, म्यूरल आर्ट्स, रेस्टोरेंट एवं सड़क आदि का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि रामरेखा घाट, बक्सर का इतिहास रामायण काल से है। यही वह पवित्र भूमि है जहां मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने अपने भाईयों के साथ गुरु विश्वामित्र से शिक्षा ग्रहण की थी। इस योजना की कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम होगी, जिनके द्वारा इस योजना को औपचारिक प्रक्रियाओं के उपरांत आगामी 18 माह में पूर्ण किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बिरसा मुंडा के वशंज मंगल मुंडा का निधन पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने जताया शोक

नई दिल्ली। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का शुक्रवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में रात करीब साढ़े 12 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। मंगल मुंडा के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे। बिरसा मुंडा के अनुयायी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, रिम्स में इलाजरत भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन की खबर से अत्यंत दुखी हूं। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मंगल मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने रिम्स गए थे। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

### अष्टलक्ष्मी महोत्सव का मोदी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। राजधानी के भारत मंडपम में 06 दिसम्बर से पूर्वोत्तर राज्यों के तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अष्टलक्ष्मी महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम के हॉल नंबर 14 में 06 से 08 दिसम्बर तक आठ राज्यों - असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम के अलग अलग थीम पर पवेलियन बनाये जाएंगे। मुगा सिल्क और एरी सिल्क के दो पंडाल अलग से लगाए जाएंगे। हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के लिए एक जीआई पवेलियन भी होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को दिए संभल में शांति और सद्भाव बनाए रखने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हाल ही में हुए विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी तरह के उत्पात और हिंसा के खिलाफ है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार को शांति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। साथ ही, कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि विवाद से उत्पन्न तनाव को जल्द सुलझाया जाए और इलाके में सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जाए। संभल मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश जारी करते हुए कहा कि सर्वे रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की जाए और इसे सील बंद लिफाफे मां रखा जाए। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को यह भी अवसर दिया कि वह निचली अदालत के आदेश को उच्च अदालत में चुनौती दे सकते हैं। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसमें अदालत ने शांति बनाए रखने के प्रति अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व है कि वह शांति बनाए रखे और मस्जिद कमेटी को भी उच्च न्यायालय में जाने का मौका दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम पक्ष के पास हाई कोर्ट में याचिका दायर करने की पूरी स्वतंत्रता है। अगर वह तीन दिन के भीतर याचिका दायर करते हैं, तो मामला उच्च न्यायालय में लिस्टेड किया जाएगा। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जब तक इलाहाबाद हाई कोर्ट का निर्देश नहीं आता, तब तक ट्रायल कोर्ट की प्रक्रिया को रोक दिया जाए। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो रिपोर्ट है, वह सील लिफाफे में दाखिल की जाए और इस पर कोई रोक नहीं है। इस आदेश के बाद, अब ट्रायल कोर्ट की प्रक्रिया पर अस्थायी रोक रहेगी, जब तक इलाहाबाद हाई कोर्ट अपने निर्देश नहीं देता। मुस्लिम पक्ष ने 19 नवंबर 2024 के आदेश को समाप्त करने की मांग की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को अभी स्वीकार नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सभी प्रक्रियाएं हाई कोर्ट के माध्यम से ही चलेंगी और मुस्लिम पक्ष को उच्च न्यायालय में अपील करने का मौका मिलेगा। बता दें, संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर का दावा पेश करने के बाद मस्जिद में कराए जा रहे दूसरे चरण के सर्वे के दौरान हिंसा भड़की थी। पुलिस का कहना है कि इस दौरान मस्जिद के पास अराजक तत्वों ने सर्वे टीम पर पथराव कर दिया। देखते ही देखते माहौल बिगड़ता चला गया। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और अराजक तत्वों को चेतावनी भी दी। हिंसा के दौरान 4 लोगों की मौत भी हुई। इस मामले में गुरुवार को तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिसमें अभी तक 31 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस ने गुरुवार को जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया, उनकी पहचान आमिर पठान, मोहम्मद अली और फैजान अब्बासी के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस ने बुधवार देर रात शांति भंग करने के मामले में फरहत नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर 100 से ज्यादा आरोपियों को चिह्नित किया है, जिनमें से अब तक 31 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### संभल में शाही जामा मस्जिद के आसपास पुलिस बल की तैनाती, सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में होगी पेश

संभल। संभल में शाही जामा मस्जिद के आसपास भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात की गई है। हालात सामान्य है और सड़कों पर लोग चहलकदमी करते नजर आ रही है। स्कूल खुले हुए हैं लेकिन इंटरनेट सेवा बंद है। जामा मस्जिद के आसपास और गेट के बाहर देर रात अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। संभल थाने के आसपास हर चौराहे पर पुलिस कर्मी दिख रहे हैं। जुम्मे की आज नमाज है और कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। ऐसे में पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस ने मोबाइल सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर 100 से ज्यादा आरोपियों को चिह्नित किया है, जिनमें से अब तक 31 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस द्वारा हर आने-जाने वाले लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर पुलिस फौरन कार्रवाई कर रही है। शासन की तरफ से स्पष्ट निर्देश है कि अगर कहीं भी किसी भी प्रकार की संदिग्ध स्थिति देखने को मिले, तो फौरन कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। समिति के गठन का आदेश उत्तर प्रदेश के गृह विभाग द्वारा गुरुवार को जारी किया गया था। राज्य के गृह विभाग के आदेश के अनुसार हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यी समिति को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। समिति के दो अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन हैं। समिति को दो महीने के भीतर रिपोर्ट देनी होगी। 24 नवंबर की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। पुलिस का कहना है कि इस दौरान मस्जिद के पास अराजक तत्वों ने सर्वे टीम पर पथराव कर दिया। देखते ही देखते माहौल बिगड़ता चला गया। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और अराजक तत्वों को चेतावनी भी दी। हिंसा के दौरान कई लोगों की मौत भी हुई।

# लोकसभा में सप्ताह के आखिरी दिन भी नहीं चला प्रश्नकाल और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने आज फिर हंगामा और शोरशराबा किया जिसके कारण सदन में प्रश्नकाल बाधित रहा और अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्ष के सदस्य अपनी मांगों को लेकर खड़े हो गए और सदन में चर्चा की मांग करने लगे। अध्यक्ष ने सदस्यों की बात अनसुनी कर प्रश्न काल जारी रखा तो विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा तेज हो होने लगा। प्रश्नकाल में सबसे पहला मुद्दा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का आया जिसमें मंत्री, सदस्य का सवाल और शोर शराबे के कारण सुन नहीं पाए और उन्होंने दोबारा प्रश्न करने का आग्रह किया। हंगामे के बीच सदस्य ने दोबारा सवाल किया जिसका स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेप नड्डा ने लंबा जवाब दिया लेकिन शोर शराबे में कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था। हंगामा नहीं थमा तो श्री बिरला ने सदस्यों से कहा देश की जनता चाहती है कि उनके सवाल यहां पर उठे। यह सदन उनकी आशा और आकांक्षा का मंदिर है और उसमें सबको सहयोग करना चाहिए। आज महत्वपूर्ण विषय है। प्रश्नकाल आपका समय है इसलिए आपसे आग्रह है कि प्रश्नकाल चलने दें। देश की जनता माननीय सांसदों के बारे में और अपने मुद्दों को लेकर चिंता कर रही है। सदन सबका है इसलिए सदन चलने दीजिए। आपके जो मुद्दे हैं उन सब पर बोलने का आप सबको मौका दिया जाएगा। राज्यसभा में शुक्रवार को अडानी समूह में कथित अनियमितता, दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति, उत्तर प्रदेश के संभल और मणिपुर में हिंसा तथा बंगलादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ जिसके कारण सदन के कार्यवाही सोमवार तक स्थागित कर दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए डॉक्टर भीम सिंह और संजय झा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखवाएं। सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत 17 नोटिस मिले हैं। इस बीच विपक्षी सदस्यों की टीका टिप्पणियां आरंभ हो गई। श्री धनखड़ ने बताया कि कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रंजीत रंजन, दिग्विजय सिंह, विवेक के. तन्खा, रजनी अशोक राव पाटिल और अखिलेश प्रसाद सिंह ने अदाणी समूह में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर नोटिस दिया है। समाजवादी पार्टी के रामजीलाल सुमन और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी के जॉन ब्रिटास ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा तथा द्रविड़ मुनेत्र कषगम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संतोष कुमार पी ने मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने दिल्ली के कानून व्यवस्था पर चर्चा करने का नोटिस दिया है। आम आदमी पार्टी के ही राघव चड्ढा बंगलादेश में हिंदू समुदाय पर अत्याचार तथा हिंदू धार्मिक संस्था इस्कॉन के पुजारी की गिरफ्तारी पर चर्चा करने की मांग की है। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और हंगामे के बीच सभापति ने कहा कि ये नोटिस बार-बार दिए जा रहे हैं और निर्धारित प्रावधानों और परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है, इसलिए इन्हें खारिज किया जाता है। उन्होंने कहा कि सदस्य आम जनमानस की अवहेलना और अवज्ञा कर रहे हैं। सदस्यों के हंगामे से सदन का समय और अवसर बर्बाद हो रहा है। सभापति ने सदस्यों से शांत होने की बार-बार अपील की लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने 11:13 पर सदन की कार्यवाही सोमवार 11:00 बजे तक स्थगित करने की घोषणा कर दी। संसद के शीतकालीन सत्र में पहले सप्ताह में किसी भी दिन शून्य काल और प्रश्न काल नहीं हो सका।

# चुनावी हार से हताश होने की बजाए नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उत्साह भरे नतीजों को हासिल करने के बाद विधानसभाओं के चुनावों में पार्टी को धक्का लगा है, लेकिन इससे हताश होने की बजाय कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कठोर निर्णय लेने की जरूरत है। श्री खरगे ने शुक्रवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारिक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को पराजय से हताश होने की जरूरत नहीं है बल्कि नए संकल्प के साथ जमीनी स्तर से काम करते हुए समय के अनुसार बदलाव लाने की जरूरत है। पार्टी ने पहले भी चुनौतियों पर विजय पाई है, इसलिए मौजूदा चुनौतियों से पार पाते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी ने नए जोश-खरोश के साथ वापसी की थी, लेकिन उसके बाद हुए तीन राज्यों के चुनावी नतीजे हमारी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे। इंडिया समूह ने चार में से दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन प्रदर्शन उम्मीदों के अनुकूल नहीं रहा। ये चुनाव परिणाम भविष्य के लिहाज से हमारे लिए चुनौती है। हमें चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। ये नतीजे हमारे लिए संदेश है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आपसी एकता पर जोर दिया और कहा ह्लसबसे अहम बात यह है कि आपसी एकता की कमी और एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी का सिलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण से नहीं मिल रही राहत, एक्यूआई बहुत खराब

नई दिल्ली। दिल्ली में वायु प्रदूषण से स्थिति लगातार खराब हो रही है, शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। सुबह 7 बजे राजधानी का औसत एक्यूआई 332 दर्ज किया गया, जबकि कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 के गंभीर स्तर को भी पार कर गया। दिल्ली -एनसीआर के अन्य शहरों में भी वायु गुणवत्ता बिगड़ गई है। आंकड़ों के अनुसार, ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 272, गाजियाबाद में 258, नोएडा में 249, गुरुग्राम में 258 और फरीदाबाद में 166 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 0-50 एक्यूआई अच्छा, 51-100 संतोषजनक, 101-200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब, 401-450 गंभीर और 450 से ऊपर गंभीर प्लस माना जाता है। इस बीच, दिल्ली ने गुरुवार को इस मौसम की सबसे ठंडी रात का सामना किया, जब न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर से निपटने के लिए, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी ग्रैप-4 उपाय, जो स्कूलों से संबंधित नहीं हैं वह अगले सुनवाई तक प्रभावी रहेंगे।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षा बलों ने दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री की बरामद



पुंछ, एजेंसी

पुंछ। सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तलाशी अभियान के दौरान दो आईईडी और विस्फोटक सामग्री समेत संदिग्ध सामान बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार मेंढर तहसील के छाजला पुल के नीचे एक संदिग्ध वस्तु देखे जाने की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र को तुरंत घेर लिया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को दो आईईडी, एक किलोग्राम से अधिक वजन का आरडीएक्स जैसा विस्फोटक पदार्थ, एक बैटरी, दो कंबल और कुछ खाने-पीने की चीजें मिली है। पूरे इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं पुंछ मेंढर मार्ग को बंद कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने इस बरामदगी को एक बड़ी सफलता करार देते हुए कहा कि यह आतंकियों द्वारा संभावित हमले की योजना का हिस्सा हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में जुड़े लोगों की पहचान करने और उनके इरादों का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही हैं। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के डोडा और उधमपुर जिलों में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की कथित साजिश रच रहे दो आतंकवादियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कथित तौर पर सीमा पार आतंकी आकाओं के संपर्क में था। उसके कब्जे से दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ हुई, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए। वहीं कुछ सुरक्षा बलों के जवान भी शहीद हुए। जम्मू में अत्यधिक प्रशिक्षित आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ग्रेनेड और गोलियों के साथ-साथ एम4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल कर रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में कश्मीर घाटी को जम्मू से विभाजित करने वाले पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद में बढ़ोतरी को देखा गया है। कश्मीर में लगातार आतंकवाद विरोधी अभियानों ने आतंकवादियों को पहाड़ों और उन क्षेत्रों में धकेल दिया है, जो आतंकवाद से मुक्त थे और जहां वे छिपते हैं।

**ऋण मेल** | दरभंगा में आयोजित एक ऋण मेले में बोलीं, केन्द्रीय वित्त मंत्री........

# देश की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी महिलाएं : सीतारमण

दरभंगा, एजेंसी



दरभंगा/पटना। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाएं भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी। उन्होंने कहा कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण उत्तर बिहार के दरभंगा में आयोजित एक ऋण मेले में बोल रही थीं। उनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगी चिराग पासवान और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, पहले मोदी जी मुझसे कहते थे कि आम बजट महिला-केंद्रित होना चाहिए। अब उनका कहना है कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसमें महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में रखा जाए। बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आईं वित्त मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र मखाना और मधुबनी पेंटिंग के लिए जाना जाता है, और दोनों में महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। सीतारमण ने कहा, हमने ड्रोन दीदी जैसी परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला उद्यमियों को नकद सहायता दी जा रही है। उन्हें कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यहां देवी सीता की जन्मस्थली पर खड़े होकर मैं गर्व से कहती हूं कि महिलाओं के प्रयासों से हमारी अर्थव्यवस्था लगभग डेढ़ साल में पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। इस समारोह में उन्होंने संविधान की मैथिली अनुवाद की प्रतियां भी भेंट कीं। इसके लिए राज्य की एनडीए सरकार ने केंद्र को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उन्हें मखाने की माला भी भेंट की गई। इससे पहले, उन्होंने पटना में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें केंद्रीय वित्त सचिव एम नागराजू सहित अन्य लोग शामिल हुए। वित्त मंत्री शनिवार को मधुबनी जिले में कुछ कार्यक्रमों में भाग लेंगी। इससे पहले वित्त मंत्री सीतारमण पटना में पूर्वी क्षेत्र के आठ ग्रामीण बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन का आकलन किया। आरआरबी बैठक में शामिल बैंकों में बिहार, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि शामिल रहे, जो केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बैठक में शामिल हुए।

बैठक को लेकर बिहार के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पटना में केंद्रीय वित्त सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सहभागिता की और बिहार आगमन पर उनका अभिनंदन किया। बैठक में भारत के पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा की गई। सीतारमण ने ग्रामीण बैंकों में खराब ऋणों की सीमा और एनपीए को कम करने की रणनीतियों का मूल्यांकन किया। वह ऋण वितरण प्रक्रिया और ग्रामीण विकास पर इसके प्रभाव की भी जांच की। वह ग्रामीण बैंकों की डिजिटल क्षमताओं को बढ़ाने, ग्राहकों के लिए पहुंच और दक्षता में सुधार के उपायों पर चर्चा की।

# राजभवन-सीएम आवास समेत कई सरकारी भवनों पर करोड़ों का कर

## बार-बार नोटिस के बाद भी नहीं कराया जमा



**देहरादून, एजेंसी।** राजभवन-सीएम आवास समेत कई सरकारी भवनों पर करोड़ों का कर है। बार-बार नोटिस देने के बाद भी कर जमा नहीं कराया जा सका।

गढ़ी कैंट छावनी बोर्ड को कई सरकारी भवनों से बकाया भवन कर नहीं मिल रहा है, इनमें राजभवन से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक शामिल हैं। बोर्ड ने कई बार संबंधित विभागों से पत्राचार भी किया पर कुछ नहीं हुआ। ऐसे में स्टाफ और पेंशनर्स को वेतन-भत्ते तक देने में दिक्कत हो रही है।

बजट के अभाव में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दो साल से चुनाव भी नहीं हुए।गढ़ी गैंट छावनी क्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास, राजभवन, बीजापुर गेस्ट हाउस, एफआरआई, व्हाइट हाउस सहित कई प्रमुख सरकारी भवन हैं। इन सभी पर कर के रूप में छावनी परिषद का लाखों रुपये सालाना बनता है। इनमें से कुछ भवनों ने कुछ समय पूर्व अपना कर अदा कर दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री आवास का कर 2009 से अदा नहीं हुआ।

अब मुख्यमंत्री आवास पर 85 लाख से ज्यादा का कर बकाया है। राजभवन पर करीब 23 लाख रुपये का कर था, जिसमें से 13 लाख रुपये जमा किए जा चुके हैं पर करीब 10 लाख रुपये अभी भी बकाया हैं। बीजापुर गेस्ट हाउस पर 20 लाख से ज्यादा बकाया है। बताया जाता है कि बीजापुर गेस्ट हाउस जब से बना तब से एक बार ही पांच लाख रुपये जमा कराए गए।

सबसे बुरी हालत एफआरआई की है। एफआरआई पर करीब कई करोड़ रुपये बकाया थे, जब कैंट बोर्ड ने बार-बार पत्राचार किया तो बताया गया कि एफआरआई को तीन हिस्सों में विभाजित किया गया है। आधा हिस्सा एफआरआई का है, जबकि बाकि आधे में सेंटर एकेडमी स्टेट फॉरेस्ट और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी का क्षेत्र है। जिसके बाद 2.63 करोड़ की वसूली के लिए एफआरआई और दो करोड़ के लिए बाकि दोनों संस्थानों को बिल भेजा है।

प्रेमनगर में संयुक्त चिकित्सालय है। यह स्वास्थ्य विभाग के अधीन है। इस अस्पताल पर गढ़ी कैंट छावनी बोर्ड के करीब 58 लाख रुपये बकाया हैं। कई बार छावनी परिषद की ओर से सीएमओ देहरादून को इस संबंध में पत्र लिखा गया, लेकिन आज तक बकाया कर जमा नहीं किया गया। गढ़ी कैंट क्षेत्र में सिंचाई विभाग की पानी की चक्की है। इस पर भी करीब दो लाख रुपये का कर बकाया है।

# एम्स में सिजेरियन प्रसव के लिए पैसे मांगने का आरोप



**ऋषिकेश, एजेंसी।** एम्स के आपातकालीन विभाग में सिजेरियन प्रसव के लिए 30 से 35 हजार रुपये मांगे जाने का मामला सामने आया है। साथ ही नवजात को नवजात गहन देखभाल इकाई (एनआईसीयू) में रखने के लिए प्रतिदिन पांच हजार रुपये देने की अलग से मांग की गई। वहीं एम्स प्रशासन का कहना है कि विभागीय स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है।

बीते बुधवार को चमोली जनपद के एक गांव से गर्भवती को प्रसव के लिए उसके परिजन एम्स लाए थे। महिला के पति ने बताया कि यहां आपातकालीन विभाग में तैनात एक महिला कर्मी (मैं नहीं जानता कि वह डाक्टर थी या अन्य स्टाफ) ने कहा कि बच्चे ने पेट में पॉटी कर दी है। तुरंत ऑपरेशन करना पड़ेगा। ऑपरेशन के लिए करीब 30 से 35 हजार रुपये देने पड़ेगे।

महिला ने यह भी कहा कि बच्चे को एनआईसीयू में रखना पड़ेगा। इसका प्रतिदिन पांच हजार रुपये का खर्चा आएगा। महिला के पति ने आर्थिक रूप से कमजोर होने की बात कह कर धनराशि देने में असमर्थता जताई। महिला के पति ने बताया कि बाद में एम्स आकस्मिक विभाग ने बेड न होने के बात कह कर अन्यत्र जाने को कहा। हालांकि बाद में चिकित्सकों ने एम्स में ही ऑपरेशन किया। महिला के पति ने बताया कि अब तक बाहर से दवाइयों व अन्य सामान पर उनका 15 हजार रुपये से अधिक का खर्च हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसयूआई ने एमडीडीए कार्यालय को घेरा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** एनएसयूआई ने आशुतोष नगर स्थित एमडीडीए शाखा कार्यालय का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने एमडीडीए अधिकारियों पर पक्षपात पूर्ण कार्यशैली का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। साथ ही शहर के अवैध निर्माणों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर शहरी विकास मंत्री के आवास का घेराव करने की चेतावनी दी है। बुधवार को एमडीडीए कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई महानगर अध्यक्ष हिमांशु जाटव ने कहा कि एमडीडीए अवैध निर्माणों पर ईमानदारी से कार्रवाई करने का दावा करता है। लेकिन बीते काफी समय से विभागीय अधिकारी दोहरा मानक अपनाते हुए कार्रवाई कर रहे हैं। कहा कि एमडीडीए अधिकारियों ने कुछ दिन पूर्व भरत विहार में एक पांच मंजिला भवन सील किया, जबकि उसके बराबर में छह मंजिला भवन अभी भी लगातार बिना मानचित्र के बेरोकटोक बन रहा है। हरिद्वार मार्ग पर नगर निगम कार्यालय के सामने 100 गज से कम भूमि पर पांच मंजिला भवन बिना मानचित्र के बन रहा है। कई बार लिखित शिकायत पर भी एमडीडीए की ओर से इन अवैध निर्माणों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने अवैध निर्माण कार्यों पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर शहरी विकास मंत्री के आवास का घेराव करने की चेतावनी दी है।

### कांग्रेस ने दी दिवंगत त्रिवेंद्र पंवार को श्रद्धांजलि

**ऋषिकेश, एजेंसी।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने उक्रांद नेता व वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी त्रिवेंद्र सिंह पंवार सहित दो अन्य व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना में असमय मृत्यु पर रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही ईश्वर से पुण्य आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। दिवंगत त्रिवेंद्र पंवार का संघर्ष राज्य के लिए सर्वविदित है। उनके राज्यहित के कार्यों को सदैव याद किया जाएगा। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह व जयेंद्र रमोला ने कहा कि त्रिवेंद्र पंवार ने राज्य निर्माण के लिए अपने संघर्षों की बदौलत आंदोलन को एक नई दिशा दी थी। इस मौके पर मदन मोहन शर्मा, शैलेंद्र बिष्ट, प्रदीप जैन, अरविंद जैन, महंत विनय सारस्वत, ललित मोहन मिश्र, अंशुल त्यागी आदि मौजूद रहे।

### अब बनबसा के फागपुर में भी दिखाई दिए हिमालयन गिद्ध

**बनबसा, एजेंसी।** आंबेडकर ग्राम फागपुर में पिछले एक पखवाड़े से हिमालयन गिद्ध दिखाई दे रहे हैं। सुबह करीब चार से छह बजे के बीच गिद्ध सूखे पेड़ों में बैठे रहते हैं। गिद्धों की तेज आवाज से ग्रामीणों की सुबह जल्दी आंख खुल रही है। एक पखवाड़े से फागपुर स्कूल के पास सूखे पेड़ों में करीब सात जोड़े हिमालयन गिद्ध पहुंच जाते हैं। लंबे समय बाद गिद्ध देख ग्रामीण अचंभित हैं। कई ग्रामीण गिद्धों के चीखने को खराब बता रहे हैं। उनका कहना है कि कहीं कोई मृत जानवर देख गिद्ध यहां पहुंचे होंगे। फागपुर के सेवानिवृत्त बीडीओ कैलाश राम विश्वकर्मा ने बताया कि वर्षों बाद गिद्धों का दिखाई देना अच्छा संकेत है। उनका कहना है कि गिद्धों से पर्यावरण संतुलन बना रहने के अलावा मृत जानवरों से होने वाली गंदगी भी दूर होती है।

### बदमाशों ने की गैस एजेंसी कर्मचारियों को लूटने की कोशिश

**रूड़की, एजेंसी।** लोडर वाहन में सिलिंडर भरकर चिड़ियापुर से मखियाली खुर्द जा रहे गैस एजेंसी कर्मचारी और उसके दोस्त को दो बाइक सवार बदमाशों ने हथियार दिखाकर टेंपो रुकवाकर लूट की कोशिश की। उन्होंने बदमाशों को टेंपो से टक्कर मार दी और भाग निकले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। खानपुर थाना क्षेत्र के रुहालकी गांव निवासी विनित कुमार भारत गैस एजेंसी में सिलिंडर वितरण का कार्य करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 23 नवंबर को अपने साथी सत्यम के साथ लोडर में सिलिंडर लेकर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से काले रंग की एक मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने उनके टेंपो पर तमंचे से चोट मारी व रुकने को कहा और लूट की कोशिश की। उन्होंने टेंपो से बाइक को टक्कर मार दी और तेजी से भाग निकले। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग, प्रदर्शन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** संयुक्त किसान मोर्चा ने नया गन्ना मूल्य 500 प्रति क्विंटल देने समेत अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा और किसान सभा से जुड़े किसानों ने जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। किसानों की तमाम मांगों के त्वरित निदान के लिए उपजिलाधिकारी अपर्णा ढौडियाल के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक ताजेंद्र सिंह ने कहा कि गन्ने की फसल की लागत हर साल बढ़ रही है। सरकार द्वारा बढ़ाया जाने वाला मूल्य ऊंट के मुंह में जीरा होता है। किसान सभा के जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि कृषि बीजों और उपकरणों आदि पर सरकार सब्सिडी कम करती जा रही है।

# रेडियोलॉजिस्ट की कमी से नहीं हो रहे अल्ट्रासाउंड



**काशीपुर, एजेंसी।** रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में गर्भवतियों और सामान्य मरीजों के अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। गरीब महिलाएं प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटरों में महंगा अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मजबूर हैं। एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय के रेडियोलॉजिस्ट डॉ. खेमपाल सिंह 31 अक्तूबर को सीएमएस के पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं। एक महीना होने वाला है लेकिन अभी तक चिकित्सक की तैनाती नहीं हो सकी है। इससे गर्भवतियों और सामान्य अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं। सक्षम व्यक्ति निजी अस्पताल एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों पर महंगी जांच करा रहे हैं। अस्पताल के कुछ कर्मचारी निजी अस्पताल व सेंटरों पर मरीजों को भेजकर मुनाफा कमा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी होने के बाद भी चिकित्सक की व्यवस्था नहीं की जा रही है। गर्भवतियों ने बताया कि अस्पताल रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती करनी चाहिए। इससे गरीब मरीजों को लाभ मिल सके। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. खेमपाल को संविदा पर तैनाती के लिए साक्षात्कार देने के लिए कहा था। चौथे मंगलवार को मुख्यालय में साक्षात्कार होते हैं। इस संबंध में जानकारी ली जाएगी। इनके अलावा रेडियोलॉजिस्ट के आने की संभावना नहीं है।

# बरसाती नाले को खुर्द बुर्द करने का आरोप

ऋषिकेश, एजेंसी। थानो के रामनगर डांडा पंचायत में ग्रामीणों ने पंचायत की जमीन पर दशकों पुराने बरसाती नाले को पाटकर उस पर अतिक्रमण करने का गांव के ही दूसरे लोगों पर आरोप लगाया है। पूर्व उपप्रधान कालूराम ने कहा कि रामनगर डांडा में सरकारी अस्पताल से कुछ दूरी पर दशकों पुराने बरसाती नाले को जेसीबी से पाटकर उसे खुर्द बुर्द किया जा रहा है। नाले को पाटकर गांव के ही कुछ लोग अपनी जमीन को बढ़ा रहे हैं। नाले को पाटकर उससे जमीन का रास्ता गांव के मुख्य मार्ग पर मिलाने की भी कोशिश की जा रही है।

अर्जुन ने कहा कि बरसाती नाले के पास ही आम और दूसरी प्रजाति के पेड़ खड़े हैं। पेड़ों को भी काटा जा रहा है। उन्होंने इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से की है। मौके पर मंगल, शंकर, गोविंद, शुभम, मनोरमा देवी, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

# रतूड़ी अपने आप में एक जीवंत समाज थे - बंशीधर

**रूड़की, एजेंसी।** विरासतीय शोभा यात्रा समिति व गढ़भूमि लोक संरक्षण समिति की ओर से शिक्षाविद स्व. विद्यादत्त रतूड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनके सामाजिक कार्यों का स्मरण किया।

बृहस्पतिवार को ढालवाला स्थित शिव मंदिर में समिति पदाधिकारियों की ओर से शिक्षाविद स्व. रतूड़ी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बंशीधर पोखरियाल ने कहा कि स्व. रतूड़ी अपने आप में एक जीवंत समाज थे। देवड़ौली विरासत यात्रा के क्षेत्र में उनके कार्य हमेशा याद किए जाएंगे। स्व. रतूड़ी ने आज से 50 वर्ष पूर्व बाल विवाह, बलि प्रथा जैसी कुरीतियों का अंत करने का संकल्प लिया था। उनके साथ कार्य कर चुके भगवान सिंह रांगढ़ ने कहा कि स्व. रतूड़ी ने सामाजिक कार्यों के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने निर्धन बच्चों को भी निशुल्क शिक्षा दी। आचार्य रमेश चंद पैन्यूली ने कहा कि स्व. रतूड़ी को उनके श्रेष्ठ कार्यों के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। गजेंद्र कंडियाल ने कहा कि 2026 में उत्तराखंड की देवडोलियों का कुंभ स्थान कराने के लिए उनके नेतृत्व में बीते 20 नवंबर को शांतिकुंज हरिद्वार से संकल्प यात्रा निकाली गई थी।

# मार्च 2025 तक आर-पार हो जाएगी सिलक्यारा सुरंग, बीते वर्ष भूस्खलन के चलते दो माह तक बंद रहा था काम



**देहरादून, एजेंसी।** बीते वर्ष भूस्खलन के चलते दो माह तक सिलक्यारा सुरंग का काम बंद रहा था। अब निर्माण कार्य गति पकड़ रहा है।

मार्च 2025 तक सिलक्यारा सुरंग आरपार हो जाएगी। पोलगांव बड़कोट छोर से सुरंग की खोदाई का काम लगभग 180 मीटर शेष है। हालांकि, सिलक्यारा छोर से गत वर्ष भूस्खलन में गिरा मलबा अब तक नहीं हट पाया है। एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि पोलगांव बड़कोट छोर से अवशेष खोदाई का काम अगले तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

बता दें कि चारधाम सड़क परियोजना में यमुनोत्री हाईवे के समीप लगभग 853.79 करोड़ रुपये लागत से निर्माणाधीन 4.5 किमी लंबी सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग का निर्माण इस साल मार्च तक पूरा होना था, लेकिन बीते साल 12 नवंबर को सुरंग के सिलक्यारा मुहाने के पास भूस्खलन होने से इसका निर्माण दो माह तक बंद रहा। भूस्खलन में 41 श्रमिक सुरंग के अंदर फंस गए थे, जिन्हें सकुशल बाहर निकालने में ही 17 दिन का समय लग गया था।

हादसे के बाद करीब दो माह तक सुरंग का निर्माण कार्य ठप रहा। इस साल 23 जनवरी को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कार्यदायी संस्था राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) को फिर से सुरंग निर्माण शुरू करने की अनुमति दी। सुरंग में जमा पानी की निकासी का काम शुरू करते हुए फरवरी में बड़कोट छोर से खोदाई का काम शुरू कराया गया। जब भूस्खलन हुआ था, तब सुरंग की खोदाई का काम 480 मीटर शेष था।

उस समय से अब तक दस माह में करीब 300 मीटर तक खोदाई का काम पूरा कर लिया गया है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा और सुरंग आरपार हो जाएगी। इसके बाद सुरंग की फिनिशिंग सहित अन्य काम ही शेष बचेंगे।

गत वर्ष सिलक्यारा में हादसे की वजह बने भूस्खलन के मलबे को हटाने के लिए भी ड्रिफ्ट टनल (निकासी सुरंग) का काम भी जोरों पर है। तीन में से एक ड्रिफ्ट टनल आरपार हो चुकी है। दूसरी का निर्माण मात्र 5 से 6 मीटर शेष रह गया है। दूसरी ड्रिफ्ट टनल भी एक या दो दिन में आरपार हो जाएगी। इसके बाद तीसरी और आखिरी ड्रिफ्ट टनल बनाई जाएगी, जिससे मलबा हटाने की राह आसान हो जाएगी।

# जन्म से चार पैर वाले मासूम की सर्जरी कर बचाया जीवन

**ऋषिकेश, एजेंसी।** जन्म से एक बच्चे के चार पैर थे और शरीर भी विकृत था। जिसे एम्स के चिकित्सकों की टीम ने सर्जरी के माध्यम से एक सुविकसित और सुडौल स्वरूप दिया है। असामान्य शरीर वाला यह बच्चा अब सामान्य बच्चों की तरह ही जीवन जी सकेगा।

बीते छह मार्च को एक माता-पिता अपने नौ माह के बच्चे को लेकर एम्स की पीडियाट्रिक सर्जरी की ओपीडी में पंहुचे। मासूम के असामान्य स्वरूप को देखकर हर कोई चौंक गया। अविकसित और विकृत स्वरूप के कारण इस बच्चे के मां-पिता परेशान थे। साथ ही बच्चा भी शारीरिक तौर से बहुत कष्ट में था।

पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की हेड प्रो. सत्या श्री ने बताया कि बच्चे के दो पैर सामान्य थे, जबकि दो अन्य पैर असामान्य स्थिति में थे। इसके अलावा उसकी रीढ़ की हड्डी के ऊपरी पृष्ठ में सूजन भी बनी थी। बच्चे का जन्म उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में हुआ है। माता-पिता की यह चौथी संतान है। टीम ने शरीर को सुविकसित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर मेडिकल तैयारी की और अन्य संबंधित विभागों के चिकित्सकों से भी सलाह कर योजना को अंतिम रूप दिया।

# गैंगस्टर एक्ट के चार दोषियों को तीन साल का कठोर कारावास



**रुद्रपुर, एजेंसी।** विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने खटीमा में गैंगस्टर एक्ट के चार दोषियों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर दस-दस हजार का जुर्माना लगाया है। इस मुकदमे के मुख्य अभियुक्त ललित ज्याला की जून 2021 में मृत्यु होने पर उसके खिलाफ प्रस्तुत मामले की कार्रवाई उपशमित की गई थी।

दरअसल, खटीमा के एसएचओ बीएल विश्वकर्मा ने 30 अगस्त 2016 को गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया था। उनका कहना था कि खटीमा का रहने वाला ललित ज्याला एक प्रापर्टी डीलर है। वह लोगों की जमीन हड़पता है। वह गैंग बनाकर अपने साथियों ईश्वरी सिंह, पप्पू सिंह राणा, सुरेन्द्र सिंह राणा, हरेन्द्र चौहान के साथ गिरोह बनाकर आपराधिक कृत्य करता है।

30 जुलाई 2016 को ललित ने सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अपने आर्थिक लाभ के लिए प्रापर्टी डीलर सूरज चन्द्र निवासी भूड़ महोलिया की हत्या कर अभियुक्त सुरेश के घर के आंगन में बने गड्ढे में डाल दिया था। अभियुक्त ललित ज्याला एक गैंग चला रहा है। इनके खिलाफ तीन आपराधिक केस दर्ज हैं। पुलिस ने ललित ज्याला, ईश्वरी सिंह निवासी ग्राम छिनकी खटीमा, पप्पू सिंह राणा निवासी ग्राम बिगराबाग खटीमा, सुरेश सिंह राणा निवासी ग्राम खेतलसंडा मुस्ताजर और हरेंद्र चौहान निवासी ओंकारेश्वर मंदिर के पास खटीमा के खिलाफ धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया था।

मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मीना देऊपा की अदालत में हुई थी। ललित की मृत्यु के बाद चार अभियुक्तों पर मुकदमा चला था। इसमें गवाह और साक्ष्यों के आधार पर चारों अभियुक्तों पर दोष सिद्ध हो गया। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने चारों दोषियों को तीन साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषियों को एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** सिडकुल थाना क्षेत्र में कंपनी में काम करने वाली एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। हल्दौरा थाना क्षेत्र जिला बिजनौर निवासी एक महिला ने शिकायत देकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ सिडकुल क्षेत्र में किराये के मकान में रहती है। उसकी 19 वर्षीय पुत्री एक कंपनी में काम करती है। बीते 12 नवंबर की सुबह कंपनी में ड्यूटी के लिए गई थी, लेकिन लौटकर नहीं आई। कंपनी में पता करने के साथ ही सभी जगहों पर तलाश की, मगर कुछ पता नहीं चल सका। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

कनखल थाना क्षेत्र में शराब की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 96 देसी शराब के पव्वे बरामद हुए हैं। आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया। एसओ मनोज नौटियाल ने बताया कि बुधवार की देर रात चेकिंग के दौरान बैरागी कैम्प और मातृ सदन पुल जगजीतपु के पास से आरोपी टीनू राघव निवासी गांव असगरपुर छतारी थाना छतारी जिला बुलंदशहर यूपी हाल पता तिलकरोड गली नंबर ऋषिकेश और आरोपी प्रथम निवासी बाल्मीकि बस्ती रामलीला ग्राउंड थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया है। थाना क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 10.2 ग्राम स्मैक बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि घिस्सूपुरा से पथरी जाने वाले मार्ग से एक युवक स्मैक लेकर आ रहा है। इस पर दबिश देते हुए आरोपी मुस्लिम निवासी बहादरपुर खादर कोतवाली लक्सर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 10.2 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# दिल्ली में सांसों पर संकट, बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

राजधानी दिल्ली में आज यानी शुक्रवार को एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। एक्यूआईसीएन के अनुसार, आज सुबह करीब सात बजे दिल्ली के मुंडका में सबसे ज्यादा 637 अदकदर्ज किया गया। इसके अलावा और कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में ही रहा।

बता दें कि दिल्ली की हवा जहरीली होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लोगों को गले में खराश और सांस में लेने दिक्कत जैसी समस्याएं हो रही हैं।

वहीं, कोहरे की बात करें तो आज सुबह भी घना कोहरा नहीं देखा गया। वैसे मौसम विभाग ने 28 और 29 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया था। आज सुबह कोहरा कम होने से हाईवे पर वाहनों को भी कम परेशानी हुई।

आइए आपको बताते हैं कि आज दिल्ली-एनसीआर में कहां कितना एक्यूआई दर्ज किया गया है।




आज सुबह 7 बजे कहां कितना रहा अदक

| स्थान | अदक |
|---|---|
| मुंडका दिल्ली | 637 |
| आनंद विहार | 393 |
| रोहिणी दिल्ली | 360 |
| कळकशारदा दिल्ली | 309 |
| श्रीनिवासपुरी दिल्ली | 283 |
| सोनिया विहार दिल्ली | 287 |
| पंजाबी बाग दिल्ली | 299 |
| इंदिरापुरम गाजियाबाद | 209 |
| नोएडा सेक्टर-116 | 257 |
| लोनी गाजियाबाद | 214 |

प्रतिबंध से संकट में टूरिज्म वाहन चालक वायु प्रदूषण के चलते लगे प्रतिबंध से बीएस-4 वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई है। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में टूर, टैक्सी मालिकों व चालकों ने वायु गुणवत्ता में सुधार के साथ ही उनके आजीविका पर संकट के मद्देनजर प्रतिबंध से राहत देने की मांग की। ये सभी जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन में जुटे थे। किस्तों पर गाड़ियां लेकर अपनी आजीविका चला रहे लोग एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने कहा कि इसमें वाहन मालिकों और चालकों की गलती कहां है। जैसे सरकार ने वाहनों के स्टैंडर्ड निकाले, परमीट दी। उनके अनुसार, किस्तों पर गाड़ियां लेकर लोग अपनी आजीविका चला रहे हैं। अब प्रतिबंध से गाड़ी की किस्त, चालक का वेतन, रखरखाव और पार्किंग का शुल्क उनकी जेब से जा रहा है। इसी तरह रोड टैक्स व परमिट के साथ ही अन्य प्रकार की अनुमति का खर्च अलग से है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कमल चिब ने कहा कि टैक्सी व बस वाले बेरोजगार हो रहे हैं। वाहन मालिक सनी तोमर ने बताया कि उन्होंने कुछ वर्ष पहले ही बीएस-4 डीजल की गाड़ियां खरीदी हैं। उन गाड़ियों की किस्तें जाती हैं और बीमा, रोड टैक्स समेत अन्य खर्चे यथावत है। लेकिन उनके चलने पर प्रतिबंध है। हम सभी कर्ज में डूब जाएंगे कहा कि अगर ये गाड़ियां नहीं चलेंगी तो हम सभी कर्ज में डूब जाएंगे। अगर सरकार नहीं चलाना चाहती है तो उनका खर्च वहन करें और बाकि चीजों में राहत दें।

# कानून व्यवस्था पर विधानसभा में हंगामा, नेता प्रतिपक्ष मार्शल आउट हुए

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली की कानून व्यवस्था पर विधानसभा में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए, वहीं विपक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार इसपर राजनीति कर रही है। हंगामे के दौरान नेता प्रतिपक्ष को मार्शल आउट कर दिया गया। सदन को चार दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

सदन में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज कानून व्यवस्था पर इसलिए चर्चा हो रही है क्योंकि विधायक इसपर बहुत चिंतित हैं। दस साल पहले दिल्ली के लोगों ने हमें जिम्मेदारी दी थी कि स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी और सड़कें ठीक करें। हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी करते हुए बहुत काम किया है। केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा शासित केंद्र सरकार को अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी थी। मगर, पिछले दस सालों में धीरे-धीरे कानून



व्यवस्था बदतर होती जा रही है। बीते कुछ सालों में हालात और खराब हो गए हैं। खुलेआम हत्याएं हो रही है। रंगदारी मांगी जा रही है। दिल्ली में 11 गैंग सक्रिय दिल्ली में बीते कुछ महीनों में हत्याएं, फिरौती की घटनाओं का जिक्र करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि इन सबमें में सिर्फ एक आदमी लॉरेंस बिश्नोई का नाम आ रहा है। वह गुजरात के साबरमती जेल में है तो फिर कैसे वहां से यह काम कर रहा है। केंद्र सरकार को यह बताना चाहिए कैसे वह जेल में रहकर अपने गैंग को चला रहा है। आज दिल्ली में 11 गैंग हैं जो कि हत्या, फिरौती, रंगदारी का काम कर रहे हैं। व्यापारी खौफ में है। केजरीवाल ने एनसीआरबी के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले एक साल में अपहरण की घटना 40 फीसदी बढ़ गई है और फिरौती की घटना 55 फीसदी बढ़ी है। दिल्ली में बिश्नोई, गोगी, महाल, ताजपुरिया, भाऊ और नंदू जैसे 11 से अधिक गैंग चल रहे हैं। इस साल तक दिल्ली में 160 फिरौती की कॉल आ चुकी है जो कि रिपोर्ट हुई है। यह बीते साल से दोगुनी है।

**लूटपाट हर गली में हो रही**

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सदन में कहा कि दिल्ली में अपराध का मुद्दा सिर्फ राजनीतिक बहस का मुद्दा नहीं है। लोगों की आम जिंदगी से जुड़ा मुद्दा है। हर उस व्यक्ति का मुद्दा है जो सड़कों पर जा रहा है। दिल्ली में स्ट्रीट क्राइम झपटमारी, लूटपाट तो हर गली में हो रही है। गलियों में ड्रग्स बिक रहा है। दिल्ली ही नहीं सारा देश देख रहा है। जिसपर सुरक्षा की जिम्मेदारी है वे लोग केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने में व्यस्त हैं। आप नेताओं को जेल भेजने की साजिश में लगे हुए हैं।

**नेता प्रतिपक्ष मार्शल आउट किए गए**

दिल्ली की कानून व्यवस्था पर नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता भी बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने पूरी चर्चा को राजनीति से प्रेरित होने का आरोप लगाया है। सदन में वह सरकार पर आरोप लगा रहे थे, जिसपर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें मुद्दा नहीं भटकाने की हिदायत दी, लेकिन विजेंद्र गुप्ता बोलते रहे। इसके बाद उन्हें मार्शल से कहकर बाहर निकलवा दिया गया। सदन में उनके वक्तव्य को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कार्यवाही से निकालने का आदेश दे दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन माह में 130 से अधिक बेसहारा पशुओं को पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने बीते तीन माह के दौरान 130 से अधिक बेसहारा पशुओं को पकड़ा है। साथ ही अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। निगम प्रशासन के पशु चिकित्सा विभाग ने सभी जोन में सितंबर से लेकर नवंबर के दौरान यह एक्शन लिया है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में कई जगहों से लोगों ने सड़कों, चौराहों पर घूम रहे पशुओं की शिकायतें की थी। इन पशुओं के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो गई हैं। इसी को देखते हुए नगर निगम ने इनके खिलाफ अभियान चलाया।

### सज्जन कुमार के खिलाफ लगे आरोप पर 16 दिसंबर को फैसला

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार प्पर 1984 के दंगों में हत्या के आरोप मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट 16 दिसंबर को अपना फैसला सुनाएगी। यह मामला सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की कथित हत्या से जुड़ा है। अदालत ने सिख विरोधी हिंसा के दौरान एक नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन ने शुरू में मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच अपने हाथ में ले ली थी। 16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे, जिसमें उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घातक हथियारों से लैस एक बड़ी भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी और सिखों की संपत्तियों को नष्ट किया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि भीड़ ने शिकायतकर्ता जसवंत की पत्नी के घर पर हमला किया और उसके पति और बेटे की हत्या कर दी।

### बेसमेंट मालिकों की अंतरिम जमानत बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी सर्किल मामले में आरोपी चार बेसमेंट मालिकों की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सरबजीत सिंह, परविंदर सिंह, तेजिंदर सिंह और हरविंदर सिंह की अंतरिम जमानत अवधि 21 जनवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने रेड क्रॉस के पास आरोपियों द्वारा 2.5 करोड़ रुपये जमा कराने की शर्त पर भी रोक लगा दी है। मामले में 21 जनवरी को अलगी सुनवाई होगी।

# आप दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी वोट बनवा रही है : विजेंद्र गुप्ता

- **आप दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी वोट बनवा रही है और उन्हें शरण दे रही है।**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी वोट बना रही है। उन्होंने कहा कि आप सरकार दिल्ली में सुरक्षा की बात करती है लेकिन खुद ही अपराध को बढ़ावा देती है।

विजेंद्र गुप्ता ने यहां एक बयान में कहा कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को आम आदमी पार्टी (आप) का पूरा समर्थन है, जिसके कारण कई स्थानों पर अराजकता और अतिक्रमण होता है। रोहिंग्याओं की पहचान करने और उनके निर्वासन की मांग के लिए सदन में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा



शीश महल पर चर्चा करना चाहती हैं। ये पूछना चाहती है कि कैसे दिल्ली सरकार सिर्फ एक महीने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये मांग रही है। इसका मतलब है कि सरकार पूरी तरह से दिवालिया हो गई है। भाजपा विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट चाहती हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस से जल्द सुनवाई की अपील की थी, क्योंकि यह आखिरी सत्र है और अब रिपोर्ट जारी करना जरूरी है। आप दिल्ली में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी वोट बनवा रही है और उन्हें शरण दे रही है। दिल्ली में अपराध का बड़ा कारण रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। आप महिला सुरक्षा की बात करती है लेकिन अपराधी को आश्रय देने वाले मुख्यमंत्री के इशारे पर सांसद स्वाति मालीवाल की पिटाई की गई। निर्भया के लिए बजट इतना ज्यादा रखा और महिला सुरक्षा पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण ज्यादा होने से आपातकाल लग गया है, फिर भी आम आदमी पार्टी इस पर बात नहीं करेगी। हम ये सारे मुद्दे उठाएंगे। हमारी मांग है कि दिल्ली में सभी रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बाहर निकालने के लिए एनआरसी लागू किया जाए।

## नियम 267 को व्यवधान का हथियार बनाया जा रहा है: धनखड़

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि नियम 267 को बाधा का हथियार बनाया जा रहा है। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में नियम 267 के अंतर्गत मिले नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के हंगामे पर कहा कि ये मुद्दे सप्ताह के दौरान बार-बार उठाए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप पहले ही तीन कार्य दिवस में कोई कामकाज नहीं हो सका। उन्होंने कहा, ये वे दिन थे जो हमें सार्वजनिक हित के लिए समर्पित करने चाहिए थे। हमें शपथ का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस दौरान समय और अवसर का नुकसान हुआ। विशेष रूप से प्रश्नकाल का नहीं होना आम जनता को बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि नियम 267 को व्यवधान और सामान्य कामकाज से विचलित करने के एक उपकरण के रूप में हथियार बनाया जा रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है। सभापति ने गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए कहा, हम एक बहुत ही बुरा उदाहरण पेश कर रहे हैं।

## दिल्ली में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन, मोदी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। राजधानी के भारत मंडपम में 06 दिसम्बर से पूर्वोत्तर राज्यों के तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अष्टलक्ष्मी महोत्सव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम के हॉल नंबर 14 में 06 से 08 दिसम्बर तक आठ राज्यों - असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम के अलग अलग थीम पर पवेलियन बनाये जाएंगे। मुगा सिल्क और एरी सिल्क के दो पंडाल अलग से लगाए जाएंगे। हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के लिए एक जीआई पवेलियन भी होगा। श्री सिंधिया ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों के संगीत की शाम भी होगी, जिसमें शिलांग के बैंड एवं कई संगीत समूह शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर एक डाक टिकट जारी किया जाएगा। पूर्वी एशिया के विभिन्न देशों के राजनयिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। हर राज्य के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर क्षेत्र को विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित करने की इच्छा रखते हैं। यह आसियान देशों के लिए भारत का द्वार है। आन वाले समय में इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने की कोशिश की जाएगी।

# एलजी ने सीएजी रिपोर्ट पटल पर रखने के लिए सीएम को पत्र लिखा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को एक पत्र लिखते हुए नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश न करने को लेकर गंभीर आपत्ति जताई है। उपराज्यपाल ने पत्र में कहा है कि सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखना एक संवैधानिक आवश्यकता है, जिसे दिल्ली सरकार लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सार्वजनिक खर्च और अपने प्रदर्शन को लेकर पारदर्शिता से बच रही है। उन्होंने लिखा है कि सीएजी केवल वित्तीय अनुशासन की जांच नहीं करता, बल्कि सार्वजनिक खर्च के परिणामों की प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन करता है। दिल्ली सरकार द्वारा इस रिपोर्ट को विधानसभा में पेश न करना संवैधानिक प्रक्रिया की अनदेखी है। उपराज्यपाल ने लिखा है कि उन्होंने इस मुद्दे को फरवरी 2024 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने और अगस्त 2024 में विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष भी उठाया था। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपराज्यपाल ने लिखा है कि यह विडंबना है कि एक सरकार, जिसने पारदर्शिता और जवाबदेही के वादों पर जनादेश हासिल किया था, अब विधानसभा के समक्ष अपने प्रदर्शन और खर्च का हिसाब देने से बच रही है। उपराज्यपाल ने आतिशी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक योग्य और जनप्रिय नेता बताया और विश्वास जताया कि वे इस मुद्दे पर उचित कदम उठाएंगी।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस(ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक 28.11.2024

**शुद्धिपत्र**

विषयः– 138 अदद् 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 28.11.2024 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3

विषय निविदा के हिंदी अखबार में प्रकाशित शुद्धिपत्र संख्या 1 में **निविदा बंद होने की नियत तिथि को** 10.11.2025 की जगह **10.01.2025 पढ़ा जाए।**

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

3690/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बुराड़ी में पदयात्रा कर केजरीवाल ने कहा, महिलाओं को मिलेगा हजार रुपए महीना, जल्द शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को बुराड़ी विधानसभा में पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। पदयात्रा में अरविंद केजरीवाल को सुनने के लिए भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा और ह्यफिर लाएंगे केजरीवालह्व के जमकर नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की माताओं-बहनों को बहुत जल्द हजार-हजार रुपए मिलने चालू हो जाएंगें। इसके लिए जल्द ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लेकिन योजना का लाभ पाने के लिए हर महिला का अपना वोटर आईडी कार्ड होना चाहिए। बिना वोटर आईडी कार्ड के रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाएंगे। अगर किसी के पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो वह जल्द बनवा लें। इस दौरान स्थानीय विधायक संजीव झा समेत अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं एक बहुत छोटा और मामूली सा आदमी था। आज से 10-12 साल पहले कोई नहीं जानता था कि इस देश में कौन केजरीवाल है? पता नहीं आपने मुझमें क्या देखा कि मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे दी। शायद आपने मेरी सच्चाई और ईमानदारी



देखी। जब से आप लोगों ने मुझे दिल्ली की कमान सौंपी है, मैंने दिन-रात 24 घंटे मेहनत करके दिल्ली की जनता की सेवा करने की कोशिश की है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज बीजेपी की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक भी राज्य में जीरो बिजली का बिल नहीं आता, और ऊपर से बिजली बहुत महंगी है। आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। हमारी सरकार से पहले कई-कई घंटे पावर कट लगते थे। घरों में इनवर्टर और जनरेटर लगे होते थे। बीजेपी की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक भी राज्य ऐसा नहीं है जहां 24 घंटे बिजली आती हो। मैंने दिल्ली में आपकी बिजली 24 घंटे कर दी। बहुत मेहनत करनी पड़ी। हम लोगों ने दस साल में जितनी मेहनत करके दिल्ली को सुधारा है, यह मेहनत खराब नहीं होनी चाहिए। जब हमने सरकार संभाली थी, सरकारी स्कूलों का बहुत बुरा हाल था। अब दिल्ली के सरकारी स्कूल शानदार हो गए हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में अपने रिश्तेदारों से फोन करके पूछ लेना, कितने-कितने घंटे बिजली जाती है और कितने रुपए का बिल आता है। स्कूलों की क्या हालत है? वोट देने के पहले इनके बारे में सोच लेना। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक समेत कई सारे काम किए हैं। मैं यह नहीं कहता कि सारे काम हो गए हैं, अभी बहुत सारे काम करना बाकी है। बहुत सारी गलियां बनवा दीं, जो बच गई हैं वो भी गलियां बनानी हैं। हमारे आने से पहले कच्ची कालोनियों में गलियां बनती ही नहीं थीं। हर तरफ कीचड़ ही कीचड़ होता था। सारी गलियां कच्ची पड़ी थीं। हमने आने के बाद सारी गलियां बनवाई हैं। जो बच गई हैं, वो भी बनानी हैं। जहां-जहां सीवर का काम नहीं हुआ है, मुझे पता है। वहां सीवर का काम भी कराना है। जहां गंदगी है, उसे भी साफ करवाना है। इन्होंने मुझे जेल भेज दिया और पीछे से पूरी दिल्ली में गंदगी मचा दी। अब मैं आया हूं और पूरी दिल्ली में सफाई करवा रहा हूं। हम सफाई भी करवाएंगे, सीवर का काम भी कराएंगे, पानी का काम भी कराएंगे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने एक बस मार्शल को स्टेज पर बुलाया। उन्होंने कहा कि यह हमारे बस मार्शल भाई हैं। इनके साथ बहुत अन्याय हुआ है। आज मैं ही अपने बस मार्शल भाई-बहनों के लिए लड़ रहा हूं और कोई नहीं लड़ेगा। मैं गुजरात गया था, वहां इन्होंने पुलिसवाले भी कच्चे भर्ती कर रखे हैं। दिल्ली में तो पुलिसवालों की नौकरी पक्की है, गुजरात में तो पुलिसवाले भी कच्चे हैं। भाजपा वाले किसी को पक्का नहीं करते। आप लोगों के लिए केजरीवाल ही लड़ेगा। आप बिल्कुल चिंता मत करना, मैं आपके साथ हूं। मैं लड़कर अपने बस मार्शल भाई-बहनों को दोबारा नौकरी दिलवाऊंगा। इन्होंने आप लोगों को निकाला है, लेकिन आप मुझ पर भरोसा रखना। अरविंद केजरीवाल ने अंत में कहा कि दिल्ली की सभी माताओं-बहनों के लिए भी मैं काम कर रहा हूं। बहुत जल्दी सबके अकाउंट में हर महीने हजार-हजार रुपए आने चालू हो जाएंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे,** के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, **दिल्ली मंडल के आनंद विहार रेलवे स्टेशन** के प्लेटफ़ॉर्म–1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1. | 06.12.24 को प्रातः 11:00 बजे | आनंद विहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म–1 पर स्थित अमानती– सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचना:**

1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html**. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

3692/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# राघव चड्ढा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और इस्कॉन मंदिर के महंत चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर राज्यसभा में तत्काल चर्चा की मांग की

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और इस्कॉन मंदिर के महंत चिन्मय दास जी की गिरफ्तारी का मुद्दा राज्यसभा में उठाया। उन्होंने सदन को एक नोटिस देकर इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल चर्चा करने की तत्काल मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सदन की निर्धारित कार्यवाही में बदलाव करने की जरूरत हो तो बदलाव किया जाए, लेकिन इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा किया जाते और सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए, इसकी जानकारी दे।

मीडिया से बातचीत में ह्यआपह्व के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव



चड्ढा ने कहा कि आज, मैंने राज्यसभा में नियम 267 के तहत एक नोटिस दिया, जिसमें मैंने यह मांग की कि आज चर्चा के लिए निर्धारित विषय को एक तरफ करते हुए एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होनी चाहिए, जो बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार, हमले और क्रूरता से संबंधित है। इसके साथ ही, वहां हाल ही में इस्कॉन मंदिर के संत चिन्मय दास जी की हुई अवैध गिरफ्तारी पर भी सदन में चर्चा हो।

राघव चड्ढा ने कहा कि मैंने विदेश मंत्री से अनुरोध किया कि वे सदन को बताएं कि बांग्लादेशी अधिकारियों से बातचीत में भारत सरकार ने अब तक कौन से कदम उठाए हैं। मैंने सवाल पूछे कि अब तक क्या परिणाम मिले हैं? क्या बांग्लादेश में हिंदू समुदाय अब सुरक्षित है? क्या चिन्मय दास जी को जल्द रिहा किया जाएगा?

राघव चड्ढा ने कहा कि मैंने सरकार से इन सभी सवालों के जवाब सदन में देने की मांग की और राज्यसभा में इन घटनाओं की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव लाने की अपील की। यह प्रस्ताव सभी पार्टियों द्वारा एकमत से पास किया जाना चाहिए, ताकि बांग्लादेश सरकार और पूरी दुनिया को एक मजबूत संदेश दिया जा सके। भारत की संसद की जिम्मेदारी है कि वह इस तरह का रुख अपनाए।

## आप के सांसदों ने संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) ने राजधानी में चरमराती कानून व्यवस्था पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। शुक्रवार को आप के सांसदों ने बिगड़ती कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में राघव चड्ढा, संदीप पाठक और पार्टी के अन्य नेताओं ने हाथ में पोस्टर लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में इंडिया गठबंधन के घटक दल टीएमसी के सांसद भी मौजूद रहे। संजय सिंह ने कहा कि आज देश की राजधानी अपराधों की राजधानी बन गई है। इस पर केन्द्र सरकार को जबाव देना चाहिए। मैंने सदन में नोटिस देकर गृह से दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर जवाब देने की मांग की है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सीनियर डीईएन–1/यूएमबी के अनुभाग में एलएचएस में सुधार | ₹93,39,462/- | ₹1,86,800/- | 06 महीने | 20.12.2024 |
| 2. | एडीईएन/सीडीजी के तहत 10 एल–एक्सिंग में सेप्टिक टैंक और जल आपूर्ति व्यवस्था के साथ शौचालय सुविधाओं का प्रावधान। | ₹31,94,505/- | ₹63,900/- | 04 महीने | 20.12.2024 |
| 3. | एडीईएन/सीडीजी के तहत धूलकोट, लालरू, धापर, घग्गर, चंडीमंदिन, खरार स्टेशन के सेवा भवन में सुधार और एडीईएन/यूएमबी के तहत दुखेरी, केसरी, बुराड़ा, तंदवाल स्टेशन और सीनियर डीईएन/आई/यूएमबी के तहत सेवा भवन की टपकती छतों में सुधार। | ₹1,64,40,579/- | ₹2,32,200/- | 08 महीने | 20.12.2024 |
| 4. | (1) सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी के अनुभाग में जल जमाव की समस्या से बचने के लिए रेल विहार कॉलोनी में नाली का सुधार (02) सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्लयू/आरवी/यूएमबी के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों में बाहरी फर्श और पथ में सुधार (03) एडीईएन/यूएमबी के तहत सड़कों का उन्नयन और (04) एडीईएन/यूएमबी के तहत रेल विहार कॉलोनी में पार्कों का उन्नयन। | ₹1,87,90,306/- | ₹2,44,000/- | 08 महीने | 20.12.2024 |
| 5. | (01) एडीईएन/यूएमबी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी के अनुभाग में डीआरएम कॉम्प्लेक्स में डाउनवर्ड कैंटिलीवर आरसीसी छज्जा, पुरानी अवरुद्ध जल निकासी प्रणाली, पथ मार्ग में सुधार। (02) यूएमबी में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस का उन्नयन। (03) यूएमबी में ऑफिसर्स क्लब का उन्नयन। | ₹1,40,44,164/- | ₹2,20,200/- | 06 महीने | 20.12.2024 |
| 6. | एडीईएन/ट्रैक/अंबाला के तहत जाखल–हिसार खंड पर धांसू में गिट्टी डिपो में बीजी ट्रैक के लिए 30000 सीयूएम 65 मिमी गेज मशीन कुचल पत्थर गिट्टी की आपूर्ति विधिवत स्टैकिंग और रेल बोर्न ट्रकों/बीओबी में लोड की गई। | ₹3,44,73,000/- | ₹3,22,400/- | 06 महीने | 20.12.2024 |

**नोट:** 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 46–अम्बाला/2024–25 दिनांकः 28.11.2024**

3674/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार 30 नवंबर, 2024



## अडानी, संभल और मणिपुर पर बुरी तरह से घिरी सरकार, विपक्ष लामबंद

शीतकालीन सत्र शुरू हुए 4 दिन का समय हो चुका है। विपक्ष ने अडानी समूह, संभल और मणिपुर पर काम रोको प्रस्ताव लाकर चर्चा कराने की मांग रखी है। चारों दिन दर्जनों की संख्या में काम रोको प्रस्ताव लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा दोनों सदनों की आसंदी को देकर चर्चा कराने की मांग की गई है। दोंनो सदनों मैं विपक्ष की यह मांग सरकार और आसंदी द्वारा नहीं मानी गई। जिसके कारण बार-बार लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। काम रोको प्रस्ताव के माध्यम से यदि चर्चा शुरू होती है तो ऐसी स्थिति में मतदान तक की स्थिति आ सकती है। सरकार के लिए काम रोको प्रस्ताव के माध्यम से चर्चा कराने से बड़ा खतरा हो सकता है। निश्चित रूप से सरकार यह जोखिम लेना नहीं चाहेगी। गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ अमेरिका की कोर्ट में चार्जशीट दायर हुई है उसके बाद सारी दुनिया के देशों में अडानी समूह को लेकर चर्चा हो रही है। कई देशों ने अडानी के साथ हुए समझौतों को रद्द कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने अडानी समूह की रेटिंग घटा दी है। शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। इसके चलते विपक्ष के हाथ में एक बड़ा मुद्दा लग गया है। इसी बीच संभल की जामा मस्जिद में जिस तरह का विवाद खड़ा किया गया। जिसके कारण वहां पर दंगा हो गया। पांच लोगों की मौत हो गई। यह मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अजमेर दरगाह शरीफ मामले में इसी तरह का विवाद सामने आ गया है। मणिपुर में 1 साल से अधिक का समय हो गया है। वहां हो रही हिंसा में अभी तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हजारों नागरिक शरणार्थी शिवरों में रह रहे हैं। बहुत बड़ी संख्या में सुरक्षा बल को तैनात करने के बाद भी मणिपुर में शांति स्थापित नहीं हो पा रही है। इतने लंबे समय के बाद भी केंद्र सरकार इन विवादों का कोई वास्तविक हल नहीं निकाल सकी है। इन सभी मामलों को लेकर विपक्ष के तेवर बहुत कड़े हैं। सरकार को लगता था, महाराष्ट्र और हरियाणा का चुनाव जीत जाने के बाद विपक्ष कोमा में चला जाएगा। लेकिन विपक्ष कोमा में जाने के स्थान पर आक्रामक रूप से सरकार पर हमला कर रहा है। दोनों चुनाव में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, पक्षपात और चुनाव में जो गड़बड़ी हुई है। ईवीएम मशीन, मतदान का परसेंटेज बार-बार बढ़ाने तथा 99 फीसदी बैटरी चार्ज रहने का मामला अब तूल पकड़ गया है। पूरा विपक्ष एकजुट हो गया है। विपक्ष अब ईवीएम के स्थान पर वैलट से चुनाव कराने के लिए एकजुट हो गया है। इसके लिए आंदोलन भी शुरू किया जा रहा है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है, अडानी का नाम लेते ही लोकसभा और राज्यसभा की आसंदी और सरकार जिस तरह से भड़कती है। भाजपा अडानी के बचाव में खड़ी हो जाती है। उसको लेकर सभी को आश्चर्य हो रहा है। पिछले 7 दशक में बड़े-बड़े घोटाले और घपलों को लेकर सदन में हमेशा चर्चा होती रही है। सदन के अंदर टाटा-बिरला की सरकार नहीं चलेगी, के नारे 70 और 80 के दशक में हमेशा सदन के अंदर लगते रहे हैं। जनसंघ और भाजपा इसी तरह के नारे सदन के अंदर लगाती रही है। सदन के अंदर सदस्यों को कभी बोलने से नहीं रोका गया। यदि सदस्यों द्वारा कुछ ऐसी बातें कही गई हैं। जो सदन के रिकॉर्ड में रखना सही नहीं होता था, उसे रिकॉर्ड से हटा दिया जाता था। उस समय सदस्य से बोलने के पहले सदन के अंदर सबूत नहीं मांगे गए। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह के प्रतिबंध संसद सदस्यों पर लगाए जा रहे हैं वैसे प्रतिबंध तो, आपातकाल में भी नहीं लगाए गए थे। आपातकाल में समाचार पत्रों के लिए जो सेंसरशिप लागू की गई थी। उसमें भी इस तरह के प्रतिबंध नहीं थे, जैसा इन दोनों सदन के अंदर देखने को मिल रहे हैं। आसंदी विपक्ष के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रही है, वह भी कल्पना से परे है। संसदीय परंपराओं में जब भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में तनातनी देखने को मिलती थी, उस समय लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों को बुलाकर गतिरोध को दूर करने का प्रयास करते थे, लेकिन अब ऐसा लगता है, आसंदी सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रही है। जिसके कारण सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में गतिरोध बढ़ता ही चला जा रहा है।

## वाह रे अकड़बाज-अकड़ में रहोगे तो रास्ते भी ना देख पाओगे, मंजिल पाना तो बहुत दूर की बात

वैश्विक स्तरपर अकड़बाजी एक ऐसा अनूठा मानवीय विकार है, जो मानवीय कतार में अंतिम व्यक्ति से लेकर प्रथम व्यक्ति में, चपरासी से लेकर उच्चस्तरीय अधिकारी, संतरी से लेकर मंत्री व देशी उच्चस्तरीय पदासीन से लेकर पूरी दुनियाँ के उच्चस्तरीय पदासीनों में पाया जा सकता है इसीलिए ही अनेक जुमले जैसे, चीन ने दिखाई अपनी अकड़बाजी, अकड़बाज कलेक्टरों को सबक सिखाएंगे सीएम, पद मिलते ही अकड़बाजी बढ़ी जैसे अनेकों जुमले हमें जीवन में अनेकों बार सुनने को मिलते रहते हैं।अभी 23 नवंबर 2024 को विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आते ही एक खबर, प्रिंट व डिजिटल मीडिया में वायरल हुई कि चुनाव जीतने के बाद सर्टिफिकेट मिलते ही चुनाव जीते उम्मीदवार अकड़बाज हुए, यह हेडिंग देखने को मिलीकुदरत ने इस खूबसूरत सृष्टि में मानव काया की अनमोल रचना कर उसे कुशाग्र बुद्धि क्षमता के रूप में अनमोल अस्त्र सौंपा है ! तो गुरूर, अभिमान, अहंकार, अकड़, अहंवाद, गुमान, नखरो जैसी अनेक विशुद्धयां भी डाली है, और उसे चुनने की ताकत भी इस मानवीय जीव में डाल दी है ताकि मानवीय जीवन यात्रा में अच्छे काबिल और उचित लोग उस उचित स्थान याने मंजिल तक पहुंच सके और सारी मानवता का कल्याण कर अच्छाई से अपनी जीवन यात्रा पूर्ण कर वापस वैकुंठ धाम में प्रवास करें, हमने अपने बड़े बुजुर्गों से सुने हैं कि जिस मानव के पास लक्ष्मी मां प्रवास करती है तो उसे पद, प्रतिष्ठा देकर उसकी परीक्षा लेती है, जिसमें विकारों से लेकर उपरोक्त विशुद्धियां और नम्रता, सहयोग, इमानदारी जैसी शुद्धियों का घेरा डालती है, फिर मानव का कार्य है कि अपनी बुद्धि के बल पर विशुद्धियों और शुद्धियों का चुनाव करें स्वाभाविक ही है, कुशाग्र बुद्धि का व्यक्ति शुद्धियों को और बाकी लोग विशुद्धियों को चुनेंगे जिसके कारण विशुद्धियों को चुनने वाले के यहां से लक्ष्मी मां प्रस्थान करती है यह महत्वपूर्ण बात संपूर्ण मानव जाति के लिए रेखांकित करने योग्य बात है। इन उपरोक्त पैरा में बताए गए शब्दों को हम गुरूर में परिभाषित कर सकते हैं, यही लक्ष्यों की सफलताओं में सबसे बड़ा बाधक है इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि नम्रता, सहयोग, ईमानदारी सहित सभी शुद्धि सूचक शब्दों को अपनाकर लक्षित मंजिलों तक पहुंचकर अपना खुद का, समाज, जिला, राज्य और राष्ट्रीय का भला कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम अकड़ को समझने की करें तो, किसी भी व्यक्ति में अकड़ आती है तो उसके पीछे ज्यादातर दो ही वजह हो सकती है पहला पैसा दूसरा पावर। इन दोनों से अकड़ का बढ़ जाना स्वाभाविक हो जाता है, इनके आगे कोई रिश्ता मायने नही रखता है लोगों के लिए।मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि ऐसा मेने अपने आस पास होता हुए देखा है। इतिहास गवाह है कि अकड़ में रहने से नुकसान ही होना है रावण का उदाहरण अद्वितीय है।अकड़ एक खुशहाल परिवार को तबाह कर बस अकेले जीने के लिए भी मजबूर कर सकती है।ये एक तरह का पर्दा आंखों पर डाल देती है जिससे उसको कुछ दिखाई ना दे।जब कोई इंसान आपसे मेलजोल बनाये नही रखेगा तो अपने आप ही अपने मन मे में ब उसके प्रति व्यवहार कम हो जाएगा या यूं कहें कि खत्म ही हो जाएगा।आजकल सबको ये पसन्द है कि अच्छे से विनम्र होकर कोई बात करे सम्मान दे।अकड़ में रहने से इंसान अकडा जाता है।उनकी विचारधारा अलग ही स्तर की होती है वो मानते हैं कि बस जो है हम है तो ऐसे स्वभाव के लोग रिश्ते क्या समझ पाएँगे ? रिश्तों को निभाने के लिए विन्रम के साथ साथ मिलनसार होना भी बहुत आवश्यक है। साथियों बात अगर हम अपने दैनिक दिनचर्या की करें तो हमारा शासकीय, अशासकीय, निजी क्षेत्रों में अनेक ऐसे पदों पर बैठे अधिकारियों, व्यक्तियों, कर्मचारियों से पाला पड़ा होगा और हम सोचने पर मजबूर हो गए होंगे ? कि पद के लिए कितना गुरूर है इन्हें ! जब यह पद चला जाएगा या रिटायर्ड हो जाएंगे तो इनका क्या होगा और हमने अपनी आंखों से ऐसे व्यक्तियों की बुरी हालत होते देखी है, उनका परिवार अशांत रहता है, आंतरिक सुख उन्हें कभी नहीं मिलता क्योंकि उन्होंने जीवन भर अपने गुरूर और भ्रष्टाचार को अपना रखा था तो उनका जीवन कभी सुखी नहीं होगा वह अपने जीवन के लक्ष्य तक कभी पहुंच नहीं पाएंगे ऐसी गारंटी है। साथियों बात अगर हम गुरूर रूपी विशुद्धि से हानियों की करें तो, गुरुर जीवन का सबसे बड़ा संकट है, ये जिस पर छा जाता है, उसके जीवन को बर्बाद कर देता है।

# ऑनलाइन कोर्ट: सुलभ और पारदर्शी न्याय का नया युग!

**यह अदालत एक ऐसी प्रणाली के तहत काम करेगी, जहां वादियों और वकीलों को भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कहीं से भी, किसी भी समय, केवल एक ऑनलाइन प्रपत्र भरकर केस दर्ज किया जा सकता है। इस प्रणाली के तहत एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे।**





सोनम लववंशी
लेखक

बीते दिनों न्यायिक प्रणाली में एक आमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिला। जिससे सुलभ और पारदर्शी न्याय की आस जगना स्वाभाविक है। दरअसल न्यायिक प्रणाली का व्यवस्थित और सुचारू रूप से क्रियान्वित होना, एक सभ्य समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है और उसे आधुनिक बनाना समय की जरूरत है। वर्तमान समय में देश के भीतर संवैधानिक व्यवस्था के तले सभी को समान न्याय मुहैया कराने की तो बात की जाती है, लेकिन जब समय पर न्याय उपलब्ध कराने की बात आती है, तो उस मामले में हमारी व्यवस्था काफी पिछड़ी हुई दिखाई पड़ती है। समय से न्याय न मिलना, अपने-आपमें स्वयं किसी अन्याय से कम नहीं। इन सबके बावजूद न्याय का मंदिर सिर्फ वादी-प्रतिवादी की फाइलों के ढ़ेर से भरा पड़ा है और न्याय के लिए लोग सिर्फ तारीखों के इंतजार में अपना समय, धन और क्या कुछ नहीं गंवा देते। इसी बीच केरल के कोल्लम में देश की पहली 24७7 ऑनलाइन कोर्ट की व्यवस्था की है। इस प्रकार का नवाचारी कदम कहीं न कहीं देश में न्यायिक प्रणाली को डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में एक नई क्रांति की शुरूआत है।

गौरतलब हो कि इस पहल का उद्घाटन 17 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई द्वारा किया गया था, जिन्होंने इसे न्याय की उपलब्धता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल लाखों भारतीयों को न्याय प्राप्त करने में मदद करेगी और सभी के लिए न्याय की संविधानिक प्रतिबद्धता को साकार करने में सहायक होगी। देखा जाए तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ संविधान में लिखें वाक्यों से लोगों के जीवन में बदलाव दृष्टिगोचर नहीं होगा। इसीलिए इस तरह के कदम से देशवासियों को काफी उम्मीद है और यह पहल न सिर्फ न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से न्याय को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने का यह प्रयास, एक ऐसी सोच का प्रतीक है जो समाज के हर वर्ग को न्यायिक प्रक्रिया में समाहित करना चाहती है।

यह अदालत एक ऐसी प्रणाली के तहत काम करेगी, जहां वादियों और वकीलों को भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कहीं से भी, किसी भी समय, केवल एक ऑनलाइन प्रपत्र भरकर केस दर्ज किया जा सकता है। इस प्रणाली के तहत एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। डिजिटल माध्यम के जरिए यह सुविधा न्यायालयों के भारी दबाव को कम करने में सहायक होगी। खासकर उन मामलों के लिए, जिन्हें त्वरित निपटारे की आवश्यकता होती है।

आधुनिक तकनीक के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को आसान बनाना, एक ऐसी सोच को दशार्ता है जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को व्यावहारिक रूप से साकार करने की ओर अग्रसर है। आज, न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। ऐसी स्थिति में यह डिजिटल पहल न केवल लंबित मामलों के बोझ को कम करने में सहायक होगी, बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करेगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह ऑनलाइन कोर्ट वादियों के लिए न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाएगी। कई बार वादियों को न्यायालयों तक पहुंचने के लिए भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए न्यायालय तक पहुंचना एक कठिन कार्य है। ऑनलाइन कोर्ट की यह पहल इन चुनौतियों को समाप्त कर, एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जो सभी को समान अवसर देता है।

इसके अतिरिक्त, इस पहल से न्यायालयों में पारदर्शिता बढ़ेगी। डिजिटल माध्यम से संचालित प्रक्रिया रिकॉर्डिंग, डॉक्यूमेंटेशन और निगरानी के लिए बेहतर होगी, जिससे न केवल वादियों को भरोसा मिलेगा, बल्कि न्यायिक अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। यह कदम भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकता है। इस पहल के तहत फिलहाल कोल्लम जिले की चार अदालतों में कार्यवाही शुरू की गई है, और अन्य जिलों में भी इसे लागू करने की योजना है। इसका उद्देश्य राज्य और देश के सभी हिस्सों में ऐसी ऑनलाइन अदालतों की स्थापना कर, एक समग्र डिजिटल न्यायिक प्रणाली विकसित करना है। यह पहल न्यायिक क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक ठोस कदम है, जो भारत की न्यायिक प्रणाली को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और कुशल बनाएगी।

# जलवायु परिवर्तन के खतरों से बच्चों को बचाएं

**यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है।**





ललित गर्ग
लेखक

हाल ही में प्रस्तुत हुई यूनिसेफ की रिपोर्ट द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड ने भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों, त्रासद स्थितियों एवं भयावह भविष्य को उजागर किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उस समय जन्म लेने वाले बच्चों को जन्म के बाद जीवन में जलवायु परिवर्तन के संकटों से जुझना होगा, भीषण लू, गरमी, बाढ़, तूफान, चक्रावात और अनेक जलवायु जनित बीमारियों से सामना करना होगा। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन, जलवायु परिवर्तन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संकटपूर्ण होगा। वर्ष 2021 में बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत कुल 163 देशों की सूची में 26वें स्थान पर था। ऐसे में भारत में बच्चों को अधिक गर्मी, बाढ़ और वायु प्रदूषण से गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण और कम आय वाले समुदायों में यह संख्या ज्यादा है। लेकिन रिपोर्ट बताती है कि 2050 में बच्चों को 2000 के दशक की तुलना में लगभग आठ गुना ज्यादा गर्मी झेलनी पड़ सकती है। जाहिर है, जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों, विषमताओं व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरों के लिये संवेदनशीलता के साथ सावधान एवं सतर्क होने एवं उचित-प्रभावी कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

इसी तरह, गहरे डिजिटल विभाजन के बीच एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता बच्चों के लिए अच्छी और बुरी, दोनों हो सकती है। एक ताजा आंकड़ा बताता है कि उच्च आय वाले देशों में 95 फीसदी आबादी इंटरनेट से जुड़ी है, तो निम्न आय वाले देशों में सिर्फ 26 प्रतिशत लोगों की इंटरनेट तक पहुंच है। भारत में वर्तमान में इंटरनेट की व्यापकता ने बच्चों के जीवन में अनेक संकट खड़े किये हैं। यूनिसेफ ने इस डिजिटल डिवाइड को पाटने और बच्चों तक नयी प्रौद्योगिकियों की सुरक्षित एवं समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समावेशी प्रौद्योगिकी पहल की वकालत की है। बच्चे चूंकि हमारा भविष्य हैं, इसलिए बच्चों और उनके अधिकारों को सरकारी नीतियों-रणनीतियों के केंद्र में रखना समृद्ध और टिकाऊ भविष्य के निर्माण एवं संतुलित-आदर्श समाज-व्यवस्था के लिए आवश्यक है। अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। आने वाले पच्चीस वर्षों में बच्चों पर लू का 8 गुणा, बाढ़ का 3 गुणा एवं जंगली आग का दोगुणा खतरा होगा। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने का अनुमान है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं और बच्चों के अनुकूल और जलवायु परिवर्तन के लिहाज से जुझारु, सुरक्षित एवं निरापद शहरी नियोजन के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और टिकाऊ शहरी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता दी जाये। शहर बेहतर जीवन के लिए बेहतरीन अवसर और उम्मीद दे सकते हैं। वे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 80 प्रतिशत से अधिक उत्पन्न करते हैं और उन्हें तेजी से विकास हासिल करने के लिए इंजन माना जाता है। वे विकास और नवाचार, विविधता और कनेक्टिविटी के दुनिया के सबसे मजबूत स्त्रोतों में से हैं और संभावित रूप से बच्चों को जीने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान कर सकते हैं।

बढ़ता शहरीकरण बड़ी असमानताओं को भी जन्म दे सकते हैं। आज शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 4 बिलियन लोगों में से लगभग एक तिहाई बच्चे हैं। यह अनुमान है कि 2050 तक, दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जिनमें से कई झुग्गी-झोपड़ियों में रहेंगे। इसलिये शहर स्कूलों और अस्पतालों जैसी बुनियादी सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान कर सकते हैं, भीड़भाड़ और उच्च प्रवेश लागत के कारण सबसे गरीब शहरी बच्चे उन तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं। अन्य चुनौतियाँ जो शहरी गरीबों को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को, उनमें भीड़भाड़ और अपर्याप्त सफाई व्यवस्थाएं शामिल हैं-जो बीमारियों के फैलने में सहायक होती हैं-किफायती और सुरक्षित आवास की कमी, परिवहन की खराब पहुंच और बाहरी वायु प्रदूषण में वृद्धि आदि हैं। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। वर्तमान में पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो अगर सरकारें अभी से नहीं चेती तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर एवं कायम करने के लिये सरकारों को गंभीर होना होगा।

बच्चे के जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान आधुनिक मानवतावाद और पूंजीवाद से प्रभावित होकर प्रदर्शन पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। इससे परिवारों और बाल देखभाल प्रदाताओं पर अनावश्यक दबाव पड़ता है।

## सामान्य मौतों से ज्यादा संख्या है, सड़क हादसों में होने वाली मौतों की संख्या

नरेंद्र भारती

देश में सामान्य मोतों से इतने लोग नहीं मरते जितने प्रतिदिन सड़क हादसों में मोतें हो रही हैं परिवार के परिवार मारे जा रहें हैं अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे हैं ' अक्सर देखा गया है की ज्यादातर सड़क हादसे लापरवाही और नशा करके ड्राइविंग कर रहे हैं ' सड़क हादसों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे ' यातायात के नियमों का सही तरीके से पालन किया जाये तो सड़क हादसों में होने वाली मोतें रुक सकती हैं ' ।देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है ।सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी ।जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है। मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो देश में घटित होने वाले इन भीषण हादसों पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है ।देश में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए समय रहते संज्ञान लेना होगा। हर रोज देश में मौत का तांडव हो रहा है। देश में इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं। प्रतिदिन हादसों में लोग मारे जा रह है। पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाये जाते हैं ।मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है । शराब पीकर बाहन चलाना ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए ।हादसों की सूची बढती ही जा रही है। आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता ।पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं ।बढती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं।

लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं ।देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय-समय पर होते रहते हैं मगर कुछ दिन चैक रखा जाता है फिर वही परिपाटी चलती रहती है ।जबकि होना तो यह चाहिए कि इन लापरवाह चालको को सजा देनी चाहिए ताकि मासूम बेमोत न मारे जा सके। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बाकस तक नहीं होतें ताकि आपातकालिन स्थिती में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा सके । प्रत्येक साल नवरात्रों में श्रध्दालू मंदिरों में ट्रको में जाते है और गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तथा मारे जाते हैं ।ओबरलोडिग से भी ज्यादातर हादसे होते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला में प्रातः 10 से 12 बजे तक होगा समाधान शिविरों का आयोजनः डीसी विक्रम सिंह

फरीदाबाद,। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार सेक्टर-12 स्थित उपायुक्त कार्यालय, नगर निगम सहित सभी उपमंडल अधिकारी कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति सेक्टर-12 स्थित उपायुक्त कार्यालय के कमरा नंबर 106 या नगर निगम और उपमंडल कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजित समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए आवेदन दे सकता है।

### घरेलू कलह के चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

फतेहपुर,। जिले के शुक्रवार को घरेलू कलह के चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। परिजन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिन्दकी कोतवाली के पुरानी बिदंकी मोहल्ला में घरेलू कलह के चलते लक्ष्मी देवी(35) पुत्री ज्वाला प्रसाद ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल फतेहपुर रेफर कर दिया। जहा रास्ते पर युवती की मौत हो गई। कोतवाल अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथमद्दष्या युवती की मौत कारण घरेलू कलह पता चला है। जिसके चलते युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

### अचानक धू-धूकर जलने लगी सड़क पर दौड़ रही कार, भागखड़ाहुआसवार

वाराणसी, । मोहनसराय पुलिस चौकी क्षेत्र में हाईवे ओवर ब्रिज के पास सर्विस रोड पर चलती जाइलो फोर व्हीलर कार में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। कार सवार निकलकर भागा। वहीं सड़क पर जा रहे राहगीर भी भाग खड़े हुए। सूचना के बाद पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। सोनभद्र के घोरावल निवासी शुभम कुमार अपनी कार से राजातालाब की ओर जा रहे थे। इसी बीच कार में अचानक आग लग गई। आग लगने का अहसास होते ही उन्होंने गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर दी और तुरंत बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम के आरपीओ संजीव कुमार सिंह, एआरपीओ दिवाकर सिंह, सुरेश यादव, और दिलीप कुमार मौके पर पहुंचे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए अथक प्रयासों से आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना से हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई।

### कानपुरएयरपोर्टपरनाइट लैंडिंग सुविधा जल्द होगी उपलब्धः रमेश अवस्थी

कानपुर, । कानपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग सुविधा जल्द उपलब्ध कराने के लिए कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी शुक्रवार को दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय से मुलाकात की और रात्रि सेवा शुरू होने से औद्योगिक नगरी कानपुर के विकास की गति और तेज हो जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार देर शाम भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी ने शुक्रवार को दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सांसद ने कानपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट की नाइट लैंडिंग सुविधा शुरू कराने और एयर ट्रैफिक कंट्रोल एटीसी की दो शिफ्ट लागू करने के संबंध में गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि कानपुर के व्यापारियों, उद्योगपतियों और हवाई यात्रा करने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा, इससे कानपुर के औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी और शहर की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सांसद रमेश अवस्थी को आश्वस्त किया कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी और नाइट लैंडिंग सुविधा को जल्द से जल्द चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, दोनों नेताओं के बीच कानपुर से जुड़े अन्य विकास कार्यों पर भी सार्थक चर्चा हुई। श्री अवस्थी ने इस बैठक को सकारात्मक और उपयोगी बताया।

# यूपी : उपचुनाव में भाजपा और रालोद के 7 सदस्यों ने विधानसभा में ली शपथ, पीएम मोदी-योगी के नेतृत्व पर जताई निष्ठा

प्रात: किरण, संवाददाता




लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के चलते उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 में से 7 सीटों पर जीत हासिल की। इसके बाद शुक्रवार को विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया। जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी ने एक स्वर में ह्राष्ट्र प्रथमह्र के संकल्प को दोहराया, साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है। जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है। मुख्यमंत्री के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी। आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें। इसके साथ ही आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए। यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना सहित कई विधायक मौजूद रहे। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास और पारदर्शी प्रशासन पर जोर दिया गया है। उनकी सरकार की जनहितकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व सड़क परियोजनाओं ने लोगों का विश्वास मजबूत किया है। इसके अलावा, प्रदेश में अपराध नियंत्रण और धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार जैसे कदमों ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को और बढ़ावा दिया है। परिणामस्वरूप यूपी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के शानदार प्रदर्शन ने पार्टी के उत्साह में गजब का इजाफा किया है। वहीं, उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के तमाम दावे ध्वस्त हो गए। गठबंधन की तमाम कोशिशों और बड़े बड़े दावों के बावजूद, विपक्षी दल अपनी साख बचाने में नाकाम रहे। भाजपा और सहयोगी दलों की इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा योगी सरकार पर कायम है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा ने प्रदेश में अपनी मजबूत स्थिति का प्रमाण दिया है।

# सहसपुर क्षेत्र में अयोग्य और झोला छाप चला रहे नर्सिंग होम, मरीजो कर रहे खिलवाड़

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों की उड़ा रहे खुलेआम

प्रात: किरण, संवाददाता



सहसपुर।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों के बावजूद भी झोलाछाप डॉक्टर मरीजो की जिंदगी से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी यदा-कदा अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारी को पूरा कर रहे हैं । लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ के यह दो मामले नहीं अपितु सैंकड़ों है, लेकिन इन नीम-हकीमों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं की जा रही है। स्वयं को रजिस्टर्ड चिकित्सक बताकर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप नीम-हकीमों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने के कारण इनके हौंसलें दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की ओर से इन पर कठोर कार्यवाही नहीं करने के कारण इन्होंने गांव-गांव में क्लीनिक लगा रखे हैं। क्षेत्र में गुजराती, बंगाली, यूनानी तरीके से इलाज का दावा कर रहे झोलाछाप मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शहर सहित क्षेत्र में कई जगह पर तो सड़क किनारे तंबू तानकर कई अनपढ़ खुद को नाड़ी वैद्य बताकर उपचार के नाम पर लोगों को ठग रहे हैं। गांव, बस्ती और गली में कोई कोई बगैर डिग्री का नीम-हकीम नजर जाता है, जो अस्पताल खोलकर लोगों का उपचार कर रहे हैं। खासकर बारिश के बाद मौसमी बीमारियों के फैलने पर इनका धंधा जोरों पर है।

### खुलेआम हॉर्डिग्स रेडक्रॉस चिह्न का भी उपयोग

सहसपुर। झोलाछाप को चिकित्सा विभागीय कार्यवाही का डर नहीं है। बिना किसी डिग्री के व्यक्ति और ऐसे डिग्री धारक जिन्हें एलोपैथिक पद्धति से उपचार करने की इजाजत नहीं है वह भी खुद को डॉक्टर बताते हैं। साथ ही खोली जाने वाली अपने दुकानों के आगे एवं सड़क मार्ग पर खुलेआम हॉर्डिग्स लगाकर इनका प्रचार-प्रसार भी करते हैं। अपने बोर्ड पर रेडक्रास के चिह्न का उपयोग करते हुए डॉक्टर का बोर्ड लगाकर दुकान खोलकर बैठे हैं। अयोग्य व झोलाछाप डॉक्टरों ने ग्रामीण क्षेत्र में पूरी तरह जाल बिछा रखा है। ग्रामीण क्षेत्र भी अब पूरी तरह से झोलाछाप की गिरफ्त मे आ चुका है। नगर की ज्यादातर गलियों में झोलाछाप खुलेआम बिना कोई डर के ईलाज कर रहा है।

### नर्सिंगहोम एक्ट का उल्लंघन

सहसपुर। झोलाछापों ने तो बाकायदा अपना क्लीनिक और नर्सिंग होम भी घर दुकान में ही बना रखा है। सुबह हो या रात वे हर समय मरीज का गंभीर रोग का उपचार करते हैं। ऑपरेशन तक कर रहे हैं। कई झोलाछाप तो प्रसव भी करवा रहे हैं। मामूली डिग्री के बाद भी ये बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज करने का दावा कर मरीजों से मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। क्षेत्र में कई झोलाछाप तो दसवीं पास भी नहीं है। जो अनुभव का झांसा देकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वहीं इनकी एक ही निडल का बार-बार उपयोग कर संक्रमण को और फैलाने का काम कर है उल्लेखनीय है कि चिकित्सा विभाग की ओर से इनके खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की जाती है इसके बावजूद भी फर्जी डॉक्टरों का अपनी डॉक्टरी से बाज ना आना आम जनमानस में चिंता का विषय बना हुआ है। कि आखिर यह किसकी शह पर फर्जी डॉक्टर नर्सिंग होम चला रहे हैं।

# हत्या के प्रयास में दो युवक बे काबू हुवे

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद,। लड़ाई झगड़े व हत्या के प्रयास के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 लोहे के पाईप व वारदात में प्रयोग स्विफ्ट कार बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सदर बल्लभगढ़ में अमित कुमार वासी सोतई द्वारा शिकायत में बतलाया कि 22 मई को वह अपने छोटे भाई मनीष और मामा के लडके भारत के साथ बाइक पर बल्लभगढ़ से आ रहे थे। बाइक को भारत चला रहा था, रास्ते में आईएमटी में एक सफेद रंग की कार तेजी आई और गाडी को बाइक की बराबर में लगाकर टक्कर मारी, गाडी को दिवेश चला रहा था। गाड़ी से अंकित निकलकर आया और उसके हाथ में चोट मारी। जिस पर भारत ने वहां से बाइक भगा दी और सीधी आईएमटी धनखड़ कॉलोनी में ले गया, वहां पर आरोपी कान्हा गाडी सफेद रंग लेकर खड़ा था। जिसने बाइक के सामने अपनी गाड़ी लगा दी और हमारा पीछा कर रहे दिवेश ने पीछे से अपनी कार से हमारी बाइक में सीधी टक्कर मारी। टक्कर लगने पर भारत और मनीष वहां से भाग गए। इसके बाद दिवेश, नकुल, अंकित और कान्हा व अन्य दोनों गाडि में से बहार निकले। उन्होंने अपने हाथों में लोहे के पाईप लेकर जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला किया। आरोपियों का शिकायतकर्ता के साथ दीवानी मुकदमा चल रहा है। जिसकी रंजिश रखते आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। जिस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में योजना के तहत हत्या के प्रयास, लडाई-झगड़े की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# फरीदाबाद : पांच पीढि को साथ रखने वाली 102 वर्षीय रमन देवी का निधन

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। गांव नचौली के समाजसेवी चौधरी बुध सिंह सरपंच की माता रमन देवी का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
स्व. रमन देवी जब तक जिंदा रही ।
उन्होंने पांच पीढि को साथ रखा और स्वस्थ जिंदगी अपनाते हुए ।
अपने जीवन का शतक पूरा किया।
वह अपने पीछे 125 से 130 सदस्यों का परिवार छोडकर गई है ।
परिवार की सबसे वरिष्ठ सदस्य दादी मां के निधन पर हालांकि परिवार दुखी है।
परंतु पुत्र चौधरी बुध सिंह नागर पुत्र सीनियर एडवोकेट सुनील नागर कॉपरेटिव मेम्बर पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का कहना है।
कि उनकी मां रमन देवी 102 वर्ष तक जीवित रही ।
स्वस्थ रही और परिवार के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रही।
उल्लेखनीय है।
कि आजकल हम ऐसी दुनिया में जीने को मजबूर हैं ।
जहां खाद्य पदार्थ ही नहीं जलवायु भी जीवन के अनुकूल नहीं है।
समाज का एक बड़ा वर्ग खराब दिनचर्या के चलते गंभीर बीमारियों से जूझ रहा है।
ऐसे में 60 -70 वर्ष की उम्र तक पहुंचना ही अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।
स्वस्थ जीवन शैली अपना कर किस तरीके से 100 साल तक स्वस्थ जीवन व्यतीत किया जा सकता है।
इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।
फरीदाबाद के एक गांव नचौली की 102 वर्षीय महिला स्वर्गीय रमन देवी ने पेश किया, जिनका 102 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

# भाई-बहन ने कुश्ती प्रतियोगिता में जीते गोल्ड मेडल

● मेडल विजेता बच्चों का गांव पहुंचने पर गणमान्य लोगों ने किया जोरदार स्वागत

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । जम्मू कश्मीर में आयोजित नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में तिगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भूपानी के रहने वाले दो सगे भाई-बहन ने गोल्ड मेडल जीतकर कीर्तिमान रचने का काम किया है। शुक्रवार को भूपानी पहुंचने पर दोनों भाई-बहनों का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनकी जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर भूपानी गांव के सरपंच संजय भाटी और जिला पार्षद जगत सिंह एडवोकेट सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर में 24-25 नवंबर को आयोजित नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में भूपानी गांव के रहने वाली 12 वर्षीय आयुषी ने 38 किलोग्राम आयु वर्ग में तथा 10 वर्षीय आयुष यादव ने 34 किलोग्राम आयु वर्ग गोल्ड मेडल जीतकर नया इतिहास कायम किया। इस मौके पर सरपंच संजय भाटी और जिला पार्षद जगत सिंह एडवोकेट ने दोनों भाई बहन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए न केवल भूपानी गांव बल्कि फरीदाबाद जिले का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। उन्होंने दोनों बच्चों के माता-पिता और कोच को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गांव के मौजिज लोगों आयुष व आयुषी का फूल मालाओं एवं गुलदस्तें भेंट कर स्वागत किया और आशा जताई कि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी वह इसी प्रकार का प्रदर्शन करके अपने जिले, प्रदेश व गांव का नाम रोशन करेगी।

# संभल में जामा मस्जिद के सर्वेक्षण मामले में अगली सुनवाई आठ जनवरी को होगी

प्रातः किरण संवाददाता




संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद के सर्वेक्षण मामले में रिपोर्ट पूरी तैयार नहीं होने पर अब अगली सुनवाई आठ जनवरी को होगी और अदालत ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया है।
जामा मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट शुक्रवार को अदालत में पेश की जानी थी।
दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) आदित्य सिंह की अदालत ने शुक्रवार को मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ जनवरी की तारीख निर्धारित की है।
एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने बताया कि अभी सर्वेक्षण रिपोर्ट पूरी नहीं हुई है, इसीलिए अदालत से समय मांगा है।
उन्होंने बताया कि अगली सुनवाई आठ जनवरी को होगी।
मस्जिद कमेटी के वकील आमिर हुसैन ने पत्रकारों को बताया कि आज अदालत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष और मौका मुआयना करने वाले एडवोकेट कमिश्नर भी मौजूद थे।
हुसैन के अनुसार, अदालत से एडवोकेट कमिश्नर ने कहा कि रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है और वह सर्वेक्षण के लिए दोबारा मौके पर जाने की बात कह रहे थे।
लेकिन अदालत ने इससे इनकार कर दिया और अब तक के निरीक्षण के आधार पर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया।
उन्होंने बताया कि अदालत ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए एडवोकेट कमिश्नर को 10 दिन का समय दिया है।
हुसैन ने कहा,हमें अदालत पर पूरा भरोसा है।
अदालत में सुनवाई और जुमे की नमाज के मद्देनजर आज संभल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी।
एक याचिका पर सुनवाई के दौरान 19 नवंबर को दीवानी अदालत ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था जिसके बाद कुछ घंटों बाद ही सर्वेक्षण किया गया।
याचिका में दावा किया गया कि इस मस्जिद का निर्माण मंदिर को खंडित करके किया गया है।
याचिकाकर्ता अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने 19 नवंबर को बताया था कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) की अदालत ने एडवोकेट कमीशन के माध्यम से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।
उन्होंने कहा, संभल में हरिहर मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है।
हमारी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दशावतार में से एक कल्कि अवतार यहां से होना है।
वर्ष 1529 में बाबर ने मंदिर को तोड़ कर मस्जिद में बदलने की कोशिश की थी। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित क्षेत्र है।
उसमें किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं हो सकता।
जैन ने दावा किया था ।
वहां पर बहुत सारे निशान और संकेत हैं जो हिन्दू मंदिर के हैं।
इन सारी बातों को ध्यान रखते हुए अदालत ने यह आदेश जारी किया।
संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने संवाददाताओं से कहा था।
कि आदेश के अनुसार एडवोकेट कमिश्नर ने सर्वे किया और इस दौरान दोनों पक्ष मौजूद थे।
बाद में 24 नवंबर को मस्जिद के दोबारा सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गयी तथा 25 अन्य जख्मी हो गये।

# विधायक धनेश अदलखा की कार्यशौली ने बनाया बडखल विधानसभा के लोगों को दिवाना

प्रातः किरण संवाददाता



फरीदाबाद,। बडखल विधायक धनेश अदलखा इन दिनों बडखल विधानसभा के लोगों में खास चर्चा का कारण बने हुए है। कारण उनके काम करने की शैली जिसने उन्हें दिवाना बना दिया है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि विधायक धनेश अदलखा नायक फिल्म के अनिल कपूर की तरह तुरन्त निर्णय लेने में माहिर है। रोजाना उनके कार्यालय में काम करवाने आने वाले लोगों से ज्यादा धन्यवाद करने वालें की भीड़ रहती है। आज भी उनके कार्यालय में बडखल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों जिसमें सैनिक कालोनी,पाचं नंबर,एसजीएम नगर,एक नंबर से लोग अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए। इनमें से ज्यादातार लोगों की समस्याओं को विधायक धनेश अदलखा ने मौके पर ही निपटा दिया और कुछ लोगों को कागजों की त्रुटि टीक करके लाने के लिए कहा गया। कुछ युवा तो ऐसे थे जो अपना काम होने पर विधायक को मिठाई खिलाते नजर आए और कुछ बुजुर्ग पेंशन और आयुषमान कार्ड बनने पर उन्हें आशीवाद देते। इस मौके पर धनेश अदलखा ने कहा कि बडखल की जनता को सभी मृलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो यह मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होनें कहा वार्ड 11,12,13 और 14 में सर्वे हो चुका है और एस्टीमेट कमप्लीट करने के लिए भेज दिया गया है। सीवर लाईन साफ करने का काम तेजी से चल रहा है। खराब पड़ी बिजली की लाईटों को ठीक किया जा रहा है, और जहां लाईट की जरूरत है वहां नई लाइटों को लगाने का काम भी चल रहा है। इसके अलावा पार्को के नवीनीकरण और सोर्न्दयकरण का काम भी गति से चल रहा है। धनेश अदलखा ने कहा कि जल्दी ही यहां की जनता को एक नया बडखल देखने के मिलेगा जिसकी चर्चा हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे देश में होगी। उन्होनें कहा कि में भाजपा का सच्चा सिपाही हूं जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। धनेश अदलखा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास का पहिया तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होनें कहा कि आपने भाजपा और मुझमें जो विश्वास व्यक्त किया है पूरी सच्चाई और ईमानदारी से आपके काम पूरी पारदर्शिता से करूगां।

# पृथक पूर्वांचल राज्य की मांग को लेकर विंध्यवासिनी दरबार पहुंची पदयात्रा

प्रात: किरण संवाददाता




मीरजापुर,। पूर्वांचल राज्य जनांदोलन के तहत सूरत से शुरू हुई पदयात्रा शुक्रवार, 29 नवंबर को 23वें दिन माँ विंध्यवासिनी के दरबार में पहुँची। इस आंदोलन का उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के 28 जिलों को अलग कर पृथक पूर्वांचल राज्य का गठन करना है। पदयात्रा का नेतृत्व गुजरात प्रभारी अमित तिवारी और सूरत प्रभारी सुनील मौर्य कर रहे हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने हे भोलेनाथ बनवा दो पूर्वांचल राज्य का नारा बुलंद किया। यह यात्रा सात नवंबर को सूरत से शुरू हुई थी और झाबुआ, उज्जैन, भोपाल, सागर, मैहर, रीवा जैसे स्थानों से गुजरते हुए शुक्रवार को मीरजापुर के विंध्याचल पहुंची। यहां स्थानीय जनता ने आंदोलनकारियों का भव्य स्वागत किया। इस यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज राही हिंदुस्तानी और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश पांडेय भी शामिल हुए। इस अवसर पर शैलेश वर्मा, सूबी बानो, उमेश मिश्र, अमल मिश्र और हरवंश पटेल जैसे कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। छोटे राज्यों से तेज विकास की उम्मीद पदयात्रा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए अनुज राही ने कहा कि यूपी प्रति व्यक्ति आय में देश में सबसे पीछे है। छोटे राज्यों के गठन से विकास तेज होता है, जैसा कि उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड में देखा गया। संगठन की महासचिव वंदना रघुवंशी ने कहा कि छोटे राज्यों में प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है, जिससे कानून व्यवस्था और विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है।

# 1 दिसंबर को होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ को सफल बनाने के लिये की बैठक

● ब्राह्मण महाकुंभ में ज्यादा से ज्यादा शामिल हो ब्राह्मण समाज के लोगः डॉक्टर राज बहादुर शर्मा

प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



स्योहारा। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के साथ देश मे काम कर रहे समस्त ब्राह्मण संगठनों के आह्वान पर 1 दिसंबर 2024 को ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजित किया जा रहा है यह आयोजन पंचायत भवन परिसर, निकट पीली कोठी, मुरादाबाद में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। ब्राह्मण महाकुंभ को सफल बनाने के लिये अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी स्योहारा नगर में भी अनेक जगह बैठक कर ब्राह्मण समाज के लोगो से मिले। इसी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्योहारा के जाने माने लोकतंत्र सेनानी डॉक्टर राज बहादुर शर्मा के आवास पर भी एक मीटिंग आहूत की गई। जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश प्रवक्ता पंडित लोकेश भारद्वाज, डॉ राज बहादुर शर्मा, रवि दत्त शर्मा, संजीव भारद्वाज, डॉक्टर यगदत्त गौड़ ,दीपांशु गौड़,मयंक गौड़ आदि ने एक जुटता के साथ अपने अपने विचार रखते हुए ब्राह्मण समाज के लोगों से होने जा रहे हैं ब्राह्मण महाकुंभ में ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर सफल बनाने के लिए आह्वान किया। बैठक में ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए अनेक बिंदुओं पर भी विचार किया गया। इसके बाद अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी भारद्वाज नर्सिंग होम पर भी डॉक्टर अरुण भारद्वाज,अमित शर्मा,कपिल शर्मा, रामानन्द शर्मा आदि से मिले और उनसे भी ब्राह्मण महाकुंभ को सफल बनाने के लिए अपील की। आपको बताते चले की 1 दिसंबर 2024 को होने जा रहे हैं

# क्रीड़ा भारती वाराणसी इकाई की पहल, पहली बार रन फॉर राम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

वाराणसी,। क्रीड़ा भारती वाराणसी इकाई की ओर से आगामी 01 दिसम्बर रविवार को काशी में पहली बार रन फॉर राम 5 किमी की दौड़ का आयोजन किया गया है। यह दौड़ रविवार को प्रातः 06 बजे शास्त्री घाट वरुणापुल से शुरू होगी । शास्त्री घाट, जे पी मेहता कालेज, सनबीम स्कूल वरुणा, सेंट्रल जेल रोड, चुंगी तिराहा, संत अतुलानंद स्कूल गिलट बाजार, सदर तहसील,भोजूवीर, अर्दली बाजार, पुलिस लाइन चौराहा, कचहरी चौराहा, एसबीआई भवन होते हुए वापस दौड़ का समापन शास्त्री घाट पर होगा । शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन अध्यक्ष राहुल सिंह, जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह,उपाध्यक्ष विभोर भृगुवंशी ने संयुक्त रूप से ये जानकारी दी। राहुल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भजन संध्या के साथ रविवार को ही सायंकाल 5 बजे श्री काशी विश्वनाथ धाम प्रांगण में किया जायेगा। इसके पूर्व क्रीड़ा भारती अवध प्रान्त की ओर से इस दौड़ को अयोध्या में करवाया गया था। अयोध्या के पश्चात अब काशी में दौड़ का अनूठा आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पंजीकरण निःशुल्क है। और इस अनूठे आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों के साथ आम जन मानस में स्वस्थ शरीर, खेल के साथ सनातन परम्परा, कुटुम्ब प्रबोधन और सर्व समाज सामाजिक समरसता का भाव जागृत करना हैं। इसीलिए इस दौड़ में यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई स्कूल के 14 वर्ष के ऊपर के बच्चों से लेकर समाज के हर वर्ग के लोग प्रतिभाग करेंगे। इसी के साथ पहली बार विजेताओं को परिवार अर्थात कुटुम्ब सहित पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विजेता महिला पुरुष एथलीट को 11100 , द्वितीय को 9100, तृतीय को 8100 के क्रम दसवें स्थान तक 1100 की नगद धनराशि प्रदान की जाएगी। प्रथम 101 खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा। प्रथम 700 पंजीकृत एथलीटों को टी-शर्ट और सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दुधवा बाघ अभयारण्य में मादा तेंदुआ मृत मिली

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के संपूर्णानगर रेंज के जंगलों में एक मादा तेंदुआ मृत मिली। वन विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वन विभाग के अनुसार मृत तेंदुआ की उम्र करीब तीन वर्ष थी और उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। इसके अनुसार मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए तेंदुए को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्राथमिक विद्यालय में निकला अजगर, सहमे बच्चे

हाथरस,। बिसावर क्षेत्र स्थित गांव सिकन्दरा के प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की सुबह विशाल अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। बच्चे भयभीत हो गए। शैक्षिक स्टॉफ भी घबरा गया। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। विद्यालय में करीब सात फुट का अजगर निकलने से अध्यापकों और बच्चों में हड़कम्प मच गया। विद्यालय की छुट्टी के दौरान स्कूल के मेन गेट के सामने दीवार के पास विशाल अजगर ईंटों में घुसने का प्रयास कर रहा था। तभी अध्यापिका की नजर अजगर पर पड़ी और घबरा गई। अध्यापिका ने आनन-फानन बच्चों को बाहर निकलने से रोक दिया। वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम गम्भीर सिंह और मलिखान सिंह ने अजगर को पकड़ लिया तब जाकर बच्चों और स्टाफ ने राहत की सांस ली।

### प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत मीरजापुर में 52 विद्यालयों की बैठक

मीरजापुर, ।मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के 52 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक ने बैठक के दौरान उपस्थित प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट अलंकार के लाभों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया कि वे योजना का लाभ उठाने के लिए तीन दिवस के भीतर आवश्यक आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार दीक्षित ने विद्यालयों से अपेक्षा की कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर योजना का लाभ उठाने के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। बैठक का उद्देश्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विद्यालय प्रबंधन को जागरूक करना और आवश्यक प्रक्रियाओं को स्पष्ट करना था। जिज्ञासाओं का समाधान और मार्गदर्शन बैठक के दौरान विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योजना का उद्देश्य विद्यालयों के बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना है।

### भाकपा (माले) का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार को संभल का दौरा करेगा

लखनऊ,। भाकपा (माले) का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पार्टी के लोकसभा सदस्य सुदामा प्रसाद (एमपी, बिहार) के नेतृत्व में एक दिसंबर (रविवार) को हिंसा प्रभावित संभल का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल हिंसा में मारे गए मुस्लिम युवाओं के शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात के अलावा 24 नवंबर को हुई घटना की जांच भी करेगा। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सोलवीं सदी की मस्जिद का सर्वे आदेश देने वाली निचली अदालत को आगे की सुनवाई पर शुक्रवार को लगाई गई रोक से तात्कालिक राहत तो मिली है। लेकिन संभल में पांच निर्दोष युवाओं की हत्या के दोषी अधिकारियों को सजा दिलाने, सुनियोजित साजिश का पदार्फाश करने और संभल, अजमेर शरीफ जैसे प्रकरण भविष्य में न उठें, ये विषय छूटे रह गए हैं। शीर्ष अदालत को इसे भी संज्ञान में लेना चाहिए, ताकि देश के धर्मनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक ताने-बाने को नष्ट करने का प्रयास न हो। माले नेता ने कहा कि रविवार को संभल का दौरा करने वाले भाकपा (माले) प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में पार्टी की केंद्रीय समिति सदस्य व ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा अधिकारी, जवाहर लाल नेहरू विवि (जेएनयू) छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एन साईं बालाजी, पार्टी के यूपी प्रभारी अफरोज आलम व रोहिताश राजपूत होंगे।

## उपचुनाव की जीत से विपक्ष भयभीत, 2027 में इससे भी बड़ी होगी भाजपा की विजय : सीएम योगी

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकताओं ने जमीन पर उतरकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की, बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है। सीएम योगी ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि, चूंकि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा।

## गुरुग्राम में सीएम ने सीधे प्रसारण से देखी समाधान शिविर की कार्यशैली

- जिला प्रशासन ने शिकायतों की सुनवाई के लिए बनाई बेहतर व्यवस्था

प्रात: किरण, संवाददाता




गुरुग्राम, । शुक्रवार को समाधान शिविर में डीसी अजय कुमार ने 18 शिकायतों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिहं सैनी ने लाइव प्रसारण के माध्यम से विभिन्न जिलों में जनता से समाधान शिविर की कार्यशैली का फीडबैक लिया। डीसी अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन करवाया जा रहा है। लघु सचिवालय में समाधान शिविर को लेकर बेहतर व्यवस्था की गई है। शिकायतकताओं को पहले नंबर लगाकर पर्ची दी जाती है व फिर कॉन्फ्रेंस रूम में उनके द्वारा शिकायत पर विस्तारपूर्वक सुनवाई की जाती है। इसके बाद शिकायत को संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ उक्त शिकायत के निवारण के संबंध में चर्चा की जाती है। उस समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं। डीसी ने बताया कि जिन समस्याओं का मौके पर ही समाधान संभव होता है उनका वहीं समाधान करवाया जाता है। परिवार पहचान पत्र व पेंशन आदि की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव नहीं होता ऐसे मामलों में विभागाध्यक्षों को निर्धारित समय में समाधान करने के निर्देश दिए जाते हैं। त्वरित समाधान करें, लापरवाही पर होगा एक्शन डीसी अजय कुमार ने जिला के सभी विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका तय समय में समाधान करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों की मौजूदगी में समस्याओं को सुना जाता है। नागरिकों के लिए अपनी समस्याओं का समाधान करवाने का यह बेहतर व्यवस्था है, जिसके द्वारा त्वरित समाधान सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी समस्याएं जो नीतिगत फैसलों से संबंधित हैं, उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों को लेकर अगर कोई कर्मचारी लापरवाह रवैया अपनाएगा तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## बिहार के गैंगस्टर सरोज राय की गुरुग्राम में पुलिस से मुठभेड़ मौत



प्रात: किरण, संवाददाता

गुरुग्राम, ।बिहार का दुर्दांत गैंगस्टर सरोज राय (26) आज तड़के लगभग चार बजे यहां पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम के बाढ़ गुर्जर पुलिस चौकी क्षेत्र में मारे गए राय पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह कार्रवाई बिहार पुलिस और गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की टीम ने की। उस पर बिहार के सीतामढ़ी थाने में जदयू विधायक पंकज मिश्रा से रंगदारी मांगने का केस भी दर्ज था। पुलिस के अनुसार, बदमाश सतीश राय के इलाके में छुपे होन की सूचना पर डीसीपी (क्राइम) राजेश फौगाट के नेतृत्व में जाल बिछाया गया। मुठभेड़ उस वक्त शुरू हुई जब सतीश बाढ़ गुर्जर पुलिस चौकी के क्षेत्र में बाइक से निकल रहा था। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उसने गोली चला दी। जबावी कार्रवाई में वह ढेर हो गया, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ का एक जवान भी घायल हो गया।कुख्यात सरोज राय सीतामढ़ी के महिन्दवारा थाना क्षेत्र के बतरौली गांव का निवासी था। उसके खिलाफ सीतामढ़ी जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट जैसे 30 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। वह 2014 में सुर्खियों में आया था। उसने दवा व्यवसायी यतींद्र खेतान की रंगदारी नहीं देने पर हत्या कर दी थी।

## संभल में जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : मुरादाबाद डीआईजी

प्रात: किरण, संवाददाता




संभल,। संभल में हाल ही में हुए हिंसा को देखते हुए शुक्रवार को पुलिस ने सभी से घर पर ही जुमे की नमाज पढ़ने की अपील की। आमतौर पर जुमे की नमाज हर शुक्रवार को मस्जिद में लोग एकत्रित होकर पढ़ते हैं। लेकिन, हिंसा के बाद पुलिस ने सभी से अपने घरों में ही नमाज अदा करने की अपील की है। इसके अलावा, संभल में सुरक्षा-व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिसबलों को तैनात किया गया। हर आने जाने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं, शीर्ष स्तर की तरफ से स्पष्ट निर्देश है कि अगर कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखे, तो फौरन कार्रवाई की जाए। डीआईजी मुनिराज ने बताया, संभल में मौजूदा स्थिति बिल्कुल ठीक है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से चप्पेझचप्पे पर पुलिस तैनात है। हमने तीन लेयर में सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। महिला कांस्टेबल भी तैनात हैं। हमारी टीम पूरी स्थिति पर निगरानी रख रही है।ह्व उन्होंने कहा,यहां दुकानें खली हैं। लोग सबकुछ कर रहे हैं। माहौल बिल्कुल अच्छा है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। 24 नवंबर की सुबह संभल की शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। पुलिस का कहना है कि इस दौरान मस्जिद के पास अराजक तत्वों ने सर्वे टीम पर पथराव कर दिया। देखते ही देखते माहौल बिगड़ता चला गया। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और अराजक तत्वों को चेतावनी भी दी। हिंसा के दौरान 4 लोगों की मौत भी हुई। इस मामले में गुरुवार को तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिसके साथ अभी तक 31 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस ने गुरुवार को जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया, उनकी पहचान आमिर पठान, मोहम्मद अली और फैजान अब्बासी के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस ने बुधवार देर रात शांति भंग करने के मामले में फरहत नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर 100 से ज्यादा आरोपियों को चिह्नित किया है, जिनमें से अब तक 31 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## लखीमपुर महोत्सव समापन पर लोक कलाकारों ने बांधा समां



प्रात: किरण, संवाददाता

लखीमपुर खीरी,। मेंढक मंदिर ओयल में लखीमपुर महोत्सव के भव्य और आकर्षक मंच, चकाचौंध कर देने वाली प्रकाश की रंगबिरंगी किरणों, छोटे बड़े कलाकार, मंच पर थिरकते कलाकार, बरबस ही दर्शकों को एकटक निहारने को मजबूर कर रहे थे। रात की शमा ऐसी जली कि बस हर कोई अपनी जगह पर बैठा ही रह गया। वातावरण में गूंजती हजारों तालियों की गड़गड़ाहट का क्रम रुक-रुककर देर शाम तक चलता रहा। लखीमपुर महोत्सव के मुक्ताकाशीय मंच पर विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, अध्यक्ष नगर पंचायत ओयल प्रतिभा ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मेंढक मंदिर ओयल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला के बाद गुरुवार देर शाम लखीमपुर महोत्सव का समापन हुआ। समापन समारोह के मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के संयोजकों और सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान की गई आतिशबाजी ने दर्शकों को रोमांचित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह प्रसन्नता का क्षण है कि तराई की मिट्टी का उत्सव लखीमपुर महोत्सव 2024 सफलता के परचम को लहरा रहा है।

## भोजन और स्वास्थ्य का भविष्य

प्रात: किरण, संवाददाता



एफएसएसएआई की ईट राइट इंडिया पहल के अनुरूप, हर्बललाइफ ने द ललित, नई दिल्ली में फूड सेफ्टी समिट 2024 का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम का प्रबंधन द रेड कार्पेट वेंचर्स द्वारा किया गया था, जिसमें टेक्नोलॉजी, वर्कप्लेस वेलनेस और उपभोक्ता सशक्तिकरण के माध्यम से फूड सेफ्टी इकोसिस्टम को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए नियामकों, उद्योग के प्रमुखों, शिक्षाविदों और उपभोक्ता संगठनों सहित प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया था। शिखर सम्मेलन की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमती इनोशी शर्मा आईआरएस, कार्यकारी निदेशक, एफएसएसएआई के दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। उद्घाटन सत्र में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर आयकर आयुक्त श्रीमती शुभ्रता प्रकाश, आईआरएस और खाद्य-संबंधी रुझानों पर नवीनतम एनएसएसओ डेटा से अर्थशास्त्री डॉ. मुदित कपूर ने बहुमूल्य इनसाइट्स प्रदान किए। समिट में हर्बललाइफ इंडिया के एमडी श्री अजय खन्ना ने कहा, ह्लनेशनल फूड सेफ्टी समिट 2024 भारत की महत्वपूर्ण पोषण और खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने में सहयोग की शक्ति का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। हर्बललाइफ में हम ह्यईट राइट इंडिया अभियानह्व के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एफएसएसएआई के साथ सहयोग पर गर्व करते हैं। हमारे संयुक्त प्रयासों के माध्यम से हमने कार्यस्थलों, परिसरों और संस्थानों को सेफ, सस्टेनेबल और न्यूट्रिशियस फूड प्रैक्टिसेस के मॉडल में सफलतापूर्वक बदल दिया है। इससे लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यह समिट केवल एक सभा नहीं है, बल्कि इनोवेशन और प्रगति का उत्प्रेरक है। कार्यस्थल पर खाने-पीने की आदतों और फूड सेफ्टी में एआई का लाभ उठाने जैसी रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करके हमारा उद्देश्य सार्थक संवाद और कार्रवाई योग्य इसाइट्स को बढ़ावा देना है। समावेशिता, स्थिरता और व्यवहार परिवर्तन के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता स्वस्थ आहार आदतों के महत्व और हमारे देश के समग्र विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित करती है। हर्बललाइफ एफएसएसएआई के साथ इस महत्वपूर्ण मिशन को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण में दृढ़ है, जिससे एक स्वस्थ, अधिक जागरूक भारत सुनिश्चित होता है। श्री जूलियन कैचियोली, ग्लोबल कॉपोरेट अफेयर्स के वाइस प्रेसिडेंट - ईएमईए और भारत - हर्बललाइफ ने भारत में खाद्य सुरक्षा पहलों का समर्थन करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। शिखर सम्मेलन में खाद्य क्षेत्र में स्वास्थ्य, नवाचार और उपभोक्ता सशक्तिकरण पर महत्वपूर्ण चर्चाएँ हुईं। सुश्री भुवनेश्वरी बालासुब्रमण्यम के नेतृत्व में माइंडफुल ईटिंग एट वर्कह्न पर एक सेशन में कर्मचारी उत्पादकता को बढ़ाने में कार्यस्थल पर पौष्टिक भोजन और जागरुकता अभियानों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। श्री एस. शरद राव द्वारा संचालित एक अन्य सत्र अनलीशिंग द पोटेंशियल ऑफ एआई इन द फूड सेक्टर ने बढ़ी हुई ट्रेसबिलिटी और अनुपालन के माध्यम से खाद्य सुरक्षा पर एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव की खोज की, जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर जोर दिया गया। अंत में श्री राकेश कुमार ने एम्पॉवरिंग कंज्यूमर्स पर एक सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें स्पष्ट फूड लेबलिंग, उपभोक्ता शिक्षा और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए विपणन दावों को नियामक मानकों के साथ संरेखित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। लोगों में राजनीतिक नेता, खाद्य नियामक, एफबीओ और एआई प्रदाता, उद्योग पेशेवर, शैक्षणिक पेशेवर और छात्र शामिल थे। फूड सेफ्टी समिट 2024 ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

## गुरुग्राम में एक दिसंबर से प्रभावी होंगे नए कलेक्टर रेट

प्रात: किरण, संवाददाता

- डीसी ने उपमंडल व राजस्व अधिकारियों संग बैठक कर दिए जरूरी दिशा निर्देश
- **आवासीय, कृषि और वाणिज्यिक भूमि के नए कलेक्टर रेट में 10 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी**



गुरुग्राम, । गुरुग्राम में एक दिसंबर से नए कलेक्टर रेट लागू किए जाएंगे। जिला में एक दिसंबर से लागू किए जा रहे यह नए रेट 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी उपमंडल अधिकारियों, राजस्व विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर डीसी अजय कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी अजय कुमार ने कहा कि कहा कि जिला में 1 दिसंबर से आवासीय, कृषि और वाणिज्यिक भूमि के लागू किए जा रहे नए कलेक्टर रेट में 10 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। जिसमें संबंधित क्षेत्र की मार्केट वैल्यू का भी ध्यान रखा गया है। जिला में कुछ ऐसे प्रमुख क्षेत्र भी थे, जहां मार्किट वैल्यू का भाव अत्यधिक था। ऐसे में उक्त स्थानों के कलेक्टर रेट में 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि जमीनों की खरीद-फरोख्त को लेकर कलेक्टर रेट बेहद अहम होता है। अलग अलग स्थानों पर वहां के हालात और मार्केट रिसर्च के बाद ही वैल्यू कमेटी अपनी रिपोर्ट देती है। जिसके बाद राजस्व विभाग और राज्य सरकार रेट बढ़ाने की रिपोर्ट को अंतिम मंजूरी प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में एक दिसंबर से लागू किए जा रहे नए कलेक्टर रेट जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी तहसीलों में निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन ना हो। बैठक में बादशाहपुर के एसडीएम अंकित चोकसे, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार, पटौदी के एसडीएम दिनेश लुहाच, सोहना के एसडीएम होशियार सिंह, मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, सीटीएम कुंवर आदित्य विक्रम, जिला राजस्व अधिकारी नरेश कुमार सहित सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## सभी जिला परिषद सदस्यों में समानता से हो विकास राशी का बंटवारा: रघुबीर तेवतिया

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। शुक्रवार को आयोजित जिला परिषद फरीदाबाद की बैठक में पृथला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक चौधरी रघुबीर तेवतिया ने विशेष रूप से भाग लेकर पृथला क्षेत्र से जुडे मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के अध्यक्ष विजय लोहिया ने की जबकि बैठक में जिला परिषद के सीईओ सतबीर मान के अलावा सभी जिला पषिद के सदस्य व प्रशासनिक अधिकारी भी मुख्यरूप से मौजूद रहे। पृथला के विधायक चौधरी रघुबीर तेवतिया ने बैठक में जिला परिषद के सभी सदस्यों को विकास कार्यों के लिए दी जाने वाली राशी को समानता से बांटने की बात रखी वहीं उन्होंने चंदावली, मछगर, दयालपुर, अटाली, मौजपुर से केजीपी को जोडने वाली सडक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह मुख्य मार्ग है और यहां से रोजाना हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। पिछले तीन साल से इस सडक का बुरा हाल है, और इस सडक निर्माण के टेंडर का समय निकल चुका है, मगर अभीतक सडक का काम पूरा नहीं किया गया है, जिसके चलते यहां लंबे जाम लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस सडक की हालत खस्ता है, जल्दी से जल्दी इस सडक का निर्माण पूरा किया जाए। वहीं उन्होंने मोहना गांव में पानी की समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि गांव का ट्यूबवैल 2 महीने से खाब है, जिससे पानी की समस्या बनी हुई है उसको जल्दी से ठीक किया जाए। वहीं उन्होंने पृथला क्षेत्र के गांव नंगला मोटूका व फिराजपुर में बनाए गए डंपिंग यार्ड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने पृथला क्षेत्र को क्या कूडा घर समझ रखा है जो एक ही क्षेत्र में 2-2 गावों में कूडा घर बनाए दिए हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिले के नंगला मोटूका तथा पलवल जिले के फिरोजपुर गांव में कूडा घर बनाए गए जिससे दोनों ही स्थानों पर गंदगी के ढेर लग गए हैं। सरकार जल्द से जल्द इन दोनों ही गावों में बने कूडा घरों को कही और सिफ्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों हरियाणा विधानसभा में भी उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उठाया था। उन्होंने कहा कि पृथला विधानसभा क्षेत्र पूर्णरूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि का क्षेत्र है। इस क्षेत्र में एक भी शहर नहीं लगता। इसलिए गावों के विकास की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। विधायक रघुबीर तेवतिया ने बैठक के माध्यम से जिले के तमाम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह से लंबित पडे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करें तथा जनता के प्रति अपनी जवाबदेही को समझते हुए समानता को प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने कहा कि पृथला विधानसभा क्षेत्र के साथ विकास का सौतेला व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा।

## आरोपी को कानूनी सहायता देने के लिए एसएचओ को किया प्रशिक्षित

### जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम ने की कार्यशाला आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता




गुरुग्राम,। हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम ने आरोपी व्यक्तियों को कानूनी सहायता के लिए जिले के सभी एसएचओ को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशों को संकलित करने के लिए की गई।

जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र ने कहा कि गुरुग्राम भारत में कॉर्पोरेट हब है।

यहां काफी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति रहते हैं। बहु-संस्कृति वाले सभी राज्यों के व्यक्तियों के साथ रहने पर कानून के प्रावधानों से निपटने के दौरान अतिरिक्त देखभाल और सावधानी की आवश्यकता होती है।

किसी भी अपराध में व्यक्ति की गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी के समय और रिमांड के समय आरोपी को संबंधित इलाका/ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाता है।

इसलिए सभी एसएचओ को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों को अक्षरों में संकलित करना होगा। आरोपियों को अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिए पुलिस स्टेशनों में उचित कानूनी सहायता लेनी होगी, ताकि सार्वजनिक अधिकारियों के खिलाफ आरोपियों द्वारा पुलिस स्टेशनों में किसी भी संभावित शिकायत से बचा जा सके।

पैनल काउंसिल डीएलएसए डॉ. सुजान सिंह ने बताया कि डीएलएसए पैनल काउंसिल के कार्यालय से अरुण शोकेन ने कानून के विभिन्न प्रावधानों के बारे में थानेदारों को प्रशिक्षित किया, जिसमें गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी और रिमांड अवधि के अनुपालन पर शीर्ष न्यायालय के निर्देश भी शामिल हैं।

इस बैठक में डीएलएसए के कार्यालय से 26 पैनल काउंसिल ने भाग लिया, जो 34 पुलिस स्टेशन के साथ समन्वय करेंगे।

प्रतिभागियों ने न्याय के हित में निर्देशों के अनुपालन और कार्यान्वयन के लिए अपने विचार, सुझाव और तरीके साझा किए हैं।



## मिस यू-पुष्पा 2 के टकराव पर सिद्धार्थ की प्रतिक्रिया, बोले- चिंता मुझे नहीं उन्हें करनी चाहिए

नवंबर के महीने में भुल भैलया 3 और सिंघम अगेन के बॉक्स ऑफिस पर टकराव के बाद अब दिसंबर में भी सितारों के बीच सिनेमाघरों में जंग देखने को मिलने वाली है। हम बात कर रहे हैं अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल और सिद्धार्थ अभिनीत फिल्म मिस यू की। दोनों ही फिल्में कुछ ही समय के अंतराल पर बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। इस बीच सिद्धार्थ ने एक प्रेस मीट में इस टकराव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है। अभिनेता ने कहा कि इसकी चिंता पुष्पा 2 के निर्माताओं को करनी चाहिए। सिद्धार्थ का मानना है कि अगर उनकी फिल्म अच्छी होगी, तो दर्शक उसे जरूर पसंद करेंगे। चाहे कोई भी बड़ी फिल्म क्यों न रिलीज हो।

### सिद्धार्थ ने क्यों कहा कि उन्हें नहीं है कोई चिंता?

सिद्धार्थ ने कहा, अगर मेरी फिल्म अच्छी होगी, तो उसे दर्शकों से प्यार मिलेगा और वह सिनेमाहॉल में बनी रह सकती है। एक अच्छी फिल्म को लोग छोड़ नहीं सकते, खासकर इस सोशल मीडिया के जमाने में जहां हर फिल्म की चर्चा होती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बात की चिंता पुष्पा 2 के निर्माताओं को करनी चाहिए, क्योंकि उनकी फिल्म की सफलता का रास्ता सही फिल्म बनाने पर निर्भर करता है।

### इस दिन रिलीज होगी मिस यू

सिद्धार्थ और अशिका रंगनाथ अभिनीत मिस यू एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी है, जो 29 नवंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को एक रोलरकोस्टर रोमांटिक कहानी की झलक देता है। इस फिल्म का निर्देशन एन राजशेखर ने किया है। इसमें करणकरण, मारन, बाला सरवनन, अनुपमा और रामा जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

### पुष्पा 2- द रूल- अल्लू अर्जुन का धमाकेदार वापसी

वहीं दूसरी ओर, अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2- द रूल 5 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। यह 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा- द राइज का सीक्वल है, जिसका निर्देशन सुकुमार ने किया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन एक बार फिर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। साथ ही, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में होंगे। फिल्म को लेकर जबर्दस्त माहौल बन चुका है। विदेश में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म ने उत्तरी अमेरिका में 14 लाख डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है।



# आनंद एल राय की हॉरर कॉमेडी नई नवेली में नजर आएंगी कृति सेनन

कृति सेनन ने हाल ही में दो पत्ती से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू किया है। इस मूवी को दर्शकों और समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली। अब अभिनेत्री अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। रिपोर्ट की मानें तो कृति ने आनंद एल राय के जरिए निर्मित एक हॉरर कॉमेडी फिल्म साइन की है।

### नई नवेली में नजर आएंगी कृति सेनन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अस्थायी रूप से नई नवेली शीर्षक वाली यह फिल्म राय के बैनर कलर येलो प्रोडक्शंस के तहत बनाई जाएगी। यह फिल्म तेरे इश्क में पर काम करने के बाद कृति सेनन और आनंद एल राय के बीच एक और सहयोग का प्रतीक है।

### कब शुरू होगा प्रोडक्शन

तेरे इश्क में का एक बड़ा हिस्सा पूरा होने के बाद नई नवेली का प्रोडक्शन 2025 के मध्य में शुरू होगा।

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इस नए प्रोजेक्ट के लिए अभिनेत्री के उत्साह का खुलासा करते हुए कहा, कृति सेनन आनंद एल राय के साथ कई सहयोगों पर चर्चा कर रही हैं और वह उनके काम की बड़ी प्रशंसक रही हैं।

### हॉरर-कॉमेडी फिल्म की बढ़ती मांग

रिपोर्ट में आगे कहा गया है, हॉरर कॉमेडी इस सीजन का स्वाद है और नई नवेली को लोकप्रिय शैली में एक नया रूप लाने की उम्मीद है। हालांकि, फिल्म में कृति सेनन के किरदार के बारे में विवरण अभी भी गुप्त हैं। नई नवेली के निर्देशक का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन यह ज्ञात है कि यह अवधारणा राय के कार्यालय में विकसित की गई है।

### आनंद एल राय का वर्कफ्रंट

हॉरर-कॉमेडी फिल्म नई नवेली बनाने के अलावा, आनंद एल राय बहुचर्चित तनु वेड्स मनु फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग का निर्देशन करने की भी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में कंगना रणौत और आर माधवन मुख्य भूमिका में होंगे और यह अगले साल के अंत में रिलीज होगी। आने वाले महीनों में इन फिल्मों पर और अधिक और बड़ी जानकारी आने की उम्मीद है।



## ड्रग्स एडिक्शन का किरदार निभाना चुनौती था

एक्ट्रेस दलजीत कौर दो साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं। आखिरी बार वह टीवी शो ससुराल गेंदा फूल 2 में नजर आई थीं। अब वह जल्द ही वेब सीरीज चिट्टा वे में दिखाई देंगी, जिसमें वह एक ड्रग एडिक्ट का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा यह किरदार निभाना मेरे लिए आसान नहीं था। मैं हमेशा से एक सिंपल लाइफ जीती आई हूं, जिसमें बच्चों का स्कूल, मम्मियों के साथ घूमना और दोस्तों से मिलना शामिल है। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे लगा कि यह मेरी जिंदगी से बिल्कुल अलग है। कहानी बहुत डार्क थी। मैंने पहले कभी सिगरेट तक नहीं पी, तो ड्रग्स एडिक्शन को समझना और उसे पर्दे पर उतारना मेरे लिए एक बड़ी चुनौती थी। वर्कशॉप्स में हमें यह सिखाया गया कि ड्रग्स लेने के बाद शरीर कैसे रिएक्ट करता है। हमें इसके लिए कई वीडियो दिखाए गए और फिर अपने एक्सप्रेशन्स और बॉडी लैंग्वेज पर काम करना पड़ा। एक सीन था जहां हमें चाशनी जैसा पदार्थ बनाना था, जो ड्रग्स का सिंबल था और उसे लेने के बाद का रिएक्शन दिखाना था। मैंने पूरी कोशिश की कि मनप्रीत के किरदार को बहुत ही रियल और ईमानदारी से निभा पाऊं।



# कीर्ति सुरेश ने सोशल मीडिया पर दिए शादी के संकेत

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी शादी को लेकर बड़ा संकेत दिया है। इस पोस्ट में वह बॉयफ्रेंड एंटनी थाटिल के साथ नजर आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों की शादी 11 और 12 दिसंबर को गोवा में होगी। हालांकि, इन तारीखों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### सोशल मीडिया पर बढ़ी हलचल

कीर्ति सुरेश ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में एंटनी थाटिल के साथ एक तस्वीर साझा की, जो इस साल की दिवाली की थी। उन्होंने लिखा, 15 साल और सफर जारी है....। इस पोस्ट से यह साफ हो गया कि दोनों के बीच 15 साल पुराना और मजबूत रिश्ता है। साथ ही, उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने अपने पालतू कुत्ते का नाम नाइकी रखा है, जो उनके और एंटनी के नामों से जोड़कर बनाया गया है। कीर्ति सुरेश की इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों को बधाइयां दी हैं। तृषा कृष्णन, नजरिया नाजिम, राशी खन्ना और सुंदीप किशन जैसे सितारे ने उन्हें कमेंट बॉक्स में शुभकामनाएं दी हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो, कीर्ति सुरेश जल्द ही बेबी जॉन में नजर आने वाली हैं। यह तमिल फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म का निर्देशन कालीस ने किया है। फिल्म में वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कीर्ति सुरेश साउथ सिनेमा की एक प्रमुख अभिनेत्री हैं, जो अपनी अभिनय क्षमता और विविध भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम सिनेमा में अपनी पहचान बनाई है। कीर्ति सुरेश की प्रमुख फिल्मों में माहनती (2018) शामिल है। इसके अलावा, वह दशहरा और भोला शंकर जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।



# डेट पर जाना पसंद नहीं करते विजय देवरकोंडा

**साउथ अभिनेता विजय देवराकोंडा को उनके म्यूजिक वीडियो साहिबा में देखा जा रहा है। इस वीडियो में जसलीन रॉयल और राधिका मदान को भी देखा जा सकता है।**

अभिनेता ने कहा कि वे डेट्स पर जाना पसंद नहीं करते हैं। इस पर राधिका मदान कहती हैं कि तो क्या आपके जीवन में महिलाएं मेग्नेट से आ जाती हैं। विजय ने कहा कि वे बहुत खुशकिस्मत हैं, इसे रहने दें।

### रिलेशनशिप को लेकर ऐसा सोचते हैं विजय

उन्होंने कहा कि डेट पर जाने के लिए उन्हें रिलेशनशिप पर विचार करने से पहले काफी समय तक इसके आदी होने की जरूरत है। इस पर विजय देवरकोंडा ने कहा कि वे किसी के साथ डेटिंग में जाने समय लगाते हैं। उन्होंने कहा कि वे किसी को जानने में लंबा समय लगाते हैं, उसके बाद ही उससे दोस्ती करते हैं और फिर बाहर जाते हैं। खबरों की मानें तो रश्मिका मंदाना के साथ वे डेट कर रहे हैं।

### रश्मिका के साथ वायरल हुई तस्वीर

दोनों को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने अपने रिश्ते को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। अब दोनों को फिर से साथ में समय बिताते देखा गया। दोनों एक कैफे में साथ में समय बिताते नजर आए। रश्मिका मंदाना इस दौरान अपने कैजुएल स्टाइल में ही पहुंचीं। उन्होंने नीले रंग का क्रॉप टॉप डैनिम जींस के साथ पहना था। वहीं, विजय भी नीली जैकेट पहने नजर आए। विजय ने इसके साथ ही कैप भी पहनी।

### राधिका मदान के साथ दिखी लव बॉन्डिंग

विजय देवरकोंडा ने अपने इंस्टाग्राम पर अकाउंट पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया। इसमें वह और राधिका मदान प्रेम के रंग में रंगे हुए नजर आ रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 अगले महीने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर रश्मिका के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। वहीं, विजय देवरकोंडा कल्की एडी 2898 को लेकर बात की है।



# अर्जुन कपूर ने बताया कैसे हैं बहनों के साथ उनके रिश्ते

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म सिंघम अगेन के लिए चर्चा बटोर रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपनी दोनों बहनों के साथ अपने बॉन्ड पर बात की है। इसमें उन्होंने बताया है कि कैसे बीते कुछ वर्षों में बहनों के साथ उनका रिश्ता विकसित हुआ है। इस दौरान उन्होंने खुशी और जान्हवी को बहुत अच्छे तरीके से पाले गए बच्चे बताया है। अभिनेता ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आए दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों की वजह वो अपनी बहनों के करीब आए और अब एक-दूसरे की ताकत बन चुके हैं। गैलाटा इंडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, यह खास रहा है, लेकिन जिस तरह से यह हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं अपने सबसे बुरे दुश्मन के लिए भी यह नहीं चाहूंगा। मेरी जिंदगी का हर अच्छा पल जान्हवी और खुशी के बिना अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि खुशी बिना पूछे ही उनकी फिल्म देखने चली गई, जिससे उन्हें महसूस हुआ कि वो उनकी काफी परवाह करती हैं।

### जान्हवी को बताया अपने ज्यादा करीब



अर्जुन कपूर ने बताया कि वो जान्हवी कपूर के ज्यादा करीब हैं, क्योंकि दोनों की उम्र में बहुत कम अंतर है। हालांकि, उन्होंने कहा कि जान्हवी और खुशी दोनों ही उनका हौसला बढ़ाती हैं और इस पेशे को समझती हैं, क्योंकि वो इसका हिस्सा हैं। अभिनेता ने कहा,वो दोनों मेरे पीछे बहुत मजबूती से खड़ी हैं और मुझे पता है उन्हें ऐसा लगता है कि मैं उनका ख्याल रखने वाला भाई हूं। हालांकि, ऐसे पल भी आते हैं जब आप कमज़ोर भी होते हैं। जान्हवी ने मेरा वह कमजोर पक्ष देखा है।

# कॉमेडी फिल्म में काम करेंगी कोंकणा सेन



भारतीय अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा फिल्म मिसचीफ में नजर आने वाली हैं। कोंकणा सेन को इस कॉमेडी फिल्म में कार्लोस बार्डेम के विपरीत मुख्य किरदार दिया गया है। फिल्म की कहानी और काम के एक्सपीरियंस को लेकर कोंकणा सेन ने कुछ बातें भी साझा की हैं। साथ ही फिल्म की निर्माता अनु वैद्यनाथन ने भी कोंकणा के लिए कुछ बातें कही हैं।

### कोंकणा सेन ने दी फिल्म को लेकर राय

फिल्म को लेकर कोंकणा सेन ने कहा, मैं इस कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है। फिल्म में महिला की कहानी और इसके लेखन से मैं बहुत खुश हूं। बता दें मिसचीफ में एक मां की कहानी को दिखाया गया है, जो एक फिल्म निर्देशक बनकर स्ट्रगल कर रही हैं। उनकी शादी से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। साथ ही बच्चों की जिम्मेदारियां भी वे उठा रही हैं। फिल्म की कहानी को लेखक और निर्देशक अनु वैद्यनाथन ने लिखा है। फिल्म की कहानी को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि कोंकणा हमारी फिल्म की नायिका रूमी के बेहद करीब हैं,जो बच्चों को संभालने और फिल्म का निर्देशन करने की कोशिश कर रही हैं। कैमरे के सामने एक अभिनेत्री की तरह और कैमरे के पीछे एक डायरेक्टर की तरह मैं दो अभिनेताओं को फिल्म में लेकर बहुत खुश हूं। अनु ने कहा, मैं फिल्म में कोंकणा और कार्लोस को लेकर बहुत ही अच्छा महसूस कर रही हूं।

## व्यापार

**सेंसेक्स**
79802.79 पर बंद
**निफ्टी**
24131.10 पर बंद

**सोना**
76,020
**चांदी**
96,000

### संक्षिप्त समाचार

## कामधेनु लिमिटेड मध्य प्रदेश में करेगी अपनी उपस्थिति को और मज़बूत

**भोपाल ।** भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है की कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम ब्रांडेड टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्टकी मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्टकी उत्पादन क्षमता को और बढाकर 04 लाख मैट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मज़बूत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्टकी बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के साथ की

**मुंबई , एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) और भारत की लीडिंग प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में शामिल भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने आज एक रणनीतिक बैंकाश्योरेंस साझेदारी करने की घोषणा की है। भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस, भारती लाइफ वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (भारती ग्रुप ) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस साझेदारी का उद्देश्य एयू एसएफबी के ग्राहकों को व्यापक रूप से लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) और वित्तीय सुरक्षा के विकल्प प्रदान करना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल और भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, पराग राजा ने आज मुंबई में एक कार्यक्रम में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह गठबंधन दोनों संस्थाओं की व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है जिसके अंतर्गत विकसित भारत और सभी के लिए इंश्योरेंस उनके लक्ष्य हैं। इस गठबंधन का उद्देश्य लोगों के बीच इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना, उनकी जरूरतों के अनुसार इंश्योरेंस प्रोडक्ट तैयार करना, इसके लिए प्रमुख बाजारों की पहचान कर वहां तक पहुंचना और बैंकाश्योरेंस और डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन सहित, डिस्ट्रीब्यूशन के साथ रणनीतिक साझेदारी का पता लगाना है। इस साझेदारी के बाद एयू एसएफबी के ग्राहकों को तत्काल प्रभाव से, भारती एक्सा के लाइफ इंश्योरेंस और वित्तीय सुरक्षा समाधानों के व्यापक सेट तक पहुंच हासिल होगी, जिसमें लाइफ इंश्योरेंस, टर्म इंश्योरेंस, यूलिप योजनाएं, बचत योजनाएं, चाइल्ड एजुकेशन प्लान (बाल शिक्षा योजनाएं) और रिटायरमेंट प्लान शामिल हैं।

# रतन टाटा के बाद नोएल बन सकते हैं टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन, मिल सकता है बड़ा जिम्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रतन टाटा के निधन के बाद टाटा ट्रस्ट की कमान किसे मिलेगी? यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को मीटिंग होने जा रही है। इस मीटिंग में रतन टाटा के उत्तराधिकारी पर फैसला होगा। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार रतन टाटा के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट की कमान मिल सकती है। नोएल टाटा मौजूदा समय में सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। इन दोनों ट्रस्ट की टाटा संस में कुल होल्डिंग 66 प्रतिशत है। टाटा संस ही टाटा ग्रुप की पैरेंट कंपनी है। बता दें कि इस पूरे मसले पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है। इसके अलावा, टाटा के दो मुख्य चैरिटीज के बोर्ड ट्रस्टी मेहली मिस्त्री को भी अहम पोजिशन मिल सकती है।

### नोएल टाटा पर्दे के पीछे रहकर करते थे काम

जहां एक तरफ रतन टाटा ग्रुप का चेहरा थे। तो वहीं नोएल टाटा पर्दे के पीछे रहकर काम करना पसंद करते हैं। वो मीडिया से भी बहुत दूर रहते हैं। उनका फोकस ग्रुप के ग्लोबल वेंचर्स और रिटेल सेक्टर विशेष तौर पर रहता था। नोएल टाटा पिछले 40 साल से टाटा ग्रुप का हिस्सा हैं। मौजूदा समय में वो टाटा ग्रुप की कई कंपनियों के बोर्ड के सदस्य हैं। वह टाटा



इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के चैयरमैन हैं। साथ ही टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड में बतौर वाइस चेयरमैन अपनी सर्विसेज दे रहे हैं। नोएल टाटा अगस्त 2010 से नवंबर 2021 तक ट्रेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर रह चुके हैं। उनकी लीडरशिप में ट्रेंट का टर्नओवर 500 मिलियन डॉलर से बढ़कर 3 बिलियन डॉलर पहुंच गया। बता दें कि नोएल टाटा ने ससेक्स यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया है। माना जा रहा है कि टाटा ट्रस्ट की कमान ऐसे व्यक्ति को मिल सकती है, जिसके नाम के साथ टाटा जुड़ा हुआ है। ऐसे में नोएल टाटा ही विकल्प के तौर पर उभर कर आते हैं। मौजूदा समय में दो अन्य व्यक्ति भी टाटा ट्रस्ट के अहम सदस्य हैं। टीवीएस के वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह।

### साइरस मिस्त्री के चचेरे भाई भी प्रमुख दावेदार

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के लिए टाटा संस के पूर्व चेयरमैन दिवंगत साइरस मिस्त्री के चचेरे भाई मेहली मिस्त्री भी मजबूत विकल्प के तौर पर देखे जा रहे हैं। मेहली मिस्त्री 2000 से टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के साथ काम कर रहे थे। वो काफी सक्रिय भी थे। 2016 में साइरस मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन के पद से हटाया गया था, तब शुरू हुए विवाद में उन्हें रतन टाटा का समर्थक माना जाता था। बता दें कि अक्टूबर 2022 में टाटा के 2 सबसे ट्रस्ट मे शामिल किया गया था। रतन टाटा, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन और टाटा संस के मानद चेयरमैन पर रहने वाले आखिरी व्यक्ति थे। टाटा संस 2022 में ऑर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन में बदलाव कर दिया था। जिसकी वजह से अब कोई व्यक्ति दोनों पदों पर एक साथ नहीं रह सकता है।

## रतन टाटा की ख्वाहिश, मैं चाहूंगा...मुझे कुछ इस तरह याद रखे दुनिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन इंडस्ट्री के लीजेंड और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। हर कोई उनकी विजनरी लीडरशिप का कायल है। रतन टाटा की जिंदगी और उनकी कहीं बातें बहुत सारे लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। रतन टाटा की ख्वाहिशों में से एक यह थी, मेरी चाहत है कि मुझे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाए, जिसने कभी दूसरों को आहत नहीं किया और हमेशा बिजनेस के सर्वोत्तम हित में काम किया है। रतन टाटा ने यह बात साल 2014 में कोलकाता में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के लेडीज स्टडी ग्रुप की तरफ से आयोजित एक इंटरैक्शन में कही थी। रतन टाटा ने फरवरी 2018 में सीएनबीसी पर सुहेल सेठ के साथ एक इंटरव्यू में कहा था, मैं चाहूंगा कि मुझे एक ऐसे शख्स के रूप में याद किया जाए, जो बदलाव लाया। ना इससे कुछ ज्यादा, ना कुछ कम। रतन टाटा ने मई 2021 में एक दूसरे इंटरव्यू में कहा, ... बतौर एक ऐसे शख्स के रूप में जो कुछ बदलाव लाने में सक्षम है, जो चीजों को देखने के हमारे तरीके में कुछ बदलाव के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

## पहले ही दिन बंपर फायदा, एनवायरो के आईपीओ की 47 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्टिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स का आईपीओ शुक्रवार को शेयर मार्केट में लिस्ट हो गया। इसने लिस्टिंग पर निवेशकों को मोटा मुनाफा दिया है। बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 47.30 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 218 रुपये पर हुई। वहीं हस्ष्ठ पर यह आईपीओ 48.65 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 220 रुपये पर लिस्ट हुआ।

इस आईपीओ का इश्यू साइज 650.43 रुपये है। यह आईपीओ 22 नवंबर को खुला था और 26 नवंबर को बंद हो गया था। इस आईपीओ को निवेशकों ने काफी पसंद किया था। यह आईपीओ 90 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसे सबसे ज्यादा क्यूआईबी ने बिड किया। यह हिस्सा 157.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके बाद एनआईआई ने बिड दिया। यह हिस्सा 153.80 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं रिटेल इन्वेस्टर्स का हिस्सा भी 24.48 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

**कितना हुआ फायदा**-लिस्टिंग पर इस आईपीओ ने निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा दिया है। इसका इश्यू प्राइस 148 रुपये था। ऐसे में इसने निवेशकों को पहले ही प्रति शेयर 70 रुपये का फायदा दे दिया। मार्केट की हाल की गिरावट को देखते हुए इस आईपीओ का रिटर्न बहुत बेहतर है।

**कैसा था ग्रे मार्केट में भाव**-इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लिस्टिंग से एक दिन पहले यानी गुरुवार को इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) 57 रुपये था। यानी इसके 38.51 प्रतिशत प्रीमियम पर लिस्ट होने की उम्मीद थी। जबकि लिस्टिंग इससे ज्यादा प्रीमियम पर हुई।

यह कंपनी वाटर और सिटी वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स के डिजाइन, कंस्ट्रक्शन, ऑपरेशन आदि से जुड़ा काम करती है। आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल कंपनी अपनी कुछ जरूरतों को पूरा करने में करेगी। कंपनी इस रकम का कुछ हिस्सा मथुरा सीवरेज योजना प्रोजेक्ट में लगाएगी। यह कंपनी इस प्रोजेक्ट के तहत 60 एमएलडी एसटीपी के निर्माण के लिए कंपनी की सहायक कंपनी को रकम देगी। वहीं कंपनी हाइब्रिड एन्युटी आधारित पीपीपी मॉडल के माध्यम से 15 वर्षों के लिए संचालन और रखरखाव सहित और कुछ कर्ज चुकाने में भी रकम का इस्तेमाल करेगी।0

# डिस्काउंट के साथ डिलीवरी भी खास, इस बार सेल के लिए कंपनी का तगड़ा प्लान

त्योहारी सीजन में ग्राहकों को लुभाने के लिए ई-कॉमर्स कंपनियां तरह-तरह के सेल और ऑफर लॉन्च कर रही हैं। इसी कड़ी में हर साल की तरह इस बार भी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल की शुरुआत की है। कंपनी ने इस फेस्टिवल सेल में अपने ग्राहकों की परेशानियों को दूर करने के लिए खास तैयारी की है। अमेजन इंडिया कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स डायरेक्टर रंजीत बाबू ने लाइव हिन्दुस्तान से बातचीत के दौरान अपनी तैयारियों के बारे में जानकारी दी है। आइए डिटेल में जान लेते हैंज

27 सितंबर से शुरू हो रही अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल में भारी डिस्काउंट पर स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, फ्रिज समेत इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम खरीद सकेंगे। इस सेल में सामान्य दिनों के मुकाबले काफी सस्ती कीमत पर प्रोडक्ट मिलेंगे। ना सिर्फ ब्रांड बल्कि सेलर भी ग्राहकों को डिस्काउंट पर प्रोडक्ट दे रहे हैं। सेल में ग्राहकों को शानदार एक्सचेंज ऑफर की भी सुविधा मिलती है। मतलब ये



कि पुराने प्रोडक्ट को बेचकर डिस्काउंट के साथ नए आइटम खरीद सकेंगे।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल में ग्राहकों को प्रोडक्ट खरीदने के लिए पैसे की तत्काल जरूरत नहीं पड़ेगी। दरअसल, नो-कॉस्ट ईएमआई और अमेजन पे लेटर की सुविधा के जरिए सामान की खरीदारी कर सकेंगे। बता दें कि अमेजन पे लेटर सर्विस में ग्राहक को क्रेडिट प्रोफाइल के हिसाब से पैसे खर्च करने को मिलता है। इस पैसे का भुगतान कुछ दिनों के बाद किया जाता है। इस सर्विस के लिए ग्राहकों को कुछ जरूरी जानकारी दर्ज करनी होगी।

अगर आप अमेजन प्राइम यूजर हैं तो आपको 24 घंटे पहले अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल के जरिए खरीदारी करने का मौका मिलेगा। प्राइम यूजर्स को कुछ एक्स्ट्रा डिस्काउंट ऑफर भी मिल जाएंगे। बुकिंग डे से 48 घंटे में प्राइम कस्टमर को प्रोडक्ट डिलीवर किया जाएगा।

बता दें कि इस बार अमेजन का फोकस डिलीवरी सेग्मेंट में है। कंपनी सेल में बुक किए गए प्रोडक्ट को जल्द से जल्द डिलीवर करने पर जोर लगा रही है। कंपनी देश के उन ग्रामीण या कस्बे वाले इलाके में भी डिलीवरी करने वाली है जहां अब तक दिक्कतें होती रही हैं। कंपनी मशीन लर्निंग का इस्तेमाल कर गांव और छोटे कस्बों की जरूरत को समझने की कोशिश में जुटी है। ग्राहक टाइम और डेट के हिसाब से डिलीवरी की सुविधा ले सकेंगे। ग्राहकों को अब डिलीवरी पर्सन का नाम, फोटो आदि की जानकारी भी मिलेगी।

# राधा वेम्बू बनीं भारत की सबसे अमीर सेल्फ मेड वुमेन, नेटवर्थ 47000 करोड़ से ज्यादा, सादगी भरा जीवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हुरून इंडिया रिच लिस्ट कल यानी 30 अगस्त को जारी कर दिया गया है। इस बार की लिस्ट कई बदलाव हुए हैं। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार राधा वेम्बू भारत की सबसे अमीर सेल्फ मेड वुमेन हैं। जिनकी नेट वर्थ 47,500 करोड़ रुपये है। इनके नेट वर्थ में लगातार इजाफा हुआ है। आइए जानते हैं कि कौन हैं राधा वेम्बू?



### आईआईटी से पढ़ी हैं राधा वेम्बू

राधा वेम्बू मल्टीनेशनल टेक्नोलॉजी फर्म जोहो कारपोरेशन की को-फाउंडर और सीईओ हैं। उनकी जिन्दगी किसी प्रेरणादायक कहानी से कम नहीं है। राधा वेम्बू का जन्म चेन्नई में 1972 में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई नेशनल हायर सेकेंड्री स्कूल से किया है। इसके बाद उन्होंने आईआईटी मद्रास से इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट की डिग्री ली। वो अमूमन लाइम लाइट से काफी दूर रहती हैं।

## जीएसटी: 16 प्रतिशत की एकसमान टैक्स दर हो लागू, ज्यादा दरों से संग्रह में आ रही है कमी; दायरा बढ़ाने पर देना चाहिए जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी की कई दरों के बजाय एक समान दर लागू करनी चाहिए। इसके साथ ही करों की दर बढ़ाने के बजाय इसका दायरा बढ़ाया जाए। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पी.सी. झा ने कहा, इससे ज्यादा लोग टैक्स के दायरे में आएंगे और सरकारी खजाने में कर संग्रह भी ज्यादा होगा। थिंक चेंज फोरम (टीसीएफ) की ओर से आयोजित सेमिनार में पी.सी. झा ने कहा, हमारे यहां जीएसटी में कई सारी दरें हैं। यह सही नहीं है। ऐसे में तीन दरों पर विचार करना सही होगा। कर अधिकारियों को यह समझना चाहिए कि ऊंची दरें टैक्स चोरी को बढ़ावा देती हैं। भारत में अवैध व्यापार का आकार बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण ज्यादा कर है। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# ठंड की दस्तक पड़ी तो महंगे हो गए मसाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ठंड की दस्तक पड़ गई है। ठंड में आमतौर पर साग-सब्जी सस्ती हो जाती है। लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। अभी भी दिल्ली में गोभी का फूल 80 रुपये किलो तो गाजर 40 रुपये किलो, टमाटर 60 रुपये किलो, आलू 40 रुपये किलो प्याज 50 रुपये किलो बिक रहा है। कहा जाता है कि इस बार बारिश का मौसम देर तक चला। इसलिए सब्जियों की बुवाई समय पर नहीं हो पाई। इसलिए लोकल सब्जियां अभी तक बाजार में नहीं आई हैं। अब ठंड बढ़ने के साथ ही दिल्ली के थोक बाजार में मसालों के दाम चढ़ गए हैं।

खुले बाजार में गेहूं के दाम बढ़ने की वजह से इस समय अनब्रांडेड आटा, मैदा और ब्रेड आदि सब महंगे हो गए हैं। कुछ महीने पहले 700 ग्राम के ब्रेड या पावरोटी का जो लोफ 45 रुपये में मिला करता था उसकी कीमत पहले 55 रुपये हुई। अब पिछले दिनों ही चुपके से भी ब्रेड कंपनियों ने इसकी कीमत बढ़ा कर 60 रुपये कर दी।

महंगाई को हवा देने में अब मसाले भी पीछे नहीं हैं। राजधानी दिल्ली में मसालों के थोक बाजार खारी बावली में छोटी इलायची, बड़ी इलायची, काली मिर्च से लेकर अन्य मसालों की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। कारोबारियों के मुताबिक डिमांड की अपेक्षा सप्लाई कम है जिसकी वजह से मसाले के भाव बढ़ रहे हैं।



गौरतलब है कि खारी बावली में मसालों की एक बड़ी मार्केट है, जहां सभी प्रकार के मसाले थोक दाम में बिकते हैं। दिल्ली से लेकर आसपास के प्रदेशों में यहां से मसालों की सप्लाई होती है।

नॉर्दर्न स्पाइसेज ट्रेडर्स असोसिएशन के प्रेजिडेंट रविंद्र अग्रवाल बताते हैं कि ठंड की दस्तक के बाद से मसालों की डिमांड बढ़ी है। आलम यह है कि बड़ी इलायची की कीमत थोक मंडी में 1500 रुपये प्रति किलो था जो अब 1700 रुपये प्रति किलो हो गया है। इसके अलावा छोटी इलायची की कीमत 2600 रुपये प्रति किलो थी, अब इसकी कीमत 3000 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसके पीछे का कारण क्रॉप की कमी है, जिसकी वजह से दाम बढ़ रहे हैं। वहीं काली मिर्च की कीमत में प्रति किलो 20 रुपये और दालचीनी की थोक कीमत में 5 से 10 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है।

# रॉयल एनफील्ड गोअन क्लासिक 350: सत्तर के दशक की गोवा मोटो-संस्कृति से प्रेरित एक मोटरसाइकिल

**मुंबई, एजेंसी।** 70 और 80 के दशक की गोवा की अनोखी मोटो-संस्कृति से प्रेरित, रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है। गोअन क्लासिक 350 सिर्फ एक बाइक नहीं, बल्कि खुद को अपने अंदाज में जताने का जरिया है। यह भारत की खास गोअन मोटो-संस्कृति से जुड़ी है, जिसने 70-80 के दशक में गोवा की आजाद और रंगीन लाइफस्टाइल को जन्म दिया। इसका दमदार फोर-स्ट्रोक इंजन और स्टाइलिश लुक इसे हर सफर के लिए परफेक्ट बनाते हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए है जो हमेशा नई राहें खोजने और जिंदगी को अपने अंदाज में जीने की चाहत रखते हैं।

हर कर्व और कंटूर के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और 'ट्रिप्ड-अप' क्रिएशन से प्रेरित है, जो बॉबर और गोवा की जिंदादिल लाइफस्टाइल के जोश का संगम है। चॉप्ड फेंडर्स, मिड-एप हैंडलबार्स, एर्गोनॉमिक रूप फिट की गई लो-स्लंग सीटें और रियर सिलहॉटे उन दिनों की याद दिलाती हैं जब राइडर्स अपनी मशीनों को केवल ज़रूरी चीज़ों तक सीमित कर देते थे और उनमें उनका व्यक्तित्व नजर आता था। इंजन का हर रेव गोवा के सुनहरे ग्रूव की भावना के साथ गूंजता है, ठीक वैसे ही जैसे सूरज की किरणों से भीगे दिन आपको हर पल का आनंद लेने के लिए प्रेरित



करते हैं। सच्चे बॉबर-प्रेरित डीएनए के साथ, मोटरसाइकिल की विशेषता सिंगल-सीट डिज़ाइन, फ्लोटिंग राइडर सीट और ट्यूबलेस स्पोक व्हील्स पर व्हाइटवॉल टायर हैं जो बॉबर संस्कृति के जाने-माने कस्टमाइज़ेशन को दर्शाते हैं।

नई गोअन क्लासिक 350 के बारे में बात करते हुए, आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ लाल ने कहा, गोअन क्लासिक स्वतंत्रता और व्यक्तित्व की भावना के लिए एक हार्दिक सम्मान है, जिसका रॉयल एनफील्ड ने दशकों से समर्थन किया है। मेरे लिए, यह मोटरसाइकिल गोवा की मोटो-संस्कृति और रॉयल एनफील्ड के जुनून का प्रतीक है, जो ऐसी मोटरसाइकिलें बनाने के लिए है जो सिर्फ मशीन से कहीं ज़्यादा हैं और यह आत्म-खोज और अभिव्यक्ति का एक साधन हैं। यह मोटरसाइकिल न केवल गोवा की सड़कों पर घर जैसा महसूस कराती है, बल्कि हर जगह जिंदादिल और बेफिक्र राइडर्स के लिए गोवा का खुशनुमा एवं आरामदायक अहसास लाती है। नई मोटरसाइकिल के बारे में बात करते हुए, रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा, कस्टम बॉबर संस्कृति में निहित, गोअन क्लासिक डिजाइन और आधुनिक इंजीनियरिंग का एक सुंदर मिश्रण है। लो-स्लंग सिलहॉटे और सिंगल फ्लोटिंग राइडर सीट, आकृति और एर्गोनॉमिक्स, और रंगों के चमकदार संयोजन से, गोअन क्लासिक में बहुत ही बोहेमियन और जिंदादिली का एहसास देने वाला वाइब है जो आरामदायक सवारी भी है।

# नेपोटिज्म का दाग लगने से नहीं डरते रिकी पोंटिंग

## पंजाब किंग्स में 8 विदेशी में से 5 ऑस्ट्रेलियाई खरीदने पर दी यह सफाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स की टीम ऑक्शन में सबसे ज्यादा पैसे के साथ उतरी थी।

उन्होंने केवल दो ही खिलाड़ियों को रिटेन किया था। हर टीम अधिकतम 8 विदेशी खिलाड़ी चुन सकते थे। इन 8 में से पांच विदेशी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया से थे। इसका कारण पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग को माना जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को भी इसका अंदाजा है। उन्होंने इसका कारण भी बताया।

### रिकी पोंटिंग ने दी सफाई

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की संख्या को लेकर उन्होंने कहा, 'हमारे पास (कुछ ऑस्ट्रेलियाई) हैं और मैं जानता हूं कि इसे लेकर शायद मेरी आलोचना होगी। मुझे लगता है कि हमारे आठ विदेशी खिलाड़ियों में से पांच ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ही हैं। लेकिन जब आप उन स्लॉट को देखते हैं जिनकी हमें ज़रूरत थी, तो हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, वे उन भूमिकाओं के लिए पूरी तरह से फिट हैं।' रिकी पोंटिंग ने कहा, 'मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल का किंग्स में वापस आना बहुत बड़ी बात है क्योंकि वे दोनों पहले भी यहां खेल चुके हैं। जेवियर बार्टलेट, आरोन हार्डी और जोश इंग्लिस सहित कुछ नए खिलाड़ी पहली बार आईपीएल में आ रहे हैं।

### स्काउट्स को दिया श्रेय

हेड कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, ÷हमने अपने ग्रुप में कुछ बेहतरीन युवा भारतीय प्रतिभाओं को शामिल किया है, जो बहुत ही रोमांचक है। इसलिए, हमारे स्काउट्स ने बहुत बढ़िया काम किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है कि नीलामी ठीक उसी तरह हो जैसा हम चाहते थे।'

### पंजाब किंग्स की टीम के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

मार्कस स्टोइनिस (ऑस्ट्रेलिया) 11 करोड़ रुपए
ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया) 4.20 करोड़ रुपए
जोस इंग्लिस (ऑस्ट्रेलिया) 2.20 करोड़ रुपए
जेवियर बरनेट (ऑस्ट्रेलिया) 80 लाख रुपए
एरॉन हार्डी (ऑस्ट्रेलिया)– 1.25 करोड़ रुपए

## टी-20 क्रिकेट में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ

### मणिपुर के खिलाफ दिल्ली के सभी 11 खिलाड़ियों ने की गेंदबाजी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शुक्रवार (29 नवंबर) को दिल्ली और मणिपुर के बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच में अजब गजब मामला देखने को मिला। इस मैच में दिल्ली की टीम के सभी 11 खिलाड़ियों ने गेंदबाजी की। टी 20 क्रिकेट में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। इससे पहले कभी किसी टी20 मैच में 9 से ज्यादा गेंदबाजों का इस्तेमाल नहीं हुआ था।

दिल्ली के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए मणिपुर ने 8 विकेट पर 120 रन बनाए। एक समय मणिपुर का स्कोर 41 रन पर 6 विकेट था, तभी कप्तान रेक्स सिंह (23) और विकेटकीपर अहमद शाह (32) ने सातवें विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। दिल्ली के गेंदबाजों में मयंक रावत सबसे महंगे रहे। उन्होंने अपने 3 ओवरों में 31 रन दिए। इसमें शाह ने तीन छक्के लगाए।

आर्यन अराना रहे दिल्ली के सबसे महंगे गेंदबाज

विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन अराना ने अपने एक ओवर में 14 रन दिए। आर्यन राणा और हिम्मत सिंह ने क्रमशः 10 और 11 रन दिए। दिल्ली के लिए हर्ष त्यागी (2/11), दिग्वेश राठी (2/11), आयुष सिंह (1/11), आयुष बदोनी (1/8) और प्रियांश आर्य (1/2) ने विकेट चटकाए। दिल्ली की टीम टूर्नामेंट में अजेय है। उसने अपने पिछले मुकाबलों में जम्मू-कश्मीर को 35 रन से और हरियाणा को छह विकेट से हराया है।

डोडा गणेश ने दिल्ली की आलोचना की

भारत के पूर्व गेंदबाज डोडा गणेश ने 11 गेंदबाज इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली की आलोचना की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, यह पेशेवर क्रिकेट का मजाक है। दिल्ली को ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं थी। यह सिर्फ प्लेट टीमों की गुणवत्ता को दर्शाता है। दिल्ली ने 121 रन के लक्ष्य को 9 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। दिल्ली ने 18.3 ओवर में 6 विकेट पर 124 रन बनाए। यश ढुल ने नाबाद 59 रन बनाए। एक समय दिल्ली का स्कोर 4 विकेट पर 52 रन था।

### आईपीएल नीलामी में नहीं बिके शार्दुल ठाकुर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने शुक्रवार (29 नवंबर) को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इतिहास में सबसे खराब गेंदबाजी की। शार्दुल ठाकुर ने केरल के खिलाफ 69 रन देकर 1 विकेट लिए, जो संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर है। शार्दुल से पहले अरुणाचल प्रदेश के रमेश राहुल टूर्नामेंट के सबसे महंगे गेंदबाज थे। उन्होंने कुछ दिन पहले हरियाणा के खिलाफ 69 रन लुटाए थे। पिछला रिकॉर्ड हैदराबाद के पगडाला नायडू (1/67) के नाम था। उन्होंने 2010 में मुंबई के खिलाफ यह कारनामा किया था। चोट से वापसी कर रहे शार्दुल हाल ही में संपन्न आईपीएल मेगा ऑक्शन में भी अनसोल्ड रहे। पिछले तीन सीजन में शार्दुल के प्रदर्शन में गिरावट आई है। 2024 सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 9 मैचों में शार्दुल ने 61.80 की औसत से सिर्फ पांच विकेट लिए। हालांकि, इकॉनमी उनकी सबसे बड़ी ताकत नहीं रही है

# वर्ल्ड-2 इगा ने 1 महीने का डोपिंग सस्पेंशन स्वीकार किया

## नींद की समस्या के लिए ले रही थीं दवा, 5 बार ग्रैंड स्लैम जीते



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पोलैंड की 5 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित पदार्थ ट्राइमेटाजिडीन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद एक महीने का डोपिंग सस्पेंशन को स्वीकार कर लिया है। इंटरनेशनल टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी ने गुरुवार रात को यह जानकारी दी। इगा विमेंस टेनिस रैंकिंग में दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं।

23 साल की इगा का अगस्त में एक टूर्नामेंट के दौरान ड्रग टेस्ट हुआ था, जिसमें वे पॉजिटिव आई थीं। पोलिश स्टार से स्पष्टीकरण मांगा था। ऐसे में स्वियातेक ने माना कि यह अनजाने में हुआ था। इगा यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थीं। उनकी गलती का स्तर लापरवाही की सीमा के सबसे निचले स्तर पर था।

जनिक सिनर भी डोपिंग टेस्ट में फेल रहे टेनिस में यह हाल में दूसरा डोपिंग मामला है। इससे पहले रैंकिंग में टॉप पर काबिज जनिक सिनर मार्च में स्टेरॉयड के लिए हुई जांच में विफल रहे थे। 23 साल की इगा को 12 अगस्त को सिनसिनाटी ओपन से पहले एक आउट-ऑफ-कॉम्पिटिशन सैंपल में ड्रग की थोड़ी मात्रा के लिए पॉजिटिव पाया गया था। इगा ने पांच ग्रैंड स्लैम खिताब जीते इगा स्वियातेक ने इसी साल मई में चौथा फ्रेंच ओपन और ओवरऑल पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। पोलैंड की इगा ने साल 2020, 2022 और 2023 में भी फ्रेंच ओपन जीता था।

साल 2022 में इगा ओपन भी जीती थीं। इस साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा ने इटली की जैसमीन पाओलिनी को हराया था।

## इंडिया-ऑस्ट्रेलियाः

### पिछली 10 में से 8 पारी में दहाई तक नहीं पहुंचने वाले लाबुशेन को बाहर करने की मांग, बचाव में उतरे 'मिस्टर क्रिकेट'

नईदिल्ली, एजेंसी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद से आउट ऑफ फॉर्म मार्नस लाबुशेन आलोचकों के निशाने पर हैं। लाबुशेन ने पिछली 10 में से 8 पारियों में दहाई का आंकड़ा पार नहीं किया है। इनमें से एक पारी में वह नॉट आउट रहे हैं। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने 2 और 3 रन बनाए। 2024 में 6 पारियों में उन्होंने 24.50 के औसत से 245 रन बनाए। ऐसे में एक्सपर्ट उन्हें ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से बाहर करने की मांग कर रहे हैं।



माइकल हसी ने सेन स्पोर्ट्सडे से कहा, मैंने कुछ साल पहले की उनकी कुछ बेहतरीन पारियों के कुछ हाइलाइट्स देखे। सिर्फ यह देखने के लिए कि क्या हम पिछले हफ्ते या उससे भी ज्यादा समय में जो कुछ देख रहे हैं उससे कुछ अलग देख रहा है। तकनीकी दृष्टिकोण से भारत के खिलाफ पिछले टेस्ट मैच और जब वह बेहतरीन खेल रहे थे तो बहुत ज्यादा अंतर नहीं है।

# ऑस्ट्रेलिया ने कोहली को शतक बनाने का मौका दियाः बॉर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलेन बॉर्डर ने पर्थ टेस्ट में विराट कोहली को आउट करने में ऑस्ट्रेलिया की असमर्थता पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने कहा- ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कोहली को शतक बनाने का मौका दिया। इससे मेजबान को 5 मैचों की सीरीज गंवानी पड़ सकती है। 69 साल के बॉर्डर ने शुक्रवार को स्थ्रह रेडियो से कहा- हमने जिस तरह से कोहली को बिना प्रतिरोध के शतक बनाने दिया, उससे मैं निराश हूं। हम नहीं चाहते कि यह लड़का (कोहली) पूरी सीरीज में आत्मविश्वास के साथ खेले।

कोहली पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक लगाकर फॉर्म में लौट आए हैं। वे पिछले साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके थे। भारत ने उस मुकाबले को 295 रन से जीता। फिलहाल, टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। पैट कमिंस की कप्तानी पर सवाल उठाया बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर सवाल भी उठाया। उन्होंने कहा- उन्होंने (पैट कमिंस) कोहली को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में संघर्ष करने के बाद लय हासिल करने का मौका दिया। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 7वां शतक जमाया है।

हेडन भी भड़के, कहा- शॉर्ट गेंद डालने में देरी की पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने भी कमिंस की आलोचना की। हेडन ने चैनल 7 से कहा, कोहली को उसकी पारी की शुरुआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए, जबकि वे इससे पहले दबाव में थे। हेडन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने शॉर्ट गेंद डालने में भी देर की। जायसवाल भी शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था। शायद पैट कमिंस को ऐसी गेंदों का प्रयोग पहले करना चाहिए था। पहली पारी में खराब प्रदर्शन से भारतीय टीम दबाव में थी, लेकिन अब टीम खुलकर खेल रही है।



# डिविलियर्स ने बताई आरसीबी की बहुत बड़ी कमी, बीच आईपीएल में बदलनी पड़ेगी टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर और आरसीबी के महान खिलाड़ियों में से एक रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल 2025 ऑक्शन में बेंगलुरु की टीम को बेहतरीन बताया है लेकिन उन्होंने इस दौरान इस टीम की एक बड़ी कमी भी बता दी. डिविलियर्स ने ये भी बताया कि आरसीबी का अगला कप्तान कौन बन सकता है. साथ ही उन्होंने आर अश्विन और कागिसो रबाडा के आरसीबी में शामिल नहीं होने पर थोड़ी निराशा जताई. लेकिन डिविलियर्स ने सबसे बड़ी बात आरसीबी की टीम के स्पिनर्स को लेकर कही. डिविलियर्स ने बताया कि टीम में कोई ऐसा स्पिनर नहीं है जो गेंद को दोनों ओर टर्न करा सकता हो.

### आरसीबी की सबसे बड़ी कमी

एबी डिविलियर्स ने कहा, 'हम आर अश्विन को लेने से चूक गए. सीएसके ने उन्हें खरीदलिया, मैं उन्हें पीली जर्सी में देखकर खुश हूं. लेकिन मैं खुश हूं. आरसीबी की टीम में बैलेंस है लेकिन हम एक मैच विनर स्पिनर को मिस कर रहे हैं.



उम्मीद है कि हम चिन्नास्वामी के मुताबिक अपनी टीम का बैलेंस रखने में कामयाब रहेंगे.' डिविलियर्स ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक ऐसे स्पिनर को मिस करेंगे जो गेंद को दोनों ओर टर्न करता हो. हम यहां थोड़े से पीछे लग रहे हैं. उम्मीद है कि आईपीएल और बीसीसीआई ट्रांसफर विंडो खोले ताकि हम ट्रांसफर कर सकें. आप एक अतिरिक्त स्पिनर ले पाएंगे. मुमकिन है कि वो कलाई का स्पिनर हो. या तो आप अनसोल्ड लिस्ट में जाएं. इसके बारे में सोचना ही होगा.'

### आरसीबी के स्पिनर्स

आरसीबी ने आईपीएल 2025 ऑक्शन में सिर्फ 3 स्पिनर खरीदे हैं. इसमें लेफ्ट आर्म स्पिनर स्वप्निल सिंह और क्रुणाल पंड्या हैं.

## पिंक बॉल टेस्ट से पहले टीम इंडिया को बूस्टर डोज...

# प्रैक्टिस पर लौटा ये धुरंधर, कंगारुओं की लगाएगा क्लास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 295 रनों से रिकॉर्डतोड़ जीत हासिल की थी. ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर भारतीय टीम की ये सबसे बड़ी टेस्ट जीत रही. इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से लीड ले ली. अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में खेला जाएगा.

### पिंक बॉल से प्रैक्टिस कर रही टीम इंडिया

चूंकि एडिलेस्ट टेस्ट मैच पिंक बॉल से खेला जाना है, जिसके चलते भारतीय टीम गुलाबी गेंद से जमकर प्रैक्टिस कर रही है. इसी कड़ी में भारतीय टीम मनुका ओवल में 30 जनवरी से प्रधान मंत्री एकादश के खिलाफ गुलाबी गेंद से दो दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगी. उधर दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए एक बेहतरीन खबर सामने आई है. स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने प्रैक्टिस शुरु कर दी है, जो पर्थ टेस्ट से बाहर रहे थे. शुभमन को पर्थ टेस्ट से पहले भारत-ए के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी. शुभमन ने 29 नवंबर (शुक्रवार) को मनुका ओवल में बारिश के बीच अभ्यास किया. उन्होंने सबसे पहले थ्रोडाउन का सामना किया. इसके लगभग आधे घंटे बाद उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और यश दयाल का नेट्स पर सामना किया. अब पूरी उम्मीद शुभमन गिल दूसरे टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे. गिल यदि दूसरे टेस्ट में खेलते हैं, तो केएल राहुल को लोअर मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करनी होगी.



# तिलक वर्मा ने फिर खेली तूफानी पारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तिलक वर्मा की तूफानी फॉर्म लगातार जारी है. इस बार बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बिहार के खिलाफ दमदार पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई. पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने 20 ओवर में महज 118 रन बनाए, जवाब में हैदराबाद ने ये लक्ष्य 75 गेंदों में हासिल कर लिया. तिलक ने महज 31 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए, वहीं रोहित रायडू ने 33 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली. तिलक वर्मा ने इस मुकाबले में 4 छक्के लगाए और उनके बल्ले से एक चौका निकला.

## संक्षिप्त समाचार

### कपिल सिब्बल करेंगे अब्बास अंसारी की जमानत पर बहस, 11 दिसंबर को होगी सुनवाई

**प्रयागराज, एजेंसी।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी की जमानत पर नामी वकील कपिल सिब्बल बहस करेंगे. अब्बास ने गैंगस्टर एक्ट में दर्ज मुकदमे में जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की है. अब्बास अंसारी के वकील की ओर से मामले की सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली तिथि 11 दिसंबर नियत की है. ज़मानत अर्जी पर न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ सुनवाई कर रही है. अब्बास अंसारी पर चित्रकूट के कर्वी थाने में दर्ज मुकदमे के आधार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है. अब्बास के अधिवक्ता उपेन्द्र उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामले में बहस करना चाहते है. उनके बहस करने की अनुमति देने की मांग की गई. इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. कोर्ट ने याची के अधिवक्ताओं को याद दिलाया कि शीर्ष अदालत के आदेश पर जमानत अर्जी पर सुनवाई तेज कर दी गई है. साथ यह भी कहा कि जमानत आवेदन आदेश के 18 दिनों के बाद दायर किया गया है. गुरुवार को आवेदक के वकील की सुनवाई स्थगित करने की प्रार्थना को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए अगली तिथि नियत कर दी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी के वकील की ओर से मामले की सुनवाई स्थगित करने के अनुरोध को स्वीकार कर अगली तिथि 11 दिसंबर नियत की है. न्यायमूर्ति समित गोपाल की अदालत मामले की सुनवाई कर रही है.

### जम्मू-कश्मीर: धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में 10वीं कक्षा का छात्र गिरफ्तार

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक विशेष समुदाय के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में पुलिस ने 10वीं कक्षा के एक लड़के को गिरफ्तार किया है. इस मामले में आरोपी के खिलाफ डोडा थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि डोडा पुलिस ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली नफरती टिप्पणियां फैलाने के आरोप में एक नाबालिग लड़के के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस ने बताया कि डोडा थाने में एक किशोर के खिलाफ सोशल मीडिया पर नफरती टिप्पणी फैलाने की शिकायत मिली थी, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने और इलाके में कानून-व्यवस्था की गंभीर समस्या पैदा होने की आशंका थी. शिकायत मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ डोडा थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं और 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया. पुलिस प्रवक्ता ने कहा, डोडा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और पुलिस टीमों को अलग-अलग स्थानों पर भेजा गया तथा उपद्रवी को पकड़ने के लिए आधी रात को छापेमारी की गई. इसके अलावा आम लोगों की सुरक्षा के लिए पूरे सुरक्षा तंत्र को अलर्ट मोड पर रखा गया.

### सड़क निर्माण घोटाले में सीएम योगी का बड़ा ऐक्शन, एक एसई, दो एक्सईएन समेत 16 अभियंता सस्पेंड

**लखनऊ, एजेंसी।** सड़क निर्माण घोटाले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी कार्रवाई की है। घटिया सामग्री का प्रयोग तथा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर शासन ने गुरुवार की देर शाम एक अधीक्षण अभियंता, दो अधिशासी अभियंता, चार सहायक अभियंता और सात अवर अभियंता को निलंबित कर दिया है। कुछ अन्य जिलों में भी इस तरह की खामियां मिलने की सूचना है जल्द ही कुछ और अभियंताओं पर निलंबन की गाज गिर सकती है। बतादें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में बनाई गई सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई गई। जांच में हरदोई जिले की चार सड़कों में कई अनियमितताएं पाई गई, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने विभागीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि प्रदेश में जो सड़कें बनाई जा रही हैं उसे शासन स्तर से टीमें भेजकर जांच कराई जाए। मुख्यमंत्री के इस आदेश के बाद पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान, विभागाध्यक्ष योगेश पवार के नेतृत्व में जांच टीम करीब दस दिनों पहले हरदोई गई थी। जांच की गई।

# गुरुग्राम में 3 लाख से अधिक अवैध निर्माण वालों पर होगा ऐक्शन; तीन गुना लगेगा प्रॉपर्टी टैक्स

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम शहर में अवैध रूप से भवनों का निर्माण करने वाले व रिहायशी क्षेत्र में भवन का व्यावसायिक प्रयोग करने वालों पर अब निगम की तरफ से भवन में तोड़फोड़ के साथ उसे आर्थिक रूप से भी जुर्माना लगाया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम ने हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 को लागू कर दिया है। इसके तहत अवैध निर्माण करने वाले भवन मालिक को भवन तोड़ने के नोटिस के साथ ही संपत्ति आईडी के साथ नोटिस को अटैच कर दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वाले भवन मालिकों को संपत्तिकर का तीन गुना यानी एक हजार से सीधा तीन हजा रुपये संपत्तिकर निगम में देना होगा।



बता दें कि नगर निगम गुरुग्राम के दायरे में तीन लाख से अधिक भवन निगम से बिना नक्शा पास करवाए ही बने हुए हैं। फिलहाल भी शहर में 1500 से अधिक अवैध भवन निर्माणों का कार्य चल रहा है। भवन मालिक किराए की लालच में बिना नक्शा पास करवाए ही पांच से छह मंजिला तक भवनों का निर्माण शुरू कर लेते हैं। इस कारण हादसे होने का डर तो रहता ही है साथ में नगर निगम के राजस्व का भी काफी नुकसान होता है। इसको देखते हुए हरियाणा सरकार व शहरी स्थानीय निकाय के तत्कालीन मंत्री अनिल विज ने इस हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 में और संशोधन कर हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 को लागू कर दिया है। इसमें अधिनियम की धारा 87, 87डी और 87ई बनाया गया है। जिसमें अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ संपत्तिकर को तीन गुना वसूलने का प्रावधान किया गया है। निगम की तरफ से अभी तक अवैध निर्माण करने वालों को पहले कारण बताओ नोटिस दिया जाता है। इसके बाद उसे सीलिंग और तोड़ने के आदेश जारी होते हैं। पांच मंजिला अवैध ईमारत को तोड़ने के लिए निगम के पास कोई संसाधन नहीं है। इस कारण निगम द्वारा हल्की तोड़फोड़ करके उसे सील कर दिया जाता है, लेकिन बाद में फिर से सील तोड़कर भवन मालिक अवैध इमारत बना लेता है। इसकी अगर कोई शिकायत कर देता है तो निगम द्वारा भवन मालिक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया जाता है। इसके बाद निगम की तरफ अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2021 के अधिनियम की धारा 87, 87डी और 87ई में अगर नगर निगम के दायरे में कोई भवन मालिक निगम की बिना अनुमति या निगम से बिना नक्शा पास करवाए भवन का निर्माण करता है, बने हुए मकान के ऊपर नया निर्माण किया जा रहा है या फिर रिहायशी क्षेत्र में संपत्ति का व्यावसायिक प्रयोग में लाया जा रहा है, ऐसी स्थिति में निगम की तरफ से इस अधिनियम के तहत भवन मालिक के संपत्तिकर तीन गुना वसूल किया जाएगा। अगर संपत्ति मालिक निगम को सालाना एक हजार रुपये का भुगतान करता है तो अवैध निर्माण करने पर निगम की तरफ से उससे हर साल तीन हजार रुपये का संपत्तिकर वसूल किया जाएगा। यह संपत्तिकर तब तक वसूल किया जाएगा जब तक भवन मालिक भवन को तोड़ नहीं देगा या फिर जो भी नियमों का उल्लंघन किया है उसे सहीं नहीं करता है। भवन मालिक को भी इसी तरह से तीन गुना संपत्तिकर वसूल किया जाएगा।

## हाई कोर्ट का बड़ा आदेश: 1978 से सेना के कब्जे में थी जमीन, अब देना होगा 46 साल का किराया

**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने एक फैसला सुनाया जिसमें याचिकाकर्ता को बड़ी राहत देते हुए भारतीय सेना को 46 साल का किराया चुकाने का आदेश दिया। आपको बता दें कि याचिकाकर्ता की जमीन 1978 से सेना के कब्जे में थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संपत्ति का अधिकार न केवल संवैधानिक और वैधानिक अधिकार है बल्कि यह मानव अधिकारों के दायरे में भी आता है। आपको बता दें कि कुपवाड़ा जिले के तंगधार क्षेत्र के निवासी अब्दुल मजीद लोन ने सेना द्वारा उनकी भूमि का किराया अदा न किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट की बेंच में जस्टिस वसीम सादिक नरगल शामिल थे। इस बेंच ने 11 नवंबर को यह आदेश जारी किया। यह भूमि 12 कनाल और 14 मरला में फैली हुई है और सेना कथित रूप से इस पर 1978 से कब्जा किए हुए है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, मानव अधिकारों को व्यक्ति के अधिकारों जैसे कि आवास, आजीविका, स्वास्थ्य और रोजगार के दायरे में माना गया है। समय के साथ इन अधिकारों का बहुआयामी विस्तार हुआ है। आदेश में यह भी कहा गया कि सेना ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए याचिकाकर्ता की भूमि पर कब्जा किया और किराया भी नहीं दिया है। यह याचिकाकर्ता के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार और सेना द्वारा यह दावा किया गया था कि उन्होंने भूमि पर कब्जा नहीं किया है। कोर्ट ने इस दावे को कानून की कसौटी पर खरा न मानते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने कुपवाड़ा के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वह दो सप्ताह के भीतर संबंधित तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की एक टीम गठित करें। यह टीम भूमि पर कब्जे के लिए किराए का आकलन करेगी। आकलन रिपोर्ट के आधार पर, सेना को एक महीने के भीतर याचिकाकर्ता को किराया चुकाने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया कि सरकार और उसकी एजेंसियां किसी भी नागरिक की संपत्ति पर कानूनन प्रक्रिया के बिना कब्जा नहीं कर सकती हैं।

## अमृतधारी सिख को दिल्ली मेट्रो में रोके जाने पर सियासी हंगामा, कृपाण के साथ ऐंट्री की कोशिश

**अमृतसर, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के झिलमिल मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के जवान पर कथित तौर पर एक अमृतधारी सिख को सफर करने से रोकने के आरोप लगे हैं। बताया जाता है कि अमृतधारी सिख कृपाण के साथ मेट्रो में सवारी करना चाहता था। अब इस पूरे प्रकरण को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने इस प्रकरण पर कहा है कि यह देश के संविधान का उल्लंघन है। वहीं युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत झिंजर ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमारी आस्था का पालन करने के हमारे लोकतांत्रिक अधिकार का उल्लंघन है। कृपाण (श्री साहिब) हमारे लिए बहुत पवित्र है। यह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की ओर से हमें दिए गए 5 ककारों में से एक है। यह केवल हमारी आस्था का प्रतीक नहीं है, वरन यह न्याय और निर्दोषों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की भी याद दिलाता है।

युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत झिंजर ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। ऐसी घटनायें सिख समुदाय के लोगों के बीच अलगाव की भावना पैदा कर सकती हैं। ऐसी घटनायें दोबारा ना हों, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारा संविधान हमारे विश्वास का पालन करने और आचरण करने के हमारे अधिकार की रक्षा करता है। इस तरह की हरकतें उन धार्मिक स्वतंत्रताओं की पूरी तरह से उपेक्षा करती हैं। वहीं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि देश में सिखों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले बार-बार सामने आ रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकारें ऐसा करने वालों के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही हैं। संविधान के तहत हर नागरिक को अपनी धार्मिक मान्यताओं की रक्षा करने की आजादी है।

## आईटीआई की छात्राओं को पीरियड के दौरान मिलेगी 2 दिन की छुट्टी, केरल सरकार ने लिया फैसला

**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स (आईटीआई) में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार ने हर महीने उन्हें पीरियड के दौरान 2 दिन की छुट्टी देने का फैसला लिया है। स्टेट जनरल एजुकेशन मिनिस्टर वी शिवनकुट्टी की ओर से यह फैसला लिया गया। स्किल-ट्रेनिंग कार्यक्रमों के दौरान शारीरिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया, जहां छात्राएं लगातार बेहतर प्रदर्शन करती रही हैं। शिक्षा मंत्री की ओर से इसे लेकर गुरुवार को बयान जारी किया गया, जिसमें इस फैसले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। मजबूत शारीरिक जरूरत वाले कौशल-प्रशिक्षण में भी अच्छा कर रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने आईटीआई में पढ़ने वाली छात्राओं को हर महीने 2 दिन की मासिक धर्म छुट्टी देने का फैसला लिया है। अधिकारियों ने बताया कि केरल में 100 से अधिक आईटीआई सेंटर हैं। इनमें पढ़ने वाली छात्राओं को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। केरल सरकार के फैसले से कितनी लड़कियों को सुविधा मिलेगी, इसका पूरा आंकड़ा इकट्ठा किया जा रहा है। मालूम हो कि पिछले साल केरल उच्च शिक्षा विभाग की ओर से छात्रों को बड़ी राहत दी गई थी। हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के तहत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए मासिक धर्म छुट्टी की घोषणा हुई। इस बीच, केरल सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए हर एक शनिवार को छुट्टी करने का फैसला लिया है।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास मिलेगा घर बसाने का मौका, बनेंगे 40 हजार फ्लैट

**नोएडा , एजेंसी।**
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 40 हजार फ्लैट बनेंगे। प्राधिकरण ने इसके लिए तीन सेक्टर में 20 भूखंडों की ग्रुप हाउसिंग योजना लॉन्च की है। योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई, जो 18 दिसंबर तक चलेगी।



यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अप्रैल अंत में विमानों की उड़ानें प्रस्तावित हैं। इसको लेकर प्रक्रिया तेजी से चल रही है। दावा है कि उड़ानें शुरू होने के बाद यमुना सिटी में तेजी से आबादी बढ़ेगी। यहां पर देश-विदेश की अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपनी यूनिट शुरू करेंगी, जिससे हजारों की संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने बताया कि नौकरी करने आने वाले लोगों को रहने में दिक्कत न हो, इसके लिए ग्रुप हाउसिंग योजना शुरू की गई है। इनके 20 भूखंड सेक्टर-17, 18 और 22डी में हैं। इनमें भी सेक्टर-17 में छह भूखंड, सेक्टर-18 में पांच और सेक्टर-22डी में नौ भूखंड रहेंगे। छोटे से लेकर बड़े भूखंडों को योजना में शामिल किया गया है। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यीडा ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर योजना का ब्रॉशर भी अपलोड कर दिया है। 20 जनवरी को योजना के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया होगी, जो भी बिल्डर सबसे ऊंची बोली लगाएगा, उसे ही आवंटन कर दिया जाएगा।

प्लॉट की योजना जारी = एयरपोर्ट के पास सेक्टर-24 में आवासीय भूखंड योजना जारी है। 30 नवंबर तक आवेदन प्रक्रिया चलनी है। इस योजना के तहत अभी तक 62 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। दिसंबर में योजना के तहत ड्रॉ होगा।

यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग की आवंटन नीति में बदलाव किया है। अब ग्रुप हाउसिंग समेत अन्य सभी योजनाओं में ई-नीलामी के जरिए प्रत्येक भूखंड के लिए कम से कम तीन आवेदन प्राप्त होने जरूरी होंगे। वहीं, जब तक पहला भूखंड नहीं बिकता है, तब तक प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। किसी भूखंड पर तीन से कम आवेदन होंगे तो उस भूखंड का किसी भी बिल्डर को आवंटन नहीं होगा। योजना के तहत 10 हजार से लेकर 90 हजार वर्ग मीटर तक के भूखंडों पर फ्लैट बनेंगे।

## नहीं थम रहीं शेख हसीना की मुश्किलें; आईसीसी में मुकदमा चलाना चाहता है बांग्लादेश, यूनुस ने दिए संकेत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके सामने और मुसीबत बढ़ सकती हैं। दरअसल, ढाका ने अपदस्थ हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाने की मांग की है, जबकि वह मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपों में घरेलू न्यायाधिकरण में



मुकदमे का सामना कर रही हैं। यह जानकारी देश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को दी। उनकी प्रेस शाखा के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के खिलाफ मुकदमे के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के अभियोजक करीम ए खान से चर्चा की, जिन्होंने जमुना स्थित उनके आधिकारिक आवास पर उनसे मुलाकात की। बंग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद हसीना पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। तीन दिन बाद ही नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के तौर पर कार्यभार संभाला था। सत्ता छोड़ने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दर्जनों केस दर्ज किए हैं, जिनमें मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप भी शामिल है। हसीना के अलावा उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं, जिनमें से कुछ जेल में बंद हैं और कुछ देश छोड़कर भाग गए हैं। मोहम्मद यूनुस और करीम खान के बीच बुधवार को बैठक हुई। इस दौरान अंतरिम सरकार ने इस बात की जानकारी दी कि बांग्लादेश हसीना और उनके सहयोगियों के खिलाफ आरोपों को आगे बढ़ाने का इरादा रखता है। हसीना पर इल्जाम है कि उनके साशन काल में बड़े पैमाने पर विद्रोह और नरसंहार हुए। दोनों ने रोहिंग्या संकट और उनके लिए मानवीय सहायता के साथ-साथ म्यांमार के मिलिटरी प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए औपचारिक वारंट का अनुरोध पर भी चर्चा की।

## बलूचिस्तान असेंबली में पीटीआई को बैन करने का प्रस्ताव पास

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की राजधानी में इमरान खान के समर्थकों के उग्र प्रदर्शन से घबराई सरकार ने सेना उतार दी थी। इन विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की जान चली गई। इसी बीच बलूचिस्तान विधानसभा में गुरुवार को इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को बैन करने का प्रस्ताव पास किया गया है। पाकिस्तानी मीडिया को सत्ताधारी पीएमएल-एन नेता राणा सनाउल्लाह ने बताया कि इस प्रस्ताव के दौरान विपक्षियों ने वॉकाउट कर दिया। उन्होंने कहा कि अब भी पार्टी के लिए बातचीत का रास्ता खुला हुआ है।

बता दें कि इमरान खान के समर्थक इस्लामाबाद में बड़ा विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान 6 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। इसके बाद सेना को भी इस प्रदर्शन को कुचलने की छूट दे दी गई। फायरिंग में भी कई लोगों की मौत की सूचना है। बताया जाता है कि इस प्रदर्शन की बागडोर इमरान खान की पत्नी बूशरा बीबी के हाथ में थी। इमरान खान खुद इस समय जेल में हैं। बलूचिस्तान के मंत्री मीर सलीम अहमद खोसा ने पाटीआई को बैन करने का प्रस्ताव सदन में रखा था। उन्होंने कहा था कि पीटीआई के ही लोगों ने 9 मई 2023 को हिंसा फैला दी थी। उन्होंने कहा कि पीटीआई जिस तरह की सोच रखती है उससे हमारे देश का मीडिया, अर्थव्यवस्था और न्यायपालिका सब प्रभालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के संसधाधनों का भी इस्तेमाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफके सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा कि यह प्रांत के स्तर का फैसला है। इसको लेकर कैबिनेट में भी बातचीत हुई थी लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। खैबर पख्तूनख्वा में राज्यपाल शासन लगाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह कठिन काम है। हालांकि सहमति बनाने के बाद यह भी एक विकल्प है। सनाउल्लाह ने कहा कि अगर पीटीआई से बातचीत की जाती है और बार-बार हमारा अपमान होता है तो एक दिन आता है जब कह दिया जाता है कि अब बातचीत संभव ही नहीं है।

# सीरिया में नहीं थम रहा संघर्ष, अलेप्पो में 200 से अधिक की मौत; विद्रोहियों ने प्रमुख राजमार्ग को काटा

**दमिश्क, एजेंसी।**
सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि एक दिन पहले, जिहादी समूह हयात तहरीर अल-शाम और उसके सहयोगी गुटों ने उत्तरी अलेप्पो प्रांत के सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर अचानक हमला कर दिया। इससे भीषण लड़ाई शुरू हो गई।

अलेप्पो के बाहरी इलाके पर कब्जे को लेकर सीरियाई सरकार और विद्रोहियों के बीच संघर्ष तेज हो गया है। रूसी लड़ाकू विमान सीरियाई सेना के साथ मिलकर विद्रोहियों के कब्जे वाले अलेप्पो के पूर्वी इलाके में लगातार हवाई हमले कर रहे हैं। इस बीच, जिहादी लड़ाकों ने गुरुवार को दमिश्क से अलेप्पो तक जाने वाले राजमार्ग को काट दिया। इस आक्रामक अभियान के दौरान करीब 200 लोग मारे गए हैं। एक निगरानीकर्ता का कहना है कि जिन लोगों की जान गई है उनमें रूसी वायु सेना के हमलों में मारे गए नागरिक भी शामिल हैं।

सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि एक दिन पहले, जिहादी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) और उसके सहयोगी गुटों ने उत्तरी अलेप्पो प्रांत के सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर अचानक हमला कर दिया। इससे तनाव के बीच सबसे भीषण लड़ाई शुरू हो गई। निगरानीकर्ता ने कहा कि चल रही लड़ाई में मरने वालों की संख्या बढ़कर 182 हो गई है, जिसमें एचटीएस के 102 लड़ाके, सहयोगी गुटों के 19 और 61 शासन बलों और संबद्ध समूहों के लड़ाके शामिल हैं। निगरानी संस्था के प्रमुख रामी अब्देल रहमान ने कहा, अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को रूसी हवाई हमलों में 19 नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले सीरियाई सेना की गोलाबारी में एक



अन्य नागरिक की मौत हो गई थी। रूस सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद का करीबी सहयोगी है और उसने 2015 में पहली बार सीरिया के गृहयुद्ध में हस्तक्षेप किया था, जिससे संघर्ष का रुख राष्ट्रपति के पक्ष में हो गया, जिनकी सेनाएं कभी देश के केवल पांचवें हिस्से पर नियंत्रण रखती थीं। ब्रिटेन स्थित निगरानी संस्था ने कहा कि एचटीएस और उसके सहयोगी गुटों, जिनमें पड़ोसी तुर्की द्वारा समर्थित समूह भी शामिल हैं, ने दमिश्क-अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय एम5 राजमार्ग को काट दिया। इसके अलावा एम4 और एम5 राजमार्गों के बीच जंक्शन को भी नियंत्रित कर लिया है। सीरिया के अंदर सूत्रों का नेटवर्क रखने वाली निगरानी संस्था ने कहा, वर्षों पहले शासन बलों द्वारा फिर से खोले जाने के बाद राजमार्ग को अब सेवा से बाहर कर दिया गया है। एम5 और एम4 राजमार्गों का जंक्शन राजधानी और शासन के तटीय गढ़ लताकिया को क्रमशः दूसरे शहर अलेप्पो से जोड़ता है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि हिंसा के कारण 14,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जिनमें से लगभग आधे बच्चे हैं। सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृह युद्ध की चपेट में है, हालांकि हाल के वर्षों में संघर्ष की तीव्रता में कमी आई है। सीरिया के विद्रोही गुटों ने टेलीग्राम पर दावा किया है कि उन्होंने सीरियाई सरकार के 46 सैन्य अड्डों को कब्जे में ले लिया है। वे सिर्फ 10 घंटों के भीतर अलेप्पो शहर के कई गांव पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि सीरियाई सरकार ने इन दावों पर कुछ नहीं कहा है। 2020 में तुर्किये की मदद से विद्रोहियों और असद सरकार के बीच एक समझौता कराया गया था, जिससे वहां बड़े हमलों में कमी आई थी। 2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृहयुद्ध की शुरुआत हुई थी। साल 2000 से सीरिया के सत्ता में काबिज बशर अल असद की तानाशाही सरकार के खिलाफ लोकतंत्र समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129